RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 190
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 18 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




## जन्माष्टमी की शुभकामनाएं



### अवकाश सूचना

जन्माष्टमी के अवसर पर पायनियर प्रेस और कार्यालय 18 अगस्त बृहस्पतिवार को बंद रहेगा। अत: अगला अंक 20 अगस्त शनिवार को प्रकाशित होगा।
–संपादक

### बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,260 | ▲ | 417 | |
| निफ्टी | 17,944 | ▲ | 119 | |
| सोना | 52,340 | ▼ | 53 | /10 gm |
| चांदी | 57,957 | ▼ | 256 | /kg |

### मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 35.00°C
न्यूनतम 27.00°C

## क्विक न्यूज

### विनोद कांबली बेरोजगार आर्थिक तंगी से जूझ रहे



**मुंबई।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के जिगरी दोस्त विनोद कांबली की माली हालत खराब है। वे बेरोजगार भी हैं और इन दिनों काम की तलाश कर रहे हैं। वे बीसीसीआइ की 30 हजार रुपये की पेंशन के दम पर जी रहे हैं। कांबली ने अपने स्कूल के दिनों में सचिन तेंदुलकर के साथ रिकॉर्ड 664 रनों की साझेदारी कर क्रिकेट जगत में सनसनी मचा दी थी। 34 साल पहले की इस रिकॉर्ड साझेदारी में विनोद कांबली ने 349 रन और सचिन तेंदुलकर ने नाबाद 326 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, कांबली ने अपने शुरुआती सात मैच में ही 793 रन बनाए थे। कांबली की मौजूदा स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे मैदान पर कोई भी काम करने को तैयार हैं।

विस्तृत खबर पेज-12

### पाकिस्तानी धर्मगुरु रिजवी मुझे मारना चाहता था : तसलीमा

**नई दिल्ली।** लेखिका तसलीमा नसरीन ने बुधवार को दावा किया कि एक पाकिस्तानी धार्मिक नेता अल्लामा खादिम हुसैन रिजवी उन्हें मारना चाहता था। तसलीमा ने कहा कि रिजवी ने पाकिस्तानी चरम पंथियों को उन्हें मारने के लिए प्रेरित किया। बांग्लादेश में पैदा हुईं लेखिका तसलीमा नसरीन के खिलाफ कथित इस्लाम विरोधी टिप्पणियों के लिए अतीत में कई फतवे (मौत की सजा) जारी हो चुके हैं। तसलीमा नसरीन ने ट्विटर पर धर्मगुरु का एक वीडियो शेयर किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, यह धर्मगुरु मुझे मारना चाहता था और उसने इस्लाम के नाम पर लाखों पाकिस्तानी चरमपंथियों को मुझे मारने के लिए प्रेरित किया।

## मुफ्त चुनावी वादों की परिभाषा तय करेगा सुप्रीम कोर्ट, पूछा- आप लोग राय दीजिए

# फैसला हम करेंगे : क्या मुफ्त शिक्षा, पानी व बिजली चुनावी वादे

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**चुनाव** के समय फ्री स्कीम्स की घोषणा को लेकर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस एनवी रमना की बेंच में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि हम यह तय करेंगे कि चुनावी घोषणा में फ्री स्कीम्स क्या है? शनिवार तक सभी पक्षों को रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। मामले में अगली सुनवाई सोमवार यानी 22 अगस्त को होगी।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा कि क्या हम किसी पॉलिटिकल पार्टी को किसानों को खाद देने से रोक सकते हैं? सबको शिक्षा और स्वास्थ्य देने पर अमल



करना सार्वजनिक धन का दुरुपयोग नहीं है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों को लोगों से वादा करने से नहीं रोका जा सकता। सवाल इस बात का है कि सरकारी धन का किस तरह से इस्तेमाल किया जाए।

चीफ जस्टिस ने सुनवाई के दौरान फ्री स्कीम्स का मनरेगा का सबसे बेहतरीन उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि इस स्कीम्स से लाखों लोगों को रोजगार मिल रहा है, मगर यह वोटर को शायद ही प्रभावित करता है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि मुफ्त में वाहन देने की घोषणा कल्याणकारी उपायों के रूप में देखा जा सकता है? क्या हम कह सकते हैं कि शिक्षा के लिए मुफ्त कोचिंग फ्री स्कीम्स है?

11 अगस्त को सुनवाई से पहले चुनाव आयोग ने हलफनामा दाखिल किया था। आयोग ने कोर्ट में कहा है कि फ्री का सामान या फिर अवैध रूप से फ्री का सामान की कोई तय परिभाषा या पहचान नहीं है। आयोग ने 12 पन्नों के अपने हलफनामे में कहा कि देश में समय और स्थिति के अनुसार फ्री सामानों की परिभाषा बदल जाती है।

ऐसे में विशेषज्ञ पैनल से हमें बाहर रखा जाए। हम एक संवैधानिक संस्था हैं और पैनल में हमारे रहने से फैसले को लेकर दबाव बनेगा। कोर्ट ही इस पर दिशा-निर्देश जारी कर दें।

### चुनावों में राजनीतिक दल ऐसे कर रहे मुफ्त के वादे...

- पंजाब विधानसभा चुनाव में आप ने 18 साल से अधिक उम्र की सभी महिलाओं को 1000 रुपये महीना देने का वादा किया।
- पंजाब में अकाली दल ने हर महिला को 2000 रुपये देने का वादा किया।
- यूपी में कांग्रेस ने घरेलू महिलाओं को 2000 रुपये माह देने का वादा किया।
- यूपी में कांग्रेस का 12वीं की छात्रा को स्मार्टफोन देने का वादा।
- यूपी में भाजपा ने दो करोड़ टैबलेट देने का वादा किया था।
- गुजरात में आप ने बेरोजगारों को 3000 रुपये महीना भत्ता देने का वादा किया। हर परिवार को 300 यूनिट फ्री बिजली का भी वादा।
- बिहार में भाजपा ने मुफ्त कोरोना वैक्सीन देने का वादा किया।

### कैप्टन अजय का केंद्रीय मंत्री पर हमला, बोले

# हमेशा राव ने ही स्वार्थ की राजनीति की

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**हरियाणा** के रेवाड़ी में पिछले दो दिन से भारतीय जनता पार्टी में मचे सियासी घमासान के बीच अब कांग्रेस भी इसमें कूद गई है। कांग्रेस ओबीसी सेल के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव भी केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह पर बुधवार को पूरी तरह हमलावर होते दिखे।

कैप्टन ने कहा कि राव इन्द्रजीत सिंह ने हमेशा स्वार्थ की राजनीति की है। जयचंद वाले बयान पर कैप्टन ने चुटकी लेते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री बताएं कौन जयचंद है। डॉ. अरविंद यादव तो नाम लेकर जयचंद बता चुके। अब पूर्व विधायक रणधीर सिंह कापड़ीवास और केंद्रीय मंत्री को भी जयचंद का नाम लेना चाहिए।

कैप्टन ने कहा कि राव इन्द्रजीत सिंह हमेशा अपने ही लोगों को हरवाने का काम करते आए हैं। चाहे वह कांग्रेस में या फिर भाजपा में। उन्होंने कहा कि राव सत्ता पाने के लिए लोगों को गुमराह करते हैं। दक्षिणी हरियाणा में चौधर लाने के सवाल पर कैप्टन ने कहा कि मुख्यमंत्री तभी बनता है, जब सभी का साथ और विधायकों का समर्थन हो। दक्षिणी हरियाणा की पांच सीटों को छोड़कर सभी पर भाजपा का कब्जा है। उन्होंने सवाल किया कि राव इन्द्रजीत सिंह फिर भी मुख्यमंत्री क्यों नहीं बने।

## मन करता है राजनीति छोड़ दूं, इस मंशा पर भाजपा की बड़ी कार्रवाई


# संसदीय बोर्ड से गडकरी-शिवराज की छुट्टी, नई सीईसी का भी गठन

- गडकरी ने 24 दिन पहले नागपुर में कहा था, 'मन करता है राजनीति छोड़ दूं'
- 11 सदस्यों वाले नए संसदीय बोर्ड का ऐलान
- 15 सदस्यीय नई केंद्रीय चुनाव समिति गठित की

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भाजपा** ने बुधवार को नए संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति का ऐलान किया है। 11 सदस्यों वाले संसदीय बोर्ड से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को हटा दिया गया है। नितिन गडकरी ने 24 दिन पहले यानी 24 जुलाई को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था, मन करता है राजनीति छोड़ दूं। इस बयान को अभी महीना पूरा नहीं हुआ था कि पार्टी संगठन की सबसे ताकतवर संस्था (केंद्रीय संसदीय बोर्ड) से केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की विदाई हो गई।

गडकरी ने पिछले साल भी राजनेताओं पर एक और बयान दिया था, जो राजनीतिक गलियारे में काफी चर्चा में रहा। उन्होंने राजस्थान विधानसभा में एक सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा था- आजकल हर किसी की समस्या है, हर कोई दुखी है। जो मुख्यमंत्री बनते हैं,





वो इसलिए परेशान रहते हैं कि पता नहीं कब हटा दिया जाए। विधायक इसलिए दुखी हैं, क्योंकि वो मंत्री नहीं बन पाए। मंत्री इसलिए दुखी हैं, क्योंकि उन्हें अच्छा विभाग नहीं मिला। अच्छे विभाग वाले इसलिए दुखी हैं, क्योंकि वो मुख्यमंत्री नहीं बन पाए।

संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति में एक भी सीएम को भी जगह नहीं मिली है। वहीं 11 सदस्यों वाले नए संसदीय बोर्ड में पहली बार सिख समुदाय से इकबाल सिंह लालपुरा को शामिल किया गया है। लालपुरा पूर्व आइपीएस रह चुके हैं। फिलहाल वे अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हैं। वहीं बोर्ड में इस बार छह नए लोगों को जगह दी गई है। इनमें कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा, असम के पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्र में मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया, के लक्ष्मण शामिल हैं। इनके अलावा बोर्ड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह और पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष को जगह मिली है।

इसके साथ ही भाजपा ने 15 सदस्यों की केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया है। भाजपा में पार्लियामेंट्री बोर्ड के बाद केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) को पार्टी की दूसरी सबसे ताकतवर संस्था माना जाता है। गडकरी और शिवराज को चुनाव समिति में भी जगह नहीं मिली है। इसके अलावा पूर्व केंद्रीय मंत्री जुएल ऊमराव, शाहनवाज हुसैन, पार्टी की पूर्व महिला मोर्चा की अध्यक्ष विजया रहाटकर को भी सीईसी से हटाया गया है। नए चेहरों में सबसे बड़ा नाम महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस का है।

इसके अलावा भूपेंद्र यादव, ओम प्रकाश माथुर और महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनथी श्रीनिवास नए चेहरे के तौर पर चुनाव समिति में शामिल किए गए हैं। इनके अलावा इस टीम में पीएम मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह के अलावा बीएस येदियुरप्पा, के लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया, बीएल संतोष को जगह दी गई है।

## विधायक दल की मीटिंग में फैसला

# कांग्रेस सिंबल पर नहीं लड़ेगी पंचायत चुनाव

### पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा बोले, कॉर्पोरेशन इलेक्शन में उतरेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** कांग्रेस विधायक दल की मीटिंग बुधवार को पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास पर हुई। मीटिंग में फैसला लिया गया कि पार्टी पंचायती चुनाव सिंबल पर नहीं लड़ेगी, लेकिन जिला परिषद चेयरमैन का सीधा चुनाव होता है तो उसे लड़ेगी। साथ ही आगामी कॉर्पोरेशन चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ेगी।

पूर्व सीएम हुड्डा ने कहा कि विधायकों की मीटिंग में फैसला लिया गया कि विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम अब 11 सितंबर को होगा। 28 अगस्त को दिल्ली में होने वाली रैली के कारण इसे आगे किया गया। प्रदेश में पंचायत चुनाव होने जा रहे हैं, लेकिन सरकार को पंचायती चुनावों में पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण का प्रावधान करना चाहिए। सरकार को पंचायती चुनाव पहले ही कराने चाहिए थे, चुनावों के कारण विकास ठप रहा। इसमें भ्रष्टाचार हुआ और गांवों का विकास रुका।

हुड्डा ने कहा कि 20 अगस्त को राजीव गांधी की जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायती चुनाव पार्टी सिंबल पर नहीं लड़ेगी। हालांकि अगर जिला परिषद चेयरमैन का सीधा चुनाव हुआ, तब पार्टी विचार करेगी, लेकिन आने वाले कॉर्पोरेशन के चुनाव हमारी पार्टी सिंबल पर लड़ेगी।




हुड्डा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला जो शामलात भूमि पर आया, उसके तहत सरकार एक्ट में संशोधन लेकर आए। इस कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। विलेज कॉमन लैंड यूटिलाइज नहीं हुई वो लोगों के पास है। हरियाणा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में ठीक ढंग से चुनाव नहीं लड़ा। हुड्डा ने कहा कि अब फौज की नौकरी चार साल की हो गई। शिक्षा और स्वास्थ्य दो सबसे महत्वपूर्ण विभाग है, लेकिन दोनों में ही पद खाली हैं। उन्होंने किरण चौधरी द्वारा 29 अगस्त से अपने अलग चलाए गए कार्यक्रम के जवाब में कहा कि जनता के बीच जाना चाहिए। सभी विधायकों को जनता के बीच जाना चाहिए। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, सुभाष बतरा, अमित सिहाग, शीशपाल केहरवाला उपस्थित रहे।

### भाजपा पंचायत चुनाव पर 24 को लेगी फैसला



**चंडीगढ़।** हरियाणा में पंचायती चुनाव को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और चुनाव प्रभारी कंवरपाल गुर्जर ने गुरुवार को चंडीगढ़ में जिला प्रभारियों की मीटिंग ली। मीटिंग में सभी 22 जिलों के प्रभारी शामिल हुए। बैठक के बाद धनखड़ ने कहा कि चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ें जाए या नहीं? और ये इलेक्शन भाजपा के साथ मिलकर लड़ा जाए या अकेले? इसका फैसला चुनाव प्रबंधन समिति लेगी। चुनाव प्रबंधन समिति की मीटिंग 24 अगस्त को गुरुग्राम में बुला ली गई है। धनखड़ ने कहा कि 24 से पहले सभी जिलों के प्रभारी इन दोनों ही मुद्दों पर पार्टी कार्यकर्ताओं की राय जानेंगे। वर्करों से पूछा जाएगा कि वह चुनाव पार्टी सिंबल पर लड़ने के हक में हैं या नहीं? भाजपा पंचायती चुनाव जननायक जनता पार्टी (जजपा) के साथ मिलकर लड़े या अकेले दम पर? यह भी पार्टी कार्यकर्ताओं से समझा जाएगा। पार्टी कार्यकर्ताओं की राय सर्वोपरि होगी। 24 अगस्त को गुरुग्राम में होने वाली बैठक में चुनाव प्रबंधन समिति उनकी राय के अनुसार ही फैसला लेगी।

# घटिया प्रेशर कुकर बेचा फ्लिपकार्ट पर एक लाख का जुर्माना



**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। फ्लिपकार्ट पर ये जुर्माना घटिया क्वालिटी (गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले) घरेलू प्रेशर कुकर बेचने के चलते लगाया गया है। सीसीपीए के अनुसार फ्लिपकार्ट ने अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर ऐसे प्रेशर कुकर बेचकर कुल 184263 रुपये कमाए हैं। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे ने बताया कि फ्लिपकार्ट पर अपने प्लेटफॉर्म पर घटिया प्रेशर कुकर की बिक्री करने और उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन करने के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। कंपनियों द्वारा बेचे गए 598 प्रेशर कुकर को वापस मंगाने और ग्राहकों को पैसे वापस करने का आदेश दिया है। इसके अलावा कंपनी को 45 दिनों के अंदर कंप्लाइंस रिपोर्ट जमा करने के लिए भी कहा गया है।

## नीतीश कुमार अपनों में घिरे

# विधायक बोलीं मंत्री लेशी सिंह को हटाओ, वरना मेरा इस्तीफा



**पटना।** बिहार में नई सरकार के गठन के बाद से जेडीयू के अंदर घमासान मचा हुआ है। बीजेपी से अलग होकर आरजेडी से गठबंधन के बाद जेडीयू विधायकों में भारी असंतोष देखा जा रहा है। रुपौली से जेडीयू की विधायक व पूर्व मंत्री बीमा भारती ने नीतीश कैबिनेट में जदयू कोटे से मंत्री बनीं लेशी सिंह पर भड़क गईं। बीमा भारती ने लेशी सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो (लेशी सिंह) हत्या करवाती हैं और अपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहती हैं। बीमा भारती ने कहा कि लेशी सिंह पर कई गंभीर केस दर्ज हैं। इसके बाद भी नीतीश कुमार ने उन्हें अपनी कैबिनेट में मंत्री बनाया है। बीमा भारती ने कहा कि यदि लेशी सिंह को नहीं हटाया गया तो मैं इस्तीफा दे दूंगी।

## अजीत डोभाल की सुरक्षा में चूक पर एक्शन

# तीन कमांडो बर्खास्त, डीआइजी और कमांडेंट का ट्रांसफर


**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की सुरक्षा में हुई चूक के मामले में सीआइएसएफ के तीन कमांडो को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। इसके अलावा डीआइजी और कमांडेंट रैंक के दो अफसरों का ट्रांसफर कर दिया गया है। गृह मंत्रालय के अफसरों ने इसकी जानकारी दी है।

मामला फरवरी 2022 का है, जब एक संदिग्ध शख्स कार लेकर डोभाल के दिल्ली स्थित सरकारी आवास में घुसने की कोशिश कर रहा था। हालांकि मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया था। पकड़े जाने के बाद उसने कहा कि उसकी बॉडी में चिप लगी है और रिमोट से चलाया जा रहा है। जांच में उसकी बॉडी में कोई चिप नहीं मिली।

### एनएसए के घर में घुसने की कोशिश हुई थी





आरोपी 16 फरवरी को सुबह करीब 7 बजकर 45 मिनट पर कार रेड कलर की एसयूवी लेकर पहुंचा था। उसने पूछताछ में बताया कि वह कर्नाटक का रहने वाला है और किराए की कार चला रहा था। उसकी पहचान बेंगलुरु के शांतनु रेड्डी के तौर पर हुई थी। पुलिस के मुताबिक उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं लग रही थी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम ने उससे पूछताछ की थी।

अजित डोभाल दिल्ली के सबसे सुरक्षित इलाके लुटियंस जोन के पांच जनपथ बंगले में रहते हैं। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल यहीं रहते थे। डोभाल के बंगले के पास ही कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का बंगला भी है। डोभाल को जेड+ कैटेगरी की सुरक्षा मिली है। उनकी सुरक्षा सीआइएसएफ के कमांडो करते हैं।

2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार के कहने पर डोभाल ने ही पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सर्जिकल स्ट्राइक प्लान की थी, जिसके बाद 26 फरवरी 2019 को इंडियन एयरफोर्स के फाइटर प्लेन्स ने एलओसी क्रॉस कर बालाकोट में आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दिया था। डोभाल के बारे में यह भी मशहूर है कि वे करीब सात साल तक पाकिस्तान में जासूस बनकर रहे थे। इसके अलावा ऑपरेशन ब्लू स्टार और ब्लू थंडर में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी।



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 34.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 27.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू : सुबह 8 बजे
- शहर में वैक्सीनेशन कैम्पों का आयोजन : सुबह 9 बजे
- शहर के मंदिरों में जन्माष्टमी की तैयारियां : सुबह 10 बजे

## निवेश गुरु

**अधिक** जोखिम उठाने वाले कई निवेशकों को सीधे इक्विटीज में निवेश करना अच्छा लगता है। मौजूदा समय में भारतीय स्टॉक मार्केट अपने सबसे ऊंचे स्तर पर है, लेकिन निवेशकों को इस बात का अंदाजा नहीं है कि क्या उन्हें निवेश को जारी रखना चाहिए अथवा उन्हें शेयरों में अपने मौजूदा निवेश से निकल जाना चाहिए। उन्हें डर है कि यदि इस स्तर से अगर मार्केट नीचे गिरती है, तो उन्हें शायद नुकसान हो सकता है। और साथ ही, यदि आने वाले दिनों में मार्केट इसी तरह से नई ऊंचाइयां छूती रहती है, तो वे संभावित लाभ को भी नहीं गंवाना चाहेंगे।

## यूटीलिटी न्यूज

### विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

**फरीदाबाद।** राजकीय कन्या महाविद्यालय नचौली, फरीदाबाद में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत चल रही विभिन्न गतिविधियों का समापन करते हुए काव्य पाठ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। छात्राओं ने आजादी के संघर्ष को याद करते हुए देश के शहीदों को नमन किया तथा देशभक्ति से ओतप्रोत एक से बढ़कर एक कविता का पाठ किया। इस प्रतियोगिता में अंजली पांडे बी-कॉम द्वितीय तथा स्वीटी बीए द्वितीय की छात्रा ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ. सुनिधि ने छात्राओं को सदा अपने महापुरुषों की कुर्बानी को याद रखने तथा देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश जून, शालिनी तुल्ली, डॉ. सुशील कुमार वर्मा, डॉ. कमल कुमार, डॉ. राकेश कुमार, श्रीमती ममता भारद्वाज, सतीश, दीपक सुमित, पवन भी उपस्थित रहे।

## विचक न्यूज

### योगा के बाद निकाली तिरंगा रैली

**फरीदाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत ओल्ड प्रेस कालोनी में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में यह कार्यक्रम किया गया था। जिसमें सुबह छह बजे तक योग किया और उसके बाद तिरंगा रैली लोगों को जागरूक करते हुए निकाली। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रमों का भी आयोजन किया। बच्चों द्वारा देश भक्ति के गीत और नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इस मौके पर भारी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष पहुंचे। जहां मुख्य योग प्रशिक्षक योगाचार्य सतीश बाधवा, जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति फरीदाबाद और त्रिलोक गुलयानी तहसील प्रभारी पतंजलि योग समिति फरीदाबाद, उमा नागपाल, नीलू शुक्ला, अरविंद भारद्वाज, धवन, प्रेम, शुभ एवं अन्य वरिष्ठ नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# लचर स्वास्थ्य सुविधाओं के भरोसे है जिला की 25 लाख आबादी

**ओल्ड फरीदाबाद के निर्माणाधीन अस्पताल का लंबे समय से रुका है काम**

**राजेश दास।** फरीदाबाद




बीके अस्पताल के भरोसे 25 लाख की आबादी।




सेक्टर 55 की इस इमारत में आज तक शुरू नहीं हुआ अस्पताल।

**शहर** को स्मार्ट बनाने के नाम पर सरकार की तरफ से विकास कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च करने के दावे किये जा रहे हैं, लेकिन जिले के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहीं हालत जिले में मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं की है। करीब 25 लाख की आबादी के लिए जिले में एक मात्र बीके अस्पताल ही मौजूद है। वैसे तो शहर में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ईएसआई मेडिकल कॉलेज भी है, लेकिन इसका इस्तेमाल ईएसआई कार्ड धारक ही कर सकते हैं।

बीके सिविल अस्पताल की हालत किसी से छिपी नहीं है। अस्पताल में अन्य सुविधाएं तो दूर मरीजों को दवाई तक उपलब्ध नहीं हो पाती। मरीज अथवा घायल व्यक्ति की जरा हालत गंभीर होते ही यहां से उसे दिल्ली रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में अक्सर मरीजों की जान भी चली जाती है। वर्ष 2013 में सेक्टर 55 में 50 बिस्तर के अस्पताल के भवन का निर्माण कराया गया था। जिसे आज तक शुरू नहीं किया गया। ओल्ड फरीदाबाद में बन रहे सरकारी अस्पताल के भवन का निर्माण कार्य पिछले लंबे समय से रुका हुआ है। इसके बावजूद सरकार अथवा संबंधित अधिकारी सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने की बजाए निजी अस्पतालों पर निर्भरता बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

### कंडम हो रहा अस्पताल भवन

**एनआईटी** 86 विधानसभा क्षेत्र की घनी आबादी वाले इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं का भारी अभाव है। क्षेत्र की कॉलोनियों से बीके अस्पताल काफी दूरी पर है। ऐसे में रात को अक्सर मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसे ध्यान में रखते हुए तत्कालीन कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे स्वर्गीय शिवचरण लाल शर्मा ने सेक्टर 55 में 50 बिस्तर के अस्पताल के भवन का निर्माण कराया था। स्वास्थ्य सेवाएं शुरू कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने यहां तमाम संसाधन भी जुटा लिए थे, लेकिन उद्घाटन से पहले ही कांग्रेस की सरकार चली गई। जिसके बाद सत्ता में आई भाजपा ने इस अस्पताल को शुरू नहीं कराया। लंबे समय तक बंद रहने से भवन कंडम होने के कगार पर पहुंच गया था। जिसे देखते हुए आसपास के इलाकों में रहने वाले लोग अस्पताल शुरू करने की मांग लंबे समय से उठाते आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने यहां अस्पताल शुरू करने की बजाए करीब डेढ़ साल पहले इस भवन में प्रतापगढ़ की डिस्पेंसरी को शिफ्ट कर दिया। लेकिन इस डिस्पेंसरी में सिर्फ ओपीडी की सुविधा ही मौजूद है, लेकिन गंभीर मरीजों को आज भी बीके अस्पताल जाना पड़ता है।

### अधर में लटका अस्पताल निर्माण

**शहर** की बढ़ती आबादी और बीके अस्पताल पर मरीजों के बढ़ते बोझ को देखते हुए सरकार ने ओल्ड फरीदाबाद की डिस्पेंसरी को अस्पताल में तब्दील करने का फैसला लिया था। ताकि आसपास के इलाकों में रहने वाले मरीजों को दाखिल कर इलाज की सुविधा दी जा सके। जिसके तहत सरकार ने फरवरी 2019 में इस जगह पर 30 बिस्तर के अस्पताल के निर्माण की मंजूरी दे दी थी। जिसके कुछ समय बाद तत्कालीन कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने अस्पताल की इमारत का शिलान्यास करने के बाद निर्माण कार्य शुरू करवा दिया था, लेकिन चार साल से ज्यादा समय गुजर जाने के बाद भी अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया। पिछले काफी समय से तो अस्पताल का निर्माण कार्य बिल्कुल ठप पड़ा हुआ है। पिछले दिनों प्रदेश सरकारी की निगरानी कमेटी में शामिल विधायकों के दल ने इस निर्माणाधीन अस्पताल का दौरा किया था। इसके बावजूद निर्माण कार्य फिर शुरू करने की कवायद आज तक नहीं की गई। अस्पताल के अभाव में लोगों को भारी परेशानी हो रही है।



ओल्ड फरीदाबाद का निर्माणाधीन अस्पताल।

### लोगों की परेशानी पर ध्यान नहीं



**सामाजिक** कार्यकर्ता जगजीत कौर पन्नू का कहना है कि कोरोनाकाल में सरकार द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी तरह पोल खुल गई थी। जिसका फायदा शहर के निजी अस्पतालों द्वारा जमकर उठाया गया था, लेकिन इससे सबक लेने के बावजूद सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं में इजाफा करने की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रही है। जिले में मौजूद लचर स्वास्थ्य सुविधाओं के कारण गरीब तबके के लोगों को रोज परेशानी होती है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव

**शहर** में बेशक आज एक से बढ़कर एक आधुनिक सुविधाओं से युक्त निजी अस्पताल मौजूद हैं। ग्रेटर फरीदाबाद में जल्दी ही उत्तर भारत का सबसे बड़ा निजी अस्पताल खुलने जा रहा है। यहां अन्य निजी अस्पतालों से कम मूल्य पर लोगों को इलाज की सुविधा मिलेगी। यह शहर के लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग को जिले में मौजूद सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर बीके अस्पताल और करीब चार दर्जन डिस्पेंसरियां ही मौजूद हैं। बीके अस्पताल के अलावा जिले में मरीजों और घायलों को दाखिल करने की सुविधा और कहीं नहीं है। लेकिन बीके अस्पताल में डॉक्टर और अन्य स्टाफ का भारी अभाव है। जिससे ज्यादातर गंभीर मरीजों को यहां से रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में ज्यादातर मरीज दिल्ली जाने की बजाए शहर के निजी अस्पतालों का ही रुख करते हैं। वहीं दूसरी तरफ बीके अस्पताल और डिस्पेंसरियों में हमेशा दवाइयों का अभाव बना रहता है। रैबिज के इंजेक्शन तो किस्मत से मिलते हैं, लेकिन ध्यान देने की किसी को फुर्सत नहीं है।

# सीएम ने शहीद मनोज भाटी के परिवार को सांत्वना दी

**शहीद परिवार को आर्थिक सहायता और एक सदस्य को सरकारी नौकरी मिलेगी**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





गांव शाहजहांपुर में शहीद मनोज भाटी के परिजनों को सांत्वना देते मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर। बदला स्कूल का नाम।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कहा कि शहीद हमारे समाज का गौरव हैं और हमें उनकी शहादत पर गर्व है। शहादत परिवार के लिए आपदा से कम नहीं है और दुख की इस घड़ी में सरकार परिवार के साथ है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को जिले के गांव शाहजहांपुर में शहीद मनोज भाटी के घर जाकर उनके परिजनों को शोक व्यक्त किया और ढांढस बंधाया। गौरतलब है कि भारतीय सेना में राइफलमैन मनोज भाटी 11 अगस्त की सुबह जम्मू कश्मीर के राजौरी में आतंकवादी हमले में सेना कैंप की सुरक्षा करते हुए शहीद हो गए थे।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में सरकार शहीद परिवार के साथ है और परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर गांव के राजकीय स्कूल का नाम अब शहीद मनोज भाटी के नाम रखा जाएगा। जिस पर सुबह 11 बजे की घोषणा के बाद ही शाम 5 बजे स्कूल का नाम बदलकर शहीद मनोज भाटी राजकीय प्राथमिक विद्यालय शाहजहांपुर कर दिया गया। इसके अलावा सरकार की नीति के अनुसार शहीद परिवार को आर्थिक मदद भी दी जाएगी। उन्होंने कहा शहीद परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी भी दी जाएगी। इसके लिए सदस्य का नाम शहीद के परिवार द्वारा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी परिवार को अगर अन्य किसी मदद की जरूरत पड़ेगी तो वह भी की जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल शहीद मनोज भाटी के पिता बाबूराम, उनकी धर्मपत्नी कोमल तथा मां सुनीता देवी, भाई सुनील व योगेश से मिलकर सांत्वना दी और ढांढस बंधाया। इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उनके पड़ोसी राहुल भाटी के घर जाकर भी उनके परिवारजनों का ढांढस बंधाया। राहुल भाटी की खेत से आते समय यमुना में डूबने से मौत हो गई थी।

प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, तिगांव से विधायक राजेश नागर, पृथला से विधायक नैनपाल रावत, भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड़, पूर्व मंत्री सुभाष कत्याल, मंडल आयुक्त संजय जून, एडीजीपी लॉ एंड ऑर्डर आलोक मित्तल, पुलिस आयुक्त विकास कुमार आदि ने शोक जताया।

# मेगा जॉब फेयर के अंतिम दिन 50 को नियुक्ति पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ में 9 से 18 अगस्त 2022 तक मेगा जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस मेगा जॉब फेयर के अंतिम दिन 17 अगस्त 2022 को आईपीसीए-सीएक्स इंडिया के सहयोग से महाविद्यालय सभागार में कैंपस भर्ती अभियान आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। कैंपस प्लेसमेंट के लिए कुल 06 कंपनियां- जस्ट डायल, बायजूस, पासुको, श्रीराम लाइफ इन्शुरन्स, सीएक्स इंडिया और डिजिटल वेदा आईं। अभियान में बीकॉम, बीसीए, बिवॉक, बीबीए, बीएससी एवं बीए के पास आउट छात्रों ने भाग लिया। कंपनियों की तरफ से एकांत गर्ग जस्ट डायल से, मनोज कुमार सिंह -सी एक्स इंडिया, आनंद दयाल - सी एक्स इंडिया, प्रिया तथा विवेक कुमार - राम लाइफ इन्शुरन्स, प्रिंस- पसुको एविएशन ने छात्रों एवं छात्राओं के साक्षात्कार लिए और चुने गए छात्र/छात्राओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। छात्रों का उत्साह देखने लायक था। इंटरव्यू शुरू करने से पहले कंपनियों के प्रतिनिधियों ने छात्रों को कंपनियों के बारे में जानकारी दी और यह भी बताया कि कंपनी का मुख्य उद्देश्य तथा कंपनियों में उपलब्ध सभी अवसरों के बारे में बताया, जिसका वे भविष्य में लाभ उठा सकते हैं। यह आयोजन छात्रों के लिए ज्ञान और अवसरों से भरा रहा।



बल्लभगढ़ अग्रवाल कॉलेज में मेगा जॉब फेयर में भाग लेते छात्र।

साक्षात्कार दो तरह से आयोजित किया गया, ऑनलाइन और ऑफलाइन। इस अभियान में 60 साक्षात्कार आयोजित किए गए। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत ने इस आयोजन की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं चयनित छात्र-छात्राओं को उनके सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजीव कुमार गुप्ता, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी की देख रेख में किया गया। महाविद्यालय की तरफ से डॉ. सचिन गर्ग, डॉ शिल्पा गोयल, पूजा ने भी इस कार्यक्रम की सफलता में अहम योगदान दिया।

# पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करना जरूरी

**हर उपभोक्ता करवाए अपना नल कनेक्शन पीपीपी आईडी से लिंक : दीपक कुमार**

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



समीक्षा बैठक लेते जिला सलाहकार दीपक कुमार।

**जल** जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीमों द्वारा पेयजल की गुणवत्ता व जल संरक्षण जागरूकता अभियान के साथ-साथ उपभोक्ताओं के पेयजल कनेक्शनों को परिवार पहचान पत्र से लिंक करने का कार्य किया जा रहा है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने ढांड खंड के सक्षम युवाओं के साथ समीक्षा बैठक की। दीपक कुमार ने बताया कि कैथल एक ग्रामीण क्षेत्र के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के बिश्वास पोर्टल पर एक लाख 37456 कनेक्शन स्वीकृत है, जिनमें से 51 हजार 647 कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से ऑटोमेटिक लिंक किए जा चुके हैं। 85809 पेयजल कनेक्शन परिवार पहचान पत्र से लिंक करना शेष था। 17 जून 2022 से विभाग द्वारा घर-घर जाकर पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करने का काम किया गया। जिसके तहत अब तक 45351 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी किया जा चुका है। पेयजल कनेक्शन को पीपीपी से लिंक करने में कुरुक्षेत्र पूरे हरियाणा में पहले स्थान पर है।

वहीं कैथल दूसरे स्थान पर है। कैथल में 13311, गुहला में 3948, पुंडरी में 8044, कलायत में 3907, सीवन में 4442 तो वहीं राजौंद में 2441 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किया जा चुका है। अभी भी जिला कैथल में 40449 पेयजल कनेक्शनों को पीपीपी से लिंक किया जाना शेष है।

# मादक पदार्थों के दुरुपयोग पर किया जागरूक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एचएसएनसीबी** एवं एडीजीपी हरियाणा, श्रीकांत जाधव, आईपीएस के दिशा-निर्देश अनुसार, हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो व प्रयास ईंडिया के तत्वाधान में उत्कृष्टता केंद्र सेक्टर-28 के सरकारी स्कूल फरीदाबाद में एक मादक पदार्थों की तस्करी व दुरुपयोग को कम करने पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे से उत्पन्न होने वाली शारीरिक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक दुष्प्रभावों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराना था। कार्यक्रम के दौरान HSNCB की फरीदाबाद जिला इकाई प्रमुख, इंस्पेक्टर सतपाल सिंह, सब-इंस्पेक्टर कीमती लाल वह अन्य सदस्यों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति व मादक पदार्थों के प्रभावों से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। टीम के सदस्यों द्वारा राज्य में हाल ही में आरंभ की गई एक विशेष कार्य योजना के महत्वपूर्ण बिंदुओं को विस्तार से समझाया गया। इसी कड़ी में कीमती लाल, सब इंस्पेक्टर ने अपने उद्बोधन के दौरान बताया कि हम सब का यह कर्तव्य है कि हम एक स्वस्थ व नशा मुक्त समाज की स्थापना करने में प्रशासन का सहयोग दें।




नशा और मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग के विरुद्ध शपथ लेते छात्र।

उन्होंने विभाग के सोपान तंत्र व कार्यशैली को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इस विशेष अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने नशा न करने वह अपने इर्द-गिर्द किसी भी संदिग्ध गतिविधि के बारे में टोल फ्री नंबर पर अवगत कराने के लिए एक शपथ ली। मुख्य अतिथि ने बताया कि यह टोल फ्री नंबर (90508 91508) 24 घंटे कार्य करता है तथा नशा मुक्ति, मादक पदार्थों की तस्करी व दुरुपयोग से संबंधित कोई भी शिकायत व कार्रवाई के लिए इस नंबर पर संपर्क किया जा सकता है, जिसमें शिकायतकर्ता की पहचान को गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो तथा प्रयास हरियाणा के सहयोग से इस तरीके के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जिले के विभिन्न संस्थानों में समय बद्ध तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने इस संस्था के स्लोगन को भी अपने उद्बोधन में शामिल किया जो इस प्रकार था-तू निश्चय तो कर, कदम तो उठा, निकल आएगा कोई रास्ता कार्यक्रम के दौरान शिक्षक प्रशिक्षक, सुषमा रोहिल्ला ने ने सरकार द्वारा चलाए गए इस विशेष कार्यक्रम की महता को श्रोताओं के साथ साझा किया।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**


**बड़ी हो सोच तो इंसान को वो क्या नहीं देती**
**अगर हो सोच छोटी तो बड़ा रस्ता नहीं देती**
**कसी मुट्ठी सदा सम्मान की हक़दार होती है**
**तनी उँगली बड़े इंसान को शोभा नहीं देती**

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भी मनाई जाएगी दो दिन

**बाजारों में हुई खरीदारी भीड़ रही कम**

**कविता।** फरीदाबाद





बाजार में खरीदारी करतीं महिलाएं। जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिर में झांकी बनाते हुए।

**शहर** के सभी मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां पहले ही शुरू हो गई थी। वहीं कुछ मंदिर ऐसे भी है जिनमें कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर कुछ विशेष तैयारियां की गई है। कुछ मंदिरों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बाजार भी सज गए हैं, लेकिन बाजारों में दो दिन जन्मोत्सव को देखते हुए लोगों की भीड़ नजर नहीं आई। ग्राहकों की कम संख्या के कारण दुकानदारों में उत्साह नजर नहीं आ रहा।

**18 को अवकाश :** एनएच-पांच स्थित श्री राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक मुनिराज ने कहा कि इस बार हर त्योहार दो दिन का पड़ रहा है, जोकि गलत है। सरकार को चाहिए कि त्योहारों पर अवकाश से पहले विद्वानों से बात करें। ताकि सनातन धर्म के सभी त्योहार लोग खुशी से एक ही दिन मना सकें। 18 के अवकाश के बजाय 19 का होना चाहिए था। क्योंकि हिन्दु धर्म में 19 को इस त्योहार को मनाया जाएगा।

**गोल्डन झूला और टैम्पल :** मुनिराज ने बताया कि श्री राधा सर्वेश्वर मंदिर में इस बार पूरे शहर से अलग नजारा देखने को मिलेगा। इसमें भगवान श्री कृष्ण का गोल्डन झूला और गोल्डन टैम्पल के दर्शन कराये जाएंगे। कार्यक्रम शाम छह बजे से शुरू हो जाएगा। रात नौ बजे से 12 बजे तक भजन कीर्तन होगा। 12 बजे भगवान का जलाभिषेक किया जाएगा। इसके बाद महाआरती और प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर की सजावट और झांकियां बनाने के लिए कलाकार वृंदावन से बुलाये गए हैं।

**इंडिया गेट और अमरनाथ गुफा :** एनएच पांच स्थित बांके बिहारी मंदिर के प्रधान ललित गोसाई ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर मंदिर में 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के तहत तिरंगे रंग में इंडिया गेट के भीतर से श्रद्धालुओं को एंट्री दी जाएगी। इंडिया गेट से अंदर जाकर श्रद्धालु अमरनाथ की गुफा से निकलेंगे। जिसमें बर्फ और पानी भरा होगा। इसके बाद उन्हें लड्डू गोपाल के दर्शन होंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और मूलचंद शर्मा के अलावा विधायक सीमा त्रिखा करेंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला है।

**अमरनाथ का शिवलिंग :** तिकोना पार्क स्थित वैष्णो देवी मंदिर में अमरनाथ का शिवलिंग आकर्षण का केन्द्र होगा। वहीं मंदिर में 25 फीट का झूला देखने को मिलेगा। मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि 15 झांकी होंगी। वहीं दिल्ली के कलाकार आएंगे और मंत्री केपी गुर्जर कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे।

**12 फीट की पूछ पर हनुमान :** श्री सिद्धपीठ हनुमान मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने बताया कि मंदिर में 12 फुट की पूंछ पर बैठे हनुमान की झांकी आकर्षण का केन्द्र होगी। वैष्णो देवी की गुफा का दर्शन कराया जाएगा। श्रीकृष्ण के जन्म को जेल में बंद वासुदेव और देवकी को दर्शाया जाएगा। इस दौरान बजरंग बली को माथ टेकने वालों के लिए 22 हजार टॉफी और 22 हजार सीटी दी जाएगी।

# तिगांव के शनिदेव मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा शुरू



तिगांव शनिदेव मंदिर में आयोजित शोभा यात्रा में भाग लेते ट्रस्टी जयकिशन वर्मा व अन्य।

**फरीदाबाद।** तिगांव शनिदेव मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा शुरू हो गई है। बुधवार को महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। यात्रा मंदिर से शुरू होकर पूरे बाजार में होकर वापस यहीं पर सम्पन्न हुई।

इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान ढोल पर महिलाओं ने नृत्य किया। ग्रामीणों में कथा को लेकर जबरदस्त उत्साह है। कथा श्री शनिदेव मंदिर सेवा संस्था की ओर से कराई जा रही है। इसके ट्रस्टी जयकिशन वर्मा ने बताया कि मंदिर प्रांगण में रोज कथा होगी।

23 अगस्त को समापन पर भंडारा भी होगा। ग्रामीण कथा का आनंद जरूर लें। उन्होंने बताया कि भागवत कथा सुनने से हर कष्ट दूर हो जाते हैं। कथा में ग्रामीण श्रद्धा के साथ सहयोग कर रहे हैं। कथा के आयोजन को लेकर क्षेत्र का माहौल भक्ति मय हो गया है।

# प्रसव के दौरान फर्श पर गिरी नवजात, नर्सरी में भर्ती

## मां ने लगाया प्रसव के दौरान कर्मचारी न होने का आरोप

कविता। फरीदाबाद

शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल में एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक नवजात बच्ची जन्म के तुरंत बाद ही फर्श पर गिर गई। जिसके कारण उसके शरीर पर नीले निशान पड़ गए। बच्ची के फर्श पर गिरने के बाद रोने पर महिला की बहन अंदर पहुंची और उसने शोर मचाना शुरू किया। जिस पर नर्स ने तुरंत ग्लब्स पहनकर बच्ची को आनन फानन में बीके अस्पताल में मौजूद बच्चों की नर्सरी में भर्ती करवाया। जहां फिलहाल उसकी हालत के बारे में परिजनों को किसी तरह की कोई सूचना नहीं दी गई है। वहीं जब इस विषय में अस्पताल की पीएमओ से बात करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।


बीके अस्पताल में भर्ती जच्चा याशमीन।



बीके अस्पताल में मौजूद प्रसूति वार्ड।

### ये है पूरा मामला

मुल्ला होटल के निकट आदर्श कॉलोनी निवासी नसीर की पत्नी याशमीन ने बताया कि वह पिछले दिनों गर्भवती थी। उसके घर में उसकी दो बेटियां हैं, पहले एक बेटा हुआ और उसकी मौत हो गई। एक बार फिर वह गर्भवती हुई, तो आशा वर्कर के जरिये वह गर्भावस्था की सारी जांच करवा रही थी। गत 16 अगस्त की शाम को उसे प्रसव पीड़ा होने लगी। जिस पर आशा वर्कर ने उसे बीके में भर्ती करवा दिया। लेकिन यहां किसी ने उसकी जांच ठीक से नहीं की और बिस्तर पर लिटा दिया। उस दौरान आशा वर्कर उसके साथ थी।

प्रसव पीड़ा होने पर वह चिल्ला रही थी, लेकिन कोई सुन नहीं रहा था। उसी दौरान उसकी डिलीवरी हो गई और बच्ची फर्श पर दूर जाकर गिर गई और तेज रोने लगी। रोने की आवाज सुनकर मैंने आवाज लगाई, तो मेरी बहन आई और बच्ची के रोने की आवाज फर्श से आते देख उसने शोर मचाया तो स्टाफ ने तुरंत दस्ताने डालकर बच्ची को उठाया। बच्ची के गिरने के कारण शरीर पर पीछे कमर और उसके निचले हिस्से में नीले निशान बन गए थे। आनन-फानन में बच्चों की नर्सरी में भर्ती कराया गया। फिलहाल जच्चा और उसकी बहन का कहना है कि नर्सरी में भर्ती बच्ची के बारे में उन्हें अभी तक कुछ भी नहीं बताया गया है।

## 19 को जारी होगी दूसरी मेरिट सूची

फरीदाबाद। पहली मेरिट सूची के बाद अब छात्रों को दूसरी मेरिट सूची जारी होने का इंतजार है, जो कि 19 अगस्त को जारी होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए नेहरू कालेज के प्राचार्य डॉ. एमके गुप्ता ने बताया कि पहली मेरिट सूची में दाखिले का मंगलवार को अंतिम दिन था। अब 19 को दूसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी। इसमें शामिल होने वाले छात्र 23 अगस्त तक फीस भुगतान कर अपनी सीट सुनिश्चित कर सकेंगे। इसके बाद कालेज स्तर पर काउंसिलिंग जरिये रिक्त सीटों को भरा जाएगा। यूपीआइ में कुछ परेशानी आ रही थी। अंतिम दिन को देखते हुए छात्रों को कॉलेज का अकाउंट नंबर दे दिया। छात्रों ने फीस भुगतान करने के बाद रसीद दिखाकर अपना दाखिला सुनिश्चित किया।

# मील का पत्थर साबित होगा मां अमृता आनंदमयी अस्पताल : मनोहर लाल

## सीएम ने मां अमृता आनंदमयी से लिया आशीर्वाद, हरियाणा में 2400 बेड का अस्पताल स्थापित करने के लिए धन्यवाद भी किया

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा भी लिया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि फरीदाबाद में मां अमृता आनंदमयी द्वारा स्थापित किया गया 2400 बिस्तर का अस्पताल इस क्षेत्र का सबसे बड़ा और अत्याधुनिक सुविधाओं वाला अस्पताल है। यह अस्पताल आने वाले समय में देश की बेहतरीन सेवाओं में मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए मां अमृता आनंदमयी को प्रदेश की जनता की तरफ से साधुवाद है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को अमृता अस्पताल में मां अमृता आनंदमयी से आशीर्वाद लेने के बाद उनसे बातचीत कर रहे थे।


मां अमृता आनंदमयी अस्पताल में अवलोकन के बाद मां अमृता आनंदमयी से आशीर्वाद लेते मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर।

इस दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आने वाले समय में अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज व उनके परिजन इलाज के लिए पहुंचेंगे। इससे यहां सार्वजनिक परिवहन सेवाओं की ज्यादा जरूरत पड़ेगी। ऐसे में ग्रेटर फरीदाबाद सहित अमृता अस्पताल के लिए बेहतरीन सार्वजनिक परिवहन सेवाओं को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल मानवता की दिशा में बड़ा कदम है और उन्हें जिस भी मदद की जरूरत होगी प्रदेश सरकार हमेशा उसके लिए तैयार मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिटी बस सर्विस की सेवाओं को भी यहां तक पहले से ही विस्तार दे दिया गया है। इसके अलावा एफएमडीए द्वारा ग्रेटर फरीदाबाद में एक अलग से बस डिपो भी स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

इस दौरान मां अमृता आनंदमयी ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल को आशीर्वाद देते हुए कहा कि उनका सपना है कि कोई भी व्यक्ति अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। इसी सोच के साथ उन्होंने कोच्ची के बाद फरीदाबाद में यह दूसरा अस्पताल स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं तो केरला में रहती है और यहां अस्पताल आप सभी लोगों को ही संभलना है। उन्होंने मदद के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद भी किया। इस पर मुख्यमंत्री ने मां अमृता आनंदमयी का आभार जताया कि हरियाणा सरकार मानवता के लिए किए गए इस बेहतरीन कार्य के लिए हमेशा साथ खड़ी है।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर तैयारियों का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, तिगांव से विधायक राजेश नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव अजय गौड़, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य, मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ, स्वामी अमृतास्वरूपानंद पुरी, स्वामी निजामृतानंदपुरी, अमृता अस्पताल के निदेशक डॉ. संजीव सिंह, एडीजीपी सीआईडी आलोक मित्तल, मंडल आयुक्त संजय जून, पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, उपायुक्त यशपाल आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पुलिस की गाड़ी की टक्कर से बुजुर्ग महिला घायल





## सीएम के साथ आए उच्चाधिकारी को पायलट देकर लौट रही थी गाड़ी

फरीदाबाद। गांव अटाली और छांयसा के बीच मौजपुर टोल प्लाजा से पहले तेज रफ्तार से दौड़ रही एक पुलिस की गाड़ी ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कार में सवार एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हें इलाज के लिए फोर्टिज अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

सेक्टर 55 निवासी पवन अरोड़ा ने बताया कि उनकी बुआ विजय विरमानी पंजाब के लुधियाना में रहती हैं। तीन चार दिन पहले विजय विरमानी अपने बेटे हनी विरमानी और पुत्रवधु जशलीन के साथ उनके घर घूमने के लिए आई थी। बुधवार को तीनों अपनी कार पर सवार होकर वापस पंजाब लौट रहे थे। तभी गांव अटाली और छांयसा के बीच मौजपुर टोल से करीब 500 मीटर पहले तेज रफ्तार से दौड़ रही एक पुलिस की गाड़ी ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी।

इस दुर्घटना में विजय विरमानी गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें छांयसा स्थित स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजनों ने उन्हें एस्कॉर्ट्स फोर्टिज अस्पताल में दाखिल करवा दिया। घायल महिला के परिजनों का आरोप है कि पुलिस की गाड़ी सीएम के काफिले को छोड़ने के बाद लौट रही थी। ऐसे में चालक को तेज रफ्तार से चलाने की कोई जरूरत नहीं थी। पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह का कहना है कि सीएम का काफिला तो घटना से करीब 45 मिनट पहले जा चुका था। पुलिस की यह गाड़ी एक उच्चाधिकारी की गाड़ी को पायलट देकर लौट रही थी। इस घटना में गाड़ी चला रहे पुलिस कर्मी को भी चोट लगी है।

# सरकार की गलत नीतियों पर आंदोलन छेड़ेगा हसला

फरीदाबाद। हरियाणा स्कूल लेक्चरर्ज एसोसिएशन (हसला) ने माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए रेशनलाइजेशन नियमों को पूरी तरह अव्यावहारिक बताते हुए विभाग द्वारा इस रेशनलाइजेशन के आधार पर तबादला प्रक्रिया में तानाशाही अपनाने का आरोप लगाया है।



संपर्क करेगी तथा वहां भी रेशनलाइजेशन की विसंगतियों को दूर नहीं किया तो फिर हसला राज्य स्तरीय आंदोलन छेड़ेगा।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह सिंधु की अध्यक्षता में आज सभी हसला जिला अध्यक्षों की बैठक में एक ओर जहां विभाग के निदेशक द्वारा दिए गए आश्वासनों पर कोई कार्रवाई अमल में न लाने पर रोष जाहिर किया गया, वहीं विभाग की इस कथित लालफीताशाही तथा तानाशाहीपूर्ण रवैया के विरोध में राज्य स्तरीय आंदोलन की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि कल संगठन की राज्य कार्यकारिणी शिक्षा मंत्री तथा मुख्यमंत्री से इस संदर्भ में संपर्क करेगी। हसला फरीदाबाद के जिला प्रधान संदीप चौहान ने बताया कि 16 अगस्त को संगठन तथा विभाग के निदेशक के बीच में संबंधित विषयों पर विचार विमर्श हुआ था तथा निदेशक ने आश्वासन दिया कि उपरोक्त सभी विसंगतियों को दूर कर दिया जाएगा, किंतु अभी तक रेशनलाइजेशन से जुड़ी विसंगतियों का निवारण नहीं किया है। गलत रेशनलाइजेशन मापदंडों के साथ तबादला प्रक्रिया का कोई औचित्य ही नहीं है। संदीप चौहान ने बताया कि उच्च विद्यालय से हिंदी तथा अंग्रेजी की प्राध्यापक पोस्ट हटा ली गई है।

# मिड डे मिल के दलिए में मिली छिपकली

## इंचार्ज और शिक्षकों ने खाने के बर्तन में छिपकली देखी

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

मिड डे मील के भोजन में कीड़े, छिपकली, सांप आदि मिलने की शिकायतें कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। बुधवार को सुबह नौ बजे चंदावली स्थित सरकारी स्कूल में बच्चों के लिए पहुंचे मिड डे मील के दलिये में छिपकली मिली। जब मिड डे मील की जांच के दौरान इंचार्ज और शिक्षकों ने खाने के बर्तन में छिपकली देखी, तो इसके बाद तुरंत मामले की सूचना शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गई। स्कूल की तरफ से बाकी स्कूल मुखियाओं को भी इस बारे में सूचित किया। इसके बाद खाना लौटा दिया गया और बच्चों को नहीं बांटा गया। ये सूचना मिलने के बाद जिले के कुछ दूसरे स्कूलों ने भी बच्चों को खाना नहीं बांटा। जबकि कई स्कूलों में खाना बंटा है।


स्कूल में खाने में निकली छिपकली।

ये था पूरा मामला : चंदावली स्कूल में मिड डे मील का छठी से आठवीं कक्षा के करीब 80 बच्चों के लिए खाना आता है। सुबह संस्था की ओर से स्कूलों में मिड डे मील की सप्लाई की जाती है और करीब 11 बजे तक खाना बांटा जाता है। स्कूल की मिड डे मील इंचार्ज ने बताया कि सुबह बच्चों को बांटने से पहले ही मिड डे मील में छिपकली देख ली थी। इसके बाद इस बारे में संस्था को सूचना देकर खाना वापस कर दिया था। जबकि शिक्षा विभाग को भी मामले की जानकारी दी थी। किसी बच्चे को खाना नहीं दिया है। बल्लभगढ़ के खंड शिक्षा अधिकारी सतीश चौधरी का कहना है कि स्कूल से शिकायत मिलने के बाद सेक्टर-7 में जाकर एक टीम बनाकर वहां पूरे किचन का दौरा किया है। हालांकि खामी कहीं नहीं मिली है। संस्था को सुझाव दिया है कि जहां मिड डे मील रखा जाता है वहां ऊपर जाली लगाकर कवर किया जाए। सप्ताह भर में ये काम कर लिया जाएगा। खामी कहां हुई है टीम इसका पता लगाने में जुटी है।

## कुएं में गिरने से व्यक्ति की मौत

बल्लभगढ़। शराब के नशे में दयालपुर गांव में रहने 35 साल के एक व्यक्ति की कुएं में गिरने से मौत हो गई। जिस पर थाना तिगांव पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना तिगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दयालपुर निवासी सनी गांव में ही खेती बाड़ी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता है। 16 अगस्त की शाम को अपने दोस्तों के साथ खेत पर शराब का सेवन कर रहे थे। पार्टी करने के बाद वह खेत में बने कुएं में कुछ देखने की कोशिश कर रहा था, तभी उसको संतुलन बिगड़ने की वजह से सनी कुएं के अंदर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दोस्तों ने सनी को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

# जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने झटके मेडल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

राज्य खेल परिसर सेक्टर 12 फरीदाबाद में जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया और जिला प्रतियोगिता का शुभारंभ अंतराष्ट्रीय पदक विजेता एथलीट खिलाड़ी अजय सांगवान भारतीय रेलवे के द्वारा किया गया।


जिला प्रतियोगिता के शुभारंभ के दौरान अंतराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी अजय सांगवान।

जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि जिला खेल प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी 20-21 अगस्त को राजीव गांधी स्टेडियम में एथलेटिक्स फैडरेशन आफ इंडिया के नियम अनुसार भाग लेंगे। प्रतियोगिता का संयोजक एन बी एम कान्वेंट सीनीयर सेकेण्डरी स्कूल मोहना रहा। जिला संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह ने बताया कि 14 साल लड़का 60 मीटर में रितिक पहले, अर्श दूसरे और आर्य तीसरे स्थान पर, लड़की में दिक्षा ने पहला और दीपिका ने दूसरा। 600 मीटर में अर्पित पहले, हरिओम दूसरे और विवेक तीसरे स्थान पर रहा। लड़की में हनी मलिक पहले, दिक्षा भारद्वाज दूसरे और विधि ने तीसरे स्थान किया। लडका में लांग जंप में मोहम्मद अयान ने पहला, देवेश दूसरा और भुमिक ने तीसरा स्थान।

16 साल लड़का 100 मीटर में में सुशांत प्रथम, रितेश द्वितीय और वास्तिवा ने तृतीय स्थान, 300 मीटर दौड़ में सुशांत पहले, अजय खान दूसरे और रितेश ने तीसरा स्थान, 800 मीटर में कृष्ण ने पहला, देवेंद्र दूसरा और दीपांशु ने तीसरा स्थान। 2000 मीटर दौड़ में प्रियांशु ने शोयब ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। लाग जंप में विहान ने पहला, वास्तिव ने दूसरा और मानव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 16 साल लड़की वर्ग में 100 मीटर दौड़ में यशिका फौगाट पहले, मानवी दूसरे और निशा जाखड़ ने तीसरा स्थान पाया। 300 मीटर दौड़ में हिमांशी ने पहला, रेणु ने दूसरा और लक्षिता ने तीसरा स्थान पाया। 2000 किलोमीटर में रेणु ने पहला और प्रियांशी ने दूसरा जीता। लांग जंप में यशिका ने स्वर्ण पदक। 18 साल आयु लड़का में 100 मीटर में जय तंवर ने पहला, सागर ने दूसरा और करण ने तीसरा स्थान।

## पढ़ाई के डर से घर से भागे युवक को पुलिस ने तलाश किया

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सैक्ट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 2 सप्ताह से लापता युवक को सकुशल बरामद कर परिजनों के हवाले किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस थाना सेक्टर 58 में युवक के परिजनों ने दी अपनी शिकायत में बताया कि उनका 18 वर्षीय बेटा दो अगस्त से लापता है। वह दसवीं कक्षा में पढ़ता है और वह घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकला था परंतु अभी तक घर वापस नहीं आया है। उन्होंने अपने बेटे की तलाश करने की हर संभव कोशिश की परंतु उन्हें कोई सफलता हाथ नहीं लगी। दोस्त रिश्तेदार हर जगह पता करने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लगा तो लड़के के परिजन पुलिस से मदद मांगने के लिए आए जिनकी शिकायत के आधार पर गुमशुदगी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके युवक की तलाश शुरू की गई। कड़ी मशक्कत करने के बाद क्राइम ब्रांच सैक्ट टीम ने युवक को सुभाष कॉलोनी सब्जी मंडी से बरामद कर लिया।

# थैलासीमिक बच्चों के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

फरीदाबाद। भगवान महावीर हॉस्पिटल सेंट्रल ग्रीन फरीदाबाद में थैलासीमिया ग्रस्त बच्चों के स्वास्थ्य चेकअप शिविर का आयोजन फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासीमिया द्वारा इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन के सहयोग से किया गया।

अपोलो हॉस्पिटल दिल्ली की डॉ. अमिता महाजन, डॉ. हिमानी, डॉ. स्वेतलाना व नेहा द्वारा बच्चों का निरीक्षण किया। जैसा की संस्था का हमेशा ही प्रयास रहा है बच्चो को स्वस्थ तो रखा जाये साथ ही साथ खुशिया दी जाय उसी कड़ी में आज उन बच्चों का जन्मदिन बड़े ही उत्साह से मनाया। जिनका जन्म अगस्त माह में हुआ है। बच्चों के लिए फाउंडेशन अगेंस्ट थैलासिमिया द्वारा केक का प्रबंध किया गया था और बच्चों को उपहार इनर व्हील क्लब ऑफ फरीदाबाद इंडस्ट्रियल टाउन द्वारा दिए गए जिन्हें पाकर बच्चे बहुत खुश थे। डॉ. अमिता महाजन ने बच्चों को विस्तार से स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। डॉ. अमिता ने बच्चों को बताया कि एक नयी दवा थेलामाइड जिसका परीक्षण चल रहा उम्मीद की जा रही है इस दवा से रक्त चढ़ाने की अवधि बढ़ जाएगी, वो सही समय पर रक्त चढ़वायें, सही समय पर दवाइयां ले और समय-समय पर टेस्ट कराते रहें। शीघ्र ही बच्चों के आवश्यक टेस्ट थैलासिमिक्स इंडिया द्वारा किये जाएंगे जिसके लिए थैलासिमिक्स इंडिया की महा सचिव शोभा तुली ने आस्वस्त किया है। गोल्डन लायनेस क्लब फरीदाबाद ओल्ड की प्रधान दुर्गेश अग्रवाल और सदस्य क्लब की सदस्य गीता गोयल, अनीता गुप्ता और दिव्या ने बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था की। दुर्गेश अग्रवाल ने बताया कि आने वाले समय में बच्चों के लिए क्लब की तरफ से एक मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। संस्था के प्रधान हरीश रतरा, महा सचिव रविंदर डुडेजा ने बताया की संस्था जल्द की एक विशेष अभियान चलाने जा रही है जिसमें देश अभिनेता, भजन गायक व खिलाड़ियों का सहयोग रहेगा।

# संक्षिप्त समाचार

## बिजली का करंट लगने से रोडवेज के परिचालक की मौत


बीके में कारवाई करते पुलिस अधिकारी। इंसेट में राकेश का फाइल फोटो।

फरीदाबाद। बिजली के खंबे के पास से गुजर रहे हरियाणा रोडवेज में परिचालक के पद पर कार्यरत राकेश की करंट लगने से मृत्यु हो गई। परिचालक को कुछ समय पहले ही विभाग में ड्यूटी पर लगाया हुआ था। राकेश के शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। थाना आदर्श नगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से भिवानी का रहने वाला राकेश करीब 10 साल से रोडवेज में परिचालक के पद पर कार्यरत है। पहले राकेश की ड्यूटी बसों पर टिकट काटने पर लगाई हुई थी, लेकिन अब उनका तबादला बल्लभगढ़ डिपो के किसी विभाग में कर दिया गया था। 15 अगस्त की शाम को ड्यूटी करने के बाद जब वह अपने किराए के बल्लभगढ़ कमरे पर जा रहा था। तभी उसको कुछ दोस्त मिल गए। सभी शराब का सेवन करने के लिए बल्लभगढ़ सब्जी मंडी के पास स्थित शराब के ठेके पर चले गए। सभी दोस्तों ने वहां पर शराब का सेवन किया। उसके बाद राकेश नशे की हालत में कमरे पर जाने लगा तभी वहां पर बिजली के खंभे से टकराने की वजह से वह करंट की चपेट में आ गया। उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में लेकर गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थाना आदर्श नगर एसएचओ कुलदीप ने बताया कि राकेश के परिवार में उसकी मां व उसका बड़ा भाई है। पिता की कई सालों पहले मृत्यु हो गई थी। उसका बड़ा भाई भी मानसिक रूप से बीमार था।

## 25 लाख रुपये तक के ड्यूल डेस्क खरीदने का मिला अधिकार

फरीदाबाद। स्वतंत्रता दिवस पर सीएम मनोहर लाल ने सभी सरकारी स्कूलों की विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) को किसी भी प्रकार के सिविल कार्य एवं 25 लाख रुपये तक के ड्यूल डेस्क क्रय करने का अधिकार दिया है। हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने इसका स्वागत करते हुए कहा है कि इस अधिकार का ठीक प्रकार से सदुपयोग होना चाहिए। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा व प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि देखा गया है कि एसएमसी का चयन नियमानुसार ठीक प्रकार से नहीं होता है। नियमानुसार एसएमसी में नगरपालिका या ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में से एक सदस्य, शिक्षकों में से एक सदस्य, स्थानीय शिक्षाविद या एनजीओ, कंपनी या दानी ट्रस्ट में से अधिकतम तीन सदस्य शामिल किए जाने चाहिए। फीस भरने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों को एसएमसी में शामिल करना अनिवार्य है। समिति सदस्यों में 50 फीसद सदस्य महिलाएं होनी चाहिए। सदस्यों में एक अनुसूचित जाति व एक पिछड़ा वर्ग से जरूर होना चाहिए। लेकिन एसएमसी का गठन पूरी ईमानदारी व पारदर्शी से नहीं होता है। एसएमसी का गठन कब और कैसे हुआ इसका किसी को पता ही नहीं चलता। एसएमसी में अपने चहेते लोगों को शामिल किया जाता है। एसएमसी की मीटिंग एक तो होती नहीं, सरकार को दिखाने के लिए, अगर होती है तो अपनी मर्जी से लिए गए निर्णयों पर अध्यक्ष व चार पांच सदस्यों को बुलाकर उनके हस्ताक्षर करा लिए जाते हैं।

## केडी कान्वेंट स्कूल में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी


केडी कान्वेंट स्कूल में जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते निवर्तमान पार्षद चौधरी महेन्द्र सरपंच और स्कूल की टीचर।

फरीदाबाद। केडी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के केडी कान्वेंट स्कूल नंगला एनक्लेव पार्ट-2 में जन्माष्टमी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत श्री राधे राधे बाबूजी महाराज ने शिरकत की। वहीं विशेष रूप से वार्ड नंबर-9 के निवर्तमान पार्षद चौधरी महेंद्र सरपंच, समाजसेवी गुलाब ठाकुर, सचिन भाटी, बबलू भड़ाना और संस्था के प्रबंधक सुरेंद्र यादव, प्रिंसिपल विमला यादव, शिक्षाविद् अजय यादव उपस्थित थे। उपस्थित छात्रों, अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए राधे राधे बाबूजी महाराज ने कहा कि हर वर्ष भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाता है। इस बार यह त्योहार दो दिन मनाया जाएगा, कुछ लोग इसे 18 तो कुछ 19 अगस्त को मनाएंगे। शास्त्रों में इस दिन आर्थिक तंगी दूर करने के लिए कुछ उपाय बताए गए हैं। इन उपायों के करने से भगवान कृष्ण का आशीर्वाद मिलता है और जीवन में कभी किसी चीज की कमी नहीं होती है। स्कूल के डायरेक्टर आदेश यादव ने कहा कि जन्माष्टमी का पर्व में खुशहाली एवं तरक्की प्रदान करने वाला है। इस दिन भगवान कृष्ण ने धरती पर जन्म लेकर अत्याचारी महाराज कंस से ब्रजवासियों को मुक्ति दिलाई थी। स्कूल के डायरेक्टर आदेश यादव ने सभी अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों ने सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया।

## चोरी के माल सहित चोर गिरफ्तार



फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने चोरी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नितिन तथा विशाल का नाम शामिल है आरोपी नितिन गोंछी के जीवन नगर तथा आरोपी विशाल फरीदाबाद के सेक्टर 55 का निवासी है। 15 अगस्त को पुलिस थाना मुजेसर में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने 14-15 अगस्त की रात गौंछी गांव के सरकारी स्कूल के पास एक जूस की दुकान से दो मोबाइल फोन तथा 13000 रुपये चोरी किए थे। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर दोनों आरोपियों को संजय कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से दोनों मोबाइल फोन तथा ₹4500 नकद बरामद किए गए। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों की उम्र करीब 30 वर्ष है। आरोपी नितिन ऑटो चलाने का काम करता है वहीं आरोपी विशाल प्राइवेट नौकरी करता है। दोनो आरोपी नशा करने के आदी हैं और नशे की आपूर्ति के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते हैं। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात दोनों आरोपियों को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

## सीआरएम स्कीम के तहत कृषि यंत्रों पर दिया जाएगा अनुदान

फरीदाबाद। उपायुक्त यशपाल ने कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2022-23 के दौरान फसल अवशेष प्रबंधन हेतु इन सीटू क्रोप रेजीडयू मैनेजमेंट स्कीम के तहत 50 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि (व्यक्तिगत लाभार्थी किसान हेतु) व 80 प्रतिशत या अधिकतम अनुदान राशि (कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापना हेतु) स्कीम के निर्देशानुसार कृषि यंत्र अनुदान पर दिए जा रहे हैं। डॉ. वीरेंद्र आर्य उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, फरीदाबाद ने बताया की कृषि यंत्र लेने के इच्छुक किसान कृषि तथा किसान कल्याण विभाग हरियाणा की वेबसाईट www.agriharyana.gov.in पर 25 अगस्त तक इन कृषि यंत्रों पर आवेदन कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने पानी फैक्ट्री से भरे पानी के नमूने

## नप टीम ने 46 किलो 400 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग बरामद कर जुर्माना ठोका

## जेई ने बिजली कनेक्शन की जांच के बाद पांच किलोवाट अधिक लोड बताया

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना में सीएम उड़नदस्ते द्वारा पानी फैक्ट्री पर की गई छापामारी में पानी के नमूनों की रिपोर्ट तैयार करते डॉक्टर श्यामलाल। बरामद बीड़ियों के बंडल।

**गुरुग्राम** मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम ने शहर के पलवल मार्ग पर पानी फैक्ट्री पर छापामारी करते हुए पानी से भरी बोतल, पानी से भरे प्लास्टिक पाउच और सोडा बातल के नमूने भरे। नगर परिषद की टीम ने प्रतिबंधित 46 किलो पॉलीथिन की पन्नी और अवैध से किए हुए बोरबैल को सील किया। फैक्ट्री पर घरेलू बिजली कनेक्शन को कॉमर्शियल में उपयोग किया जा रहा था।

बुधवार की सुबह 9 बजे मुख्यमंत्री उड़नदस्ता गुरुग्राम ने एसआई सुरेश के नेतृत्व में शहर के पलवल मार्ग पर बनी हंस इंक्लेब कॉलोनी में चल रही नवीन ट्रेडर्स पानी फैक्ट्री पर छापामारा। टीम के साथ नगर परिषद सोहना से एमई राजपाल, जेई ओमप्रकाश और बिजली निगम के जेई राजेश कुमार की टीम भी थी। टीम के साथ फूड सैम्पिलिंग विभाग के डॉक्टर श्याम लाल भी थे। सीएम उड़नदस्ता टीम में पानी फैक्ट्री में पानी से भरे भारी मात्रा में प्लास्टिक थैली और बोतलें बरामद की। जिनमें पानी से भरी बोतलें और

> "पानी फैक्ट्री से जुटाएं गए सभी नमूनों को लैब में जांच के लिए भेज दिया है। उनके साथ सोहना नगर परिषद और बिजली निगम की टीम ने अपनी-अपनी छापामारी करते हुए रिपोर्ट तैयार की जा रही है।
> **डॉ. श्यामलाल**
> **खाद्य सैम्पिलिंग विभाग गुरुग्राम।**"

पाउच के नमूने जुटाए गए। नगर परिषद की टीम ने 46 किलो 400 ग्राम प्रतिबंध प्लास्टिक बैग बरामद किया। परिषद टीम ने फैक्ट्री मालिक पर तुरन्त मौके पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया दिया।

फैक्ट्री के अंदर चल रहे अवैध पानी के बोर को परिषद की टीम ने तुरन्त ही सील कर दिया। वहीं बिजली निगम से गए जेई राजेश कुमार ने बिजली कनेक्शन की जांच करते हुए उसपर पांच किलोवाट अधिक लोड बताया। फैक्ट्री मालिक पर घरेलू बिजली कनेक्शन को कॉमर्शियल में उपयोग करने का आरोप भी लगाया है।

**पकड़ा बीड़ी का फर्जी कारोबार**

उड़नदस्ते को फैक्ट्री के अंदर एक कोने में प्लास्टिक के कट्टों से ढकी करीब पांच बोरी बीड़ी मिली। फैक्ट्री मालिक पानी के साथ-साथ बीड़ी के नकली कारोबार भी चला रहा था। सीएम उड़नदस्ते ने बीड़ी के नमूने भी लिए हैं। जिनकी असली व नकली होने की जांच कराई जाएगी।

**जीएसटी के बिना कारोबार :** सीएम उड़नदस्ते के मांगने पर पानी फैक्ट्री मालिक नवीन कारोबार से संबंधित जीएसटी के बिल नहीं दिखा सका। जिससे मालिक जीएसटी चोरी करने का आरोप भी लगा है। जिसकी जांच के लिए गुरुग्राम जीएसटी टीम को रिपोर्ट भेज दी गई।

## केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत

**सोहना।** बिजली निगम को विद्युत लाइन पर केआर मंगलम यूनिवर्सिटी का होल्डिंग गिरने से आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। निगम अधिकारी ने यूनिवर्सिटी के खिलाफ सिटी थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए लापरवाही बरतने का मामला दर्ज करने की मांग की है। मालूम रहे कि मंगलवार सुबह गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग के सर्विस रोड के साथ लगा केआर मंगलम यूनिवर्सिटी का होल्डिंग 11 केवीए की लाइन पर गिर गया था। होल्डिंग गिरने से पांच फीडरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। साथ ही बिजली निगम को करीब आठ लाख रुपये का नुकसान हुआ है। निगम के स्थानीय एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि केआर मंगलम यूनिवर्सिटी ने होल्डिंग में लापरवाही बरती हुई थी।

## संक्षिप्त-समाचार

### श्रेय भारत फाउंडेशन मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह


श्रेय भारत फाउंडेशन की ओर से स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा यात्रा निकालते सदस्य और बच्चे।

**गुरुग्राम।** श्रेय भारत फाउंडेशन के स्कूल के बच्चों ने स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाला और रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। श्रेय भारत फाउंडेशन गरीब बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करती है। साथ ही साथ बच्चों को किताब, कॉपी, ड्रेस व स्टेशनरी भी मुफ्त प्रदान करती हैं। समय-समय पर अन्य सामाजिक कार्य भी जैसे पौधारोपण, भोजन वितरण, खाद्यान्न वितरण, वस्त्र वितरण, कंबल व साल वितरण, स्वच्छता अभियान भी करती है। तिरंगा यात्रा में फाउंडेशन के चेयरमैन रेखा शर्मा, महामंत्री आरती राघव, प्रशासक चंद्र प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष गुलाब शर्मा, फाउंडेशन के अन्य सदस्य खुशी शर्मा, मोहन लाल मीणा, समाजसेवी अमित भड़ाना, भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अनीता पंडित, श्याम शंकर शर्मा, संदीप कुमार, नवीन झा, श्रेय शर्मा, जितेंद्र जायसवाल, दुष्यंत राजपूत, अवनीश, रजनीश, राजकुमार, स्कूल के अभिभावक व गणमान्य लोग शामिल हुए।

### स्वाभिमान फाउंडेशन स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण


गुरुग्राम में स्वाभिमान फाउंडेशन की ओर से स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण करते संस्था के सदस्य व अतिथि।

**गुरुग्राम।** स्वाभिमान फाउंडेशन ने स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मेजर जनरल गैलन फोर्ड, पार्षद वजीराबाद कुलदीप सिंह बोहरा, हरेंद्र सांगवान एवं अनेक समाज सेवी मौजूद थे। संस्था की संस्थापक अधिवक्ता मोनिका सिंह सांगवान एवं सह-संस्थापक शिल्पा गिल ने गरीब, अनाथ बच्चों को साक्षर बनाने का और जरूरतमंद लोगों को उचित कानूनी सहायता का जो बीड़ा उठाया है, उसकी सबने सराहना की। मोनिका सिंह सांगवान ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि इस दिन के लिए हमारे देश के अनेक क्रांतिकारियों ने अपनी जान की बाजी लगाई थी। उन्होंने कहा कि आजादी का दिवस मनाने के साथ हमें महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाने का सरकार ने जो निर्णय लिया, वह ऐतिहासिक है। देश के हर नागरिक में देशभक्ति का माहौल बना है।

# अतुल कटारिया चौक फ्लाईओवर पर सीएम ने शुरू कराया ट्रैफिक

## बाद में होगा उद्घाटन

## फ्लाईओवर का मुआयना करके जनता की सुविधा को देखते हुए दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम स्थित अतुल कटारिया चौक फ्लाईओवर के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने पुरानी दिल्ली रोड स्थित लेफ्टिनेंट अतुल कटारिया चौक का निरीक्षण किया। इस चौक पर उन्होंने यहां 731 मीटर लंबे चार लेन के फ्लाईओवर के साथ सर्विस रोड को उन्होंने जनता की सुविधा को देखते हुए खुलवाया, ताकि लोगों को दिक्कत ना हो। इनका विधिवत उद्घाटन बाद में किया जाएगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि जब से हमारी सरकार प्रदेश में आई है, हमने गुरुग्राम के विकास पर पूरा ध्यान दिया है। आखिरकार यह हमारी आइकन सिटी है, एक एक करके हमने यहां कई फ्लाइओवर व अंडरपास बनाए, कनेक्टिविटी में सुधार किया तथा अभी इस दिशा में और काम भी चल रहे हैं, जिससे काफी हद तक लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात मिली, राहत मिली है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को वह समय भी याद होगा जब गुरुग्राम में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने में घंटों लगते थे।

सीएम मनोहर लाल ने कहा कि पुरानी दिल्ली रोड पर अतुल कटारिया चौक गुरुग्राम के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है, जहां प्रतिदिन काफी संख्या में वाहनों का आगमन होता है। ऐसे में लोगों को जाम से निजात दिलाने के लिए वर्तमान राज्य सरकार ने फ्लाइओवर का निर्माण करवाया है, जिसे अब जनता के लिए खोल दिया गया है। इससे कापसहेड़ा बॉर्डर के जरिए दिल्ली से गुरुग्राम के बीच कनेक्टिविटी में सुधार सम्भव हुआ है। इसके अलावा सर्विस रोड भी अब सार्वजनिक उपयोग के लिए खोल दिए गए हैं, ताकि फ्लाईओवर और सर्विस रोड दोनों से यातायात की भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल, पुलिस आयुक्त कला रामचंद्रन, गुरुग्राम उपायुक्त निशांत यादव और जीएमडीए के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजदू रहे।

### शीतला माता मंदिर से एमडीआई चौक मार्ग का भी निरीक्षण

**दौरे** के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री ने शीतला माता मंदिर से एमडीआई चौक मार्ग पर बन रहे 1.094 किलोमीटर लम्बाई के चार लेन अंडरपास पर चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की। एमडीआई चौक की ओर जाने का काम पूरा हो गया है, टनल के हिस्से में सड़क बनाई जा रही है और शीतला माता मंदिर की तरफ जाने वाले अंडरपास के हिस्से में निर्माण कार्य प्रगति पर है। मास्टर स्टॉर्म वाटर ड्रेन को अंडरपास से शीतला मंदिर की ओर सर्विस रोड वाले हिस्से में शिफ्ट करने के साथ अंडरपास की छत का स्लैब डालने और दीवार निर्माण का कार्य पूरा हो गया है। सीएम मनोहर लाल ने दो अक्टूबर तक अंडरपास के बचे हुए सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

## रेडक्रॉस में रक्तदान, कामकाजी महिला आवास में पौधारोपण


जिला रेडक्रॉस सोसायटी में रक्तदाता को सम्मानित करते सचिव विकास कुमार।

**गुरुग्राम।** बुधवार को जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित कामकाजी महिला आवास परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस दौरान आवास में रहने वाली युवतियों, महिलाओं ने पौधारोपण किया। इसके अलावा जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंदन नगर कार्यालय में रक्तदान शिविर लगाया गया।

कामकाजी महिला आवास में पौधारोपण अभियान को लेकर रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि यह अच्छा प्रयास है। कामकाजी महिला आवास की वार्डन कविता सरकार ने कहा कि हम जहां रहते हैं या काम करते हैं, वहां की स्वच्छता और हरियाली की जिम्मेदारी हमें लेनी चाहिए। इन दोनों कार्यों को करके हम अपने लिए माहौल अच्छा तैयार करते हैं। उन्होंने कहा हर कोई सफाई और हरियाली के प्रति गंभीर हो। रेडक्रॉस सोसायटी से फर्स्ट एड कॉर्डिनेटर श्यामा राजपूत, मोनिका, प्रज्ञा कटियार, निशा, आरती ने पौधारोपण में भाग लिया। दूसरी ओर जिला रेडक्रॉस सोसायटी चंदन नगर में रक्तदान शिविर का सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया। अपने संबोधन में सचिव ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा लगातार रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक रक्तदान करके जनसेवा का कार्य करें। सचिव विकास कुमार ने रक्तदाताओं को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी जतिन शर्मा ने भी खुद रक्तदान करके जागरुक किया। शिविर में नागरिक अस्पताल से टीम रक्त एकत्रित करने पहुंची। इस अवसर पर जतिन शर्मा, अतुल पराशर, रमेश लेक्चरर, आकांक्षा, श्यामा राजपूत, कविता सरकार, सरोज, कमला आदि मौजूद रहे।

# पंचायतों में पिछड़ा वर्ग आरक्षण पर कल गुरुग्राम में सुनवाई

## तीन जिलों गुरुग्राम रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ के लिए होगी सुनवाई

**गुरुग्राम।** हरियाणा पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग गुरुग्राम, रेवाड़ी तथा महेंद्रगढ़ जिलों के लिए 19 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे जन सुनवाई करेगा। यह जनसुनवाई गुरुग्राम के सिविल लाइंस एरिया में स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में है। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति दर्शन सिंह हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन हैं।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने को लेकर मंडल मुख्यालयों पर जनसुनवाई रखी है। इस कड़ी में हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग ने एक पब्लिक नोटिस जारी करते हुए मंडल मुख्यालयों पर जनसुनवाई का कार्यक्रम जारी किया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 19 अगस्त को शाम 3 बजे गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल (जॉन हॉल) में हरियाणा पिछड़ा वर्गआयोग जन सुनवाई करेगा। गुरुग्राम में गुरुग्राम मंडल ने पड़ने वाले तीनों जिलों गुरुग्राम, रेवाड़ी तथा महेंद्रगढ़ जिलों के लिए जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जनसुनवाई में कोई भी व्यक्ति, समूह, संगठन, सामाजिक विचारक, प्रबुद्ध नागरिक या इस विषय में रुचि रखने वाला जनता में से कोई भी व्यक्ति पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिए जाने के पक्ष में या विरोध में अपने विचार आयोग के समक्ष रख सकता है।

## शहीद राजसिंह स्कूल को जमीन उपलब्धता के लिए जुटे ग्रामीण

**सोहना।** दमदमा के ग्रामीणों ने राजकीय शहीद राजसिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल को हरियाणा पर्यटन निगम से चार एकड़ जमीन तबादले के लिए कवायद शुरू कर दी है। ताकि स्कूल को जमीन जल्द से जल्द मिलने पर नये भवन बनाने की प्रक्रिया शुरू की जा सके। मंगलवार को खंड के गांव दमदमा में पहुंचे प्रदेश शिक्षा मंत्री एवं पर्यटन मंत्री कंवरपाल गूर्जर ने ग्रामीणों की मांग पर राजकीय शहीद राजसिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल के लिए टूरिज्म निगम से चार एकड़ जमीन तबादला कराने का आश्वासन दिया था। शिक्षामंत्री ने ग्रामीणों का कहा कि जमीन तबादले का मामला दो विभागों के बीच का है। जिसमें ग्रामीण अपना प्रस्ताव करके भेजें। प्रस्ताव के आधार पर विभागों के नियमानुसार कानूनी प्रक्रिया की जाएगी।

# शंकर चौक पर बनेगा अंडरपास, इफको चौक पर लगेगा ट्रैफिक सिग्नल

## पैदल यात्रियों को सुरक्षित क्रॉसिंग देने के लिए डीसी ने मौके पर लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के इफको चौक पर यातायात व्यवस्था का निरीक्षण करते डीसी निशांत कुमार यादव को जानकारी देती एसडीएम अंकिता चौधरी।

**लोगों** को सुरक्षित रोड पार करने को लेकर बुधवार को शहर के तीन चौक का अधिकारियों के दल ने निरीक्षण किया। इस दौरान तय किया गया कि शंकर चौक पर अंडरपास बनाया जाए। इफको चौक पर अस्थायी ट्रैफिक सिग्नल लगाया जाएगा और हीरो होंडा चौक पर गलत दिशा में जाने वाले वाहनों का सर्वे किया जाएगा।

गुरुग्राम से दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-48 स्थित शंकर चौक, इफको चौक व हीरो होंडा चौक पर पैदल यात्रियों को सुरक्षित रोड पार करने के लिए किए जाने वाले उपायों का उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने अधिकारियों के साथ मौका मुआयना किया। डीसी ने इस दौरान तीनों स्थानों पर पैदल यात्रियों को होने वाली परेशानियों की वास्तविक स्थिति का जायजा लेने के साथ-साथ उनकी सुरक्षित रोड क्रॉसिंग को लेकर किए जाने वाले उपायों की भी समीक्षा की। उपायुक्त के समीक्षा दौरे में जीएमडीए, पुलिस विभाग, एनएचएआई व डीएलएफ सहित राहगिरी फाउंडेशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

राहगिरी फाउंडेशन की टीम ने उपायुक्त को बताया कि शंकर चौक के आसपास एमएनसी हब होने के चलते सुबह व शाम के समय काफी संख्या में पैदल यात्री रोड के दोनों तरफ से रोड क्रॉस करते हैं। जिससे यहां हमेशा दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। उपायुक्त ने बताया कि शंकर चौक पर साइबर पार्क की ओर से डीएलएफ फेज-3 की ओर जाने के लिए डीएलएफ फाउंडेशन से जिला प्रशासन को अंडरपास बनाने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसको जीएमडीए की ओर से मंजूरी दी जा चुकी है। अगले दो महीनों में यहां अंडरपास बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा। डीसी ने इस दौरान डीएलएफ फाउंडेशन द्वारा बनाए जाने वाले अंडरपास के उस नक्शे को भी देखा व उसके उपरान्त उसमे यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ आवश्यक सुझाव भी दिए। उपायुक्त ने डीएलएफ के अधिकारियों से कहा कि वे बताए गए सुझावों के तहत अंडरपास के नक्शे में बदलाव कर उसकी एक विस्तृत प्रेजेंटेशन जिला प्रशासन के अधिकारियों को दिखाएं, ताकि उसमें कुछ और बेहतरी की गुंजाइश के अन्य बिंदुओं पर भी कार्य किया जा सके।

उन्होंने जीएमडीए के अधिकारियों को शंकर चौक पर ही एचएसआईआईडीसी कार्यालय से डीएलएफ फेज-2 की तरफ जाने वाले पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए एक हॉफ फुटओवर ब्रिज बनाने की सम्भावनाओं पर भी कार्य करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि शाम के समय गुरुग्राम से दिल्ली जाने वाले ट्रैफिक का यहां अधिक दबाव रहता है, ऐसे में यदि यहां फुटओवर ब्रिज बनाया जाता है तो यात्रियों को काफी सुविधा होगी। इफको चौक पर अस्थायी रेड लाइट्स और हीरो होंडा चौक पर गलत दिशा से आने वाले वाहनों को रोकने के लिए भी दिशा-निर्देश जीएमडीए को दिए। गुरुग्राम की एसडीएम अंकिता चौधरी, डीसीपी

# डेरा प्रेमियों की सेवा भावना से सीखें सभी : डॉ. गोबिंद शरण

## डेरा सच्चा सौदा की संगत ने व्यापक पैमाने पर किया पौधारोपण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


डेरा प्रेमियों के साथ पौधारोपण करते डा. गोबिंद शरण।

**संत** डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में व्यापक पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। गुरुग्राम ब्लॉक की संगत ने गुरुग्राम के साथ सोहना-नूंह क्षेत्र में जाकर भी पौधारोपण किया। संगत ने हजारों पौधे लगाए और उनकी देखरेख का जिम्मा भी लिया। नूंह अस्पताल से एसएमओ डा. गोबिंद शरण ने को मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे।

पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत करते हुए डा. गोबिंद शरण ने साध-संगत के सेवा कार्यों की खूब सराहना की। उन्होंने कहा कि नि:स्वार्थ सेवा की सच्ची मिसाल आप सब डेरा प्रेमी हैं। बीमारों, लाचारों, गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में डेरा प्रेमी लगे रहते हैं। उन्होंने गुरूजी डा. संत गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा को भी सजदा किया, जिनके दिखाए मार्ग पर सेवादार इतने मन से सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को डेरा प्रेमियों की सेवा भावना का अनुसरण करना चाहिए।

ब्लॉक भंगीदास श्याम सुंदर इंसा, राजेंद्र सिरोही इंसा ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा की शाह सतनाम सिंह जी ग्रीन एस. वेलफेयर फोर्स विंग की ओर से पूज्य गुरूजी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में लाखों पेड़ लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर कार्य में डेरा सच्चा सौदा के सेवादार सदा आगे रहते हैं। खून दान, गरीबों की सेवा, राशन वितरण, फ्रूट किट वितरण समेत अनेक कार्यों को संगत लगातार करती रहती है। इस अवसर पर सोहना ब्लॉक भंगीदास मुकेश इंसा मुरलीधर, मांगेराम, विजय, सुधीर, बलिंद्र, अरुण सैनी, प्रदीप गाबा, इंद्रजीत, कृष्ण यादव, इंद्र सिंह मेहरा, विनोद इंसा, महेंद्र मेहरा, देवेंद्र शर्मा, सुजान बहनें सुदेश, बबीता, बिमला समेत काफी संगत मौजूद रही।

# वार्ड-7 की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाएगा

## पार्षद प्रमेन्द्र यादव ने बताया, सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराना होगी उनकी प्राथमिकता


पार्षद प्रमेन्द्र यादव।

**सोहना।** नगर परिषद के वार्ड-7 की सरकारी जमीन को कब्जाधारियों से मुक्त कराया जाएगा। इस मुद्दे पर नवनिर्वाचित सदन की प्राथमिक बैठक में पार्षद प्रमेन्द्र यादव द्वारा लाया जाएगा।

नगर परिषद के वार्ड-7 के गांव लाखूवास को वर्ष 2014 में तत्कालिन बनी नगर परिषद में शामिल किया गया था। लेकिन लाखूवास की सैकड़ों एकड़ जमीन पर पंचायतकाल के दौरान से ही ग्रामीण अवैध कब्जा करके रह रहे है। ग्रामीणों द्वारा इस कब्जा की गई जमीन पर पक्के मकान बनाकर रिहायश और खेती की जा रही है। वार्ड-7 के नवनिर्वाचित पार्षद प्रमेन्द्र यादव ने बताया कि सरकारी जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने बताया कि अवैध कब्जाधारियों ने पिछले करीब 50 वर्षों से कब्जाया हुआ है। जिसको मुक्त कराने के लिए ग्राम पंचायत काल में जनप्रतिनिधि बनकर आए सरपंचों ने कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं की।

नवनिर्वाचित पार्षद ने कहा कि परिषद कार्यालय में जब भी सदन की बैठक होगी। वह इस प्रस्ताव को सदन के बीच में रखेंगे। ताकि नगर परिषद प्रशासन अवैध कब्जों को हटाते हुए सरकारी जमीन को मुक्त करा सके। उन्होंने बताया कि सरकारी जमीन पर पूर्व में ग्राम पंचायत काल में पंच और सरपंच पद पर रहते हुए अवैध कब्जा करते रहे और अपने नजदीकियों को अवैध कब्जा करने के लिए प्रोत्साहित करते रहे हैं।

# जन्माष्टमी पर इस्कॉन की ओर से होगा भव्य आयोजन

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी महा-महोत्सव-2022

## कृष्ण कथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


पत्रकारों से बात करते इस्कॉन बादशाहपुर के अध्यक्ष अच्युत हरि दास।

**इस्कॉन** सेक्टर-45 का श्री सर राधा गोपीनाथ मंदिर 19 अगस्त 2022 को कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के लिए तैयार है। कोविड-19 स्थिति के बाद त्योहारी सीजन एक धमाके के साथ लौटा है। इसलिए इस साल जन्माष्टमी का उत्सव एक बड़ी हिट होगी। इस अवसर को चिह्नित करने के लिए इस्कॉन सेक्टर-45 मंदिर तीन दिवसीय उत्सव कार्यक्रम के साथ आया है।

इस्कॉन बादशाहपुर के अध्यक्ष अच्युत हरि दास का कहना है कि इस साल हम इस अवसर को तीन दिनों तक मनाएंगे। पहले दिन यानी 17 अगस्त को बड़े कीर्तन, कृष्ण कथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 18 अगस्त को भी झूलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम व कीर्तन होगा। हम 19 अगस्त को जन्माष्टमी मनाते हैं। समारोह की शुरुआत मध्यरात्रि में मंगल आरती, भोग आरती, कलश अभिषेक और महाभिषेक के साथ होगी। आरती करने के लिए कोई हमारी वेबसाइटपर लॉग इन कर सकता है और अपनी आरती और सिलाई बुक कर सकता है, अच्युत हरि दास, अध्यक्ष इस्कॉन सेक्टर-45 मंदिर गुरुग्राम ने कहा।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा के बड़े इंतजाम किए हैं, ताकि श्रद्धालु भगवान के दर्शन आसानी से कर सकें। आधी रात को महाभिषेक समाप्त होने के बाद भगवान को छप्पन भोग लगाया जाएगा। उत्सव के लिए मुख्य मंदिर के साथ आसपास की सड़कों को भी कोलकाता लाइट से सजाया गया है। आधी रात को भगवान कृष्ण को कई वस्तुओं से स्नान कराया जाएगा। जन्माष्टमी के अगले दिन हम प्रभुपाद-इस्कॉन वर्ल्ड वाइड के संस्थापक का प्रकटन दिवस भी मनाएंगे।

# प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम : विभिन्न विकास कार्य पर खर्च होंगे 285 करोड़ रुपये

## डीसी अजय कुमार ने पीएम जन विकास कार्यक्रम की अधिकारियों की बैठक में कहा

### कहा, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के लिए नए प्रोजेक्ट एक सप्ताह में बनाकर भेजें

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की समीक्षा करते उपायुक्त अजय कुमार।

**डीसी** अजय कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सचिवालय के सभागार में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ। डीसी ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के लिए नए प्रोजेक्ट एक सप्ताह में बनाकर भेजें। उन्होंने कहा कि ट्रामा सेंटर के लिए रेवासन या रोजका मेव में जमीन चिन्हित करें, इसके अतिरिक्त सीएचसी व पीएचसी में मेडिकल उपकरण नूंह, मांडीखेड़ा व पिनगवां में डाक्टरों के निवास तथा मॉर्डन ओटी, सीनियर सैकेंडरी स्कूल में सेमिनार हॉल, राजकीय कन्या महाविद्यालय में ओडिटोरियम, ई लर्निंग क्लास रूम, राजकीय स्कूलों में सोलर हाई मास्क लाइट, सीएचसी मांडीखेड़ा में सोलर पावर प्लांट, पीने के पानी के लिए आरओ सिस्टम, स्वच्छता के लिए शहरी क्षेत्र में पब्लिक व मोबाईल शौचालय, स्कूल व आंगनवाड़ी में बायो टोयलेट, खेल स्टेडियम, कोटा खंडेवला, झामुवास, तावडू, नगीना में मिनी स्टेडियम का अपग्रेडशन, राजकीय स्कूलों में खेल मैदान, इंडोर बैडमिंटन हॉल आदि के बारे में प्राजेक्ट बनाने के लिए निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों पर लगभग 285.32 करोड़ रुपए खर्च किए जाने है। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत किए जा रहें कार्यों की क्रमवार समीक्षा की व आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि केंद्र सरकार ने अल्पसंख्यक समुदाय को मजबूत व शिक्षित बनाने के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदायों को विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास के क्षेत्र में मजबूत बनाना है और उनको बेहतर सामाजिक-आर्थिक संरचना सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय औसत और अल्पसंख्यक समुदायों के बीच के गैप को कम करना है। अल्पसंख्यक समुदाय वाले शहरों तथा गांवों के क्लस्टरों को अलग करने के मानक को अल्पसंख्यक समुदायों के जनसंख्या प्रतिशत मानक घटा कर विवेकसंगत बनाना है। बैठक में एडीसी डा. सुभिता ढाका, सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत, एलडीएम पंकज सिन्हा, सभी बीडीपीओ व डीपीएम असरी, परियोजना अधिकारी समीम अहमद सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 153 लोगों ने कराई जांच


स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाते ग्रामीण।

### खोडबसई में लगे शिविर में रक्त, बीपी, ईसीजी, ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर, आंखों आदि की जांच हुई

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**जिला** नूंह में ग्राम समुदाय के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए चल रहे एनएचपीसी समर्थित अभियान के हिस्से के रूप में बिस्नौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) ने बुधवार को गांव खोडबसई में नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम ने सुबह 9.30 बजे से दोपहर एक बजे तक खोडबसई में 153 लोगों की जांच की। कैम्प में एनीमिया, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसे गैर-संचारी रोगों पर ध्यान केंद्रित किया गया। रक्त, बीपी, ईसीजी, ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर, आंखों आदि की जांच की गई। इसके अलावा, कोविड के मामलों में हालिया स्पाइक को ध्यान में रखते हुए, लोगों को कोविड-उपयुक्त व्यवहार और सुरक्षा उपायों का पालन करने की आवश्यकता के बारे में जागरुक किया गया।

साथ ही गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखते हुए, डॉक्टरों ने संतुलित आहार और कम लागत वाले घर का बना पौष्टिक भोजन के बारे में जानकारी प्रदान की। दवाईयां, पोषाहार पूरक, इम्युनिटी बूस्टर किट, मास्क आदि बांटे गए। बीएसजीएसएस निदेशक जेएनराय ने कहा, इस पहल खोरबसई और आसपास के गांवों के लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए एनजीओ द्वारा नियोजित 6 स्वास्थ्य शिविरों में से तीसरा था।

# क्षेत्र में कानून व्यवस्था लागू कराना पहली प्राथमिकता : डीएसपी

## कहा, भविष्य में अवैध खनन करना तो दूर सोचने की भी चेष्टा ना करें अपराधी

पायनियर समाचार सेवा। तावडू


अनिरुद्ध चौहान, डीएसपी,तावडू।

**नवनियुक्त** उप पुलिस अधीक्षक अनिरुद्ध चौहान ने कार्यभार संभालते ही अपने तेवर जाहिर कर दिए हैं। बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान डीएसपी अनिरुद्ध चौहान ने बताया कि पिछले दिनों हुई घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। साथ ही अवैध खनन से जुड़े लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में अवैध खनन करना तो दूर सोचने की भी चेष्टा ना करें। इसको लेकर वह करीब आधा दर्जन गांव का दौरा कर चुके हैं।

ग्रामीणों से भी अपील की है कि इस अनैतिक कार्य में संलिप्त लोगों की जानकारी पुलिस से साझा करें। इसके अलावा जो लोग नशे के कारोबार से जुड़े हुए हैं उनकी सूचना भी पुलिस को दें। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। चेतावनी भरे लहजे में कहा कि गौ तस्करी व नशा तस्करी किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। अंत में कहा कि क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित व भयमुक्त वातावरण मिले इसका वह पूरा प्रयास करेंगे।

# सीएम फलाइंग को छापेमारी में तीन क्रेशर प्लांटों पर मिली खामियां

ललित गर्ग। पुन्हाना


निरीक्षण करती सीएम फ्लाइंग टीम।

**सीएम** फ्लाइंग रेवाड़ी की टीम ने बुधवार को मानोता क्रेशर जॉन में औचक निरीक्षण किया। सब इंस्पेक्टर एसआई सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के साथ गुप्तचर विभाग से राजकुमार, खनन विभाग से शाहआलम, प्रदूषण विभाग से एसडीओ मनीष यादव इत्यादि साथ रहे। टीम ने जॉन में क्रेशर प्लांटों का निरीक्षण किया तो तीन प्लांट पर स्टॉक गडबड़ी पाई गई। जिन पर विभागानुसार कार्यवाही की जाएगी।

मिली जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग टीम ने बुधवार को मानोता क्रेशर जॉन में बड़ी कार्यवाही की। खनन विभाग, प्रदूषण विभाग, गुप्तचर विभाग के साथ सीएम फ्लाइंग की टीम की कार्यवाही कई घण्टों तक चली। टीम ने प्लांटो पर जहां क्रेशर प्लांट संबंधित कागजो की जांच की, वही मौके पर पड़े स्टॉक का भी मापतोल किया गया। जिनमे तीन क्रेशर प्लांटो पर माल स्टॉक में गड़बड़ पाई गई। जिनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। सीएम फ्लाइंग टीम के नेतृत्व कर रहे एसआई सतेंद्र सिंह ने बताया कि छापेमारी के दौरान तीन प्लांटों पर माल स्टॉक में अनियमितता पाई गई। प्लांट संचालक मौके पर पड़े स्टॉक सम्बंधित पूरा रिकॉर्ड नहीं दिखा पाए। जिनके खिलाफ विभाग नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# डीएसपी हत्याकांड में एक और आरोपी को मिली जमानत

### पचगांव में हुई हत्या में अब तक पांच आरोपियों की हो चुकी है जमानत

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**पचगांव** डीएसपी सुरेंद्र सिंह हत्याकांड में आरोपी मुस्ताक उर्फ मंगल निवासी पचगांव को भी जमानत मिल गई है। इस हत्याकांड में गिरफ्तार 12 आरोपियों में से अब तक पांच की जमानत हो चुकी है। आरोपी मुस्ताक पर षड्यंत्र के तहत अवैध खनन का पत्थर अपने घर पर मंगाने का आरोप था।

आरोपी पक्ष के अधिवक्ता ताहिर हुसैन देवला ने बताया कि शहीद डीएसपी सुरेंद्र सिंह हत्या मामले में आरोपी मुस्ताक उर्फ मंगल निवासी पचगांव को पुलिस ने 29 जुलाई को गिरफ्तार किया था। पुलिस का आरोप है कि एक षड्यंत्र के तहत मुस्ताक के घर पर ही अवैध खनन कर पत्थर लाया जा रहा था। अधिवक्ता ने दावा करते हुए बताया कि पुलिस को आरोपी के खिलाफ अभी तक कोई सबूत नहीं मिला। न्यायालय में यह दलीलें रखी गई तो बुधवार को एडिशनल सेशन जज नूंह संदीप कुमार दुग्गल ने आरोपी मुस्ताक की जमानत अर्जी मंजूर कर ली। बता दें कि गत 19 जुलाई को हुए डीएसपी सुरेंद्र सिंह हत्याकांड मामले में दो नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ तावडू सदर थाने में मुकदमा दर्ज किया था।

# अब एक क्लिक पर बनेगा पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र : डीसी

**नूंह।** हरियाणा सरकार द्वारा आजादी अमृत महोत्सव की श्रृंखला सहित अंत्योदय उत्थान वर्ष में परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) आधारित पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र की ऑनलाइन सेवा को लांच किया गया है। इसके माध्यम से अब पात्र व्यक्ति महज एक क्लिक से अपना पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र बनवा सकेंगे।

डीसी अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की इस पहल से अब लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे व ऑनलाइन सेवा से काम भी जल्दी होगा। उन्होंने बताया कि पिछड़ा वर्ग के जिन परिवारों ने परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में रजिस्ट्रेशन किया है और उन परिवारों की इनकम पीपीपी के माध्यम से वेरीफाई हो चुकी है। वे परिवार सरल पोर्टल के माध्यम से अपना पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र बनवा सकते हैं।

# अस्थाई सब्जी मंडी स्थानांतरण को मंडी प्रशासन के नोटिस बेअसर

पायनियर समाचार सेवा। तावडू


गंदगी भरे वातावरण में अस्थाई सब्जी मंडी में सब्जी बेचते आढ़ती।

**तावडू** नई अनाज मंडी में संचालित अस्थाई सब्जी मंडी के स्थानांतरण को लेकर मंडी प्रशासन द्वारा दिए गए नोटिस को आढ़तियों ने नजरअंदाज कर दिया है। बीते लंबे समय से नई अनाज मंडी परिसर में चल रही सब्जी मंडी को स्थानांतरित करने को लेकर मंडी प्रशासन बेबस नजर आ रहा है। बार-बार नोटिस जारी करने के बावजूद मंडी आढ़ती प्रशासन की एक सुनने को तैयार नहीं।

28 जुलाई को मार्केट कमेटी सचिव मोहन जोयल ने लाइसेंस धारक 18 सब्जी मंडी आढ़तियों को 15 दिन का समय देते हुए 12 अगस्त तक नई सब्जी मंडी प्रांगण में स्थानांतरित करने के नोटिस दिए थे। नोटिस में स्पष्ट कहा गया था कि या तो समय रहते स्वयं नई सब्जी मंडी प्रांगण में स्थानांतरित हो जाए अन्यथा प्रशासन की मदद लेकर जगह को खाली कराया जाएगा। मार्केट कमेटी सचिव मोहन जोयल ने बताया कि इससे पूर्व भी सब्जी मंडी आढ़तियों को तीन बार पहले भी नोटिस दिए जा चुके हैं। बावजूद इसके अभी तक सब्जी मंडी के नए जगह पर स्थानांतरित होने के कोई आसार दिखाई नहीं पड़ रहे। सब्जी मंडी आढ़तियों की राजनीतिक पहुंच के चलते मंडी नई जगह पर स्थानांतरित नहीं हो पा रही।

# किसान बागवानी विभाग से पाएं फलदार पौधों पर सब्सिडी: एसडीएम

## मनीषा शर्मा ने कहा, बागवानी विभाग किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिए दे रहा फलदार पौधे

### टपका प्रणाली सहित कई प्रकार की बागवानी विधि को अपनाकर आजीविका बेहतर करें

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



उपमंडल पुन्हाना के हथनगांव में बाग लगाओ अभियान कार्यक्रम में बोलतीं एसडीएम मनीषा शर्मा।

**पुन्हाना** उपमंडल के हथनगांव में बुधवार को बाग लगाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा ने फलदार पौधा लगाकर इस कार्यक्रम की शुरुआत की। बागवानी विभाग की तरफ से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर अपनी आमदनी को दो गुणा बढ़ाने के लिए विभाग की स्कीमों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की।

एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बागवानी विभाग किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिए फलदार पौधे वितरित कर रहा है। विभाग किसानों को इन फलदार पौधों पर सब्सिडी भी देता है। इसके अलावा टपका प्रणाली सहित कई प्रकार की बागवानी विधि को अपनाकर किसान अपनी आजीविका को बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हथनगांव के लोग ज्यादा से ज्यादा बागवानी विभाग की स्कीमों का लाभ उठाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करें। जिला बागवानी अधिकारी डा. दीन मोहम्मद ने कहा कि इस बार तकरीबन डेढ़ सौ गांव में बाग लगाए जाएंगे। इनमें नींबू, अमरूद, बेर सहित विभिन्न प्रकार की प्रजाति के फलदार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिले के किसान भी अपनी आमदनी को कई गुणा बढ़ा सकता है। इसके लिए एफपीओ बनाकर काम करने की जरूरत है। जिले के कई किसानों ने एफपीओ बनाए हैं।

खीरा, टमाटर इत्यादि की फसल उगाकर किसानों ने अच्छा लाभ कमाया है। बाग वाले खेत में परंपरागत खेती भी पहले की तरह की जा सकती है। लिहाजा कठिन परिस्थितियों में भी मेवात जिले में कई फलदार पौधे तेजी से फल देने लगते हैं। खजूर की खेती पर भी जिले में विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने 56 पदक जीते

**सोनीपत।** ककरोई रोड स्थित एक एकेडमी में आयोजित 40वीं ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने 56 पदक जीतकर शानदार विजय प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। लिटल एंजल्स स्कूल के 27 खिलाड़ी 13 से 16 आयुवर्ग में ओपन स्टेट प्रतियोगिता में अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे, जोकि विद्यालय के लिए बड़े ही हर्ष व गर्व की बात है। अक्षिता गुलिया ने अंडर- 13 सिंगल्स और डबल्स में, अंडर- 15 सिंगल्स और डबल्स मे 4 स्वर्ण पदक प्राप्त किए। हर्षित ने अंडर-17, अंडर-19 सिंगल्स व डबल्स अंडर-19 डबल्स, अंडर-17 मिक्स डबल्स, अंडर-19 मिक्स डबल्स में 4 स्वर्ण पदक और 2 रजत पदक प्राप्त किए। कोमल सरोहा ने अंडर-17 सिगल्स व डबल्स, अंडर-19 सिगल्स व डबल्स में 4 स्वर्ण पदक व 2 रजत पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### दो किलो 980 ग्राम गांजा समेत एक आरोपी दबोचा


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**तावडू।** गांव शिकारपुर से हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो टीम ने दो किलो 980 ग्राम गांजा व मोटरसाइकिल सहित एक युवक को दबोचा है। बरामद गांजा की कीमत लगभग 30 हजार रुपये है। सदर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो रेवाड़ी यूनिट टीम के उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि मंगलवार श्याम को सूचना मिली की आमिर पुत्र निजर मोहम्मद निवासी निवासी शिकारपुर थाना तावडू नशीले पदार्थ के धंधे में संलिप्त है। फिलहाल वह मोटरसाइकिल पर सवार गांव शिकारपुर के नजदीक निर्माणाधीन रेलवे लाइन के पास गांजा बेचने की फिराक में खड़ा हुआ है। यदि दबिश दी जाए तो आरोपी को नशीले पदार्थ गांजा सहित काबू किया जा सकता है। सूचना मिलते ही वह नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पर उन्हें मोटरसाइकिल पर सवार एक नौजवान युवक दिखाई दिया, जिसकी मोटरसाइकिल की टंकी पर एक सफेद रंग की पॉलिथीन रखी हुई थी।नारकोटिक्स टीम को देखकर युवक ने मोटरसाइकिल सहित भागने की कोशिश की लेकिन उसे काबू कर लिया गया। पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान आमिर निवासी शिकारपुर बताई। वहीं नायब तहसीलदार तावडू को मौके पर बुलाकर उनके समक्ष पकड़े गए युवक से बरामद पॉलिथीन की तलाशी ली गई। जिसमें मिले पदार्थ की जांच करने पर गांजा की पुष्टि हुई। बरामद गांजा कुल वजन 2 किलो 980 ग्राम था, जिसकी कीमत लगभग 30 हजार रुपये है। जांच अधिकारी नेत्रपाल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### वोटर आईडी बनवाकर आधार कार्ड से भी लिंक कराएं



**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय कुमार के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार राजेन्द्र हुड्डा ने बुधवार को तीनों विधानसभा क्षेत्र के सभी सुपरवाइजर की बैठक ली और आधार कार्ड से वोटर कार्ड को लिंक किए जाने की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने वोटर आईडी बनवाएं और आधार कार्ड से भी लिंक करें ताकि उन्हें सुविधाएं मिल सकें और भविष्य में दिक्कत न आए। नायब तहसलीदार राजेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वच्छ व शुद्ध मतदाता सूची बनाने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की हिदायत अनुसार राज्यों में वोटर आईडी कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है। आयोग के मुताबिक, वोटर आईडी कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का काम वोटर की पहचान स्थापित करने और इलेक्टोरल रोल में एंट्रीज के ऑथेंटिकेशन के उद्देश्य से किया जा रहा है।नायब तहसीलदार ने बताया कि आधार से वोटर कार्ड को लिंक करने की प्रक्रिया में सबसे पहले एनवीएसपी पोर्टल पर रजिस्टर करना होगा। वेब्साइट पर जाकर क्लिक करें। इसके बाद मोबाइल नंबर और अपना कैप्चा दर्ज करें। अब मोबाइल पर एक ओटीपी आएगा। जिसे दर्ज करें, इसे डालते ही आपके सामने एक पेज खुलेगा, जिसमें अपनी सारी जानकारी दर्ज करें। अब सबमिट बटन पर क्लिक करके आपकी सारी जानकारी रजिस्टर हो जाएगी। इसके अलावा आपको 166 या 51969 पर एक एसएमएस भेजना होगा। जिसमें वोटर आईडी-आधार लिंक की रिक्वेस्ट देनी होगी। एसएमएस का खास फॉर्मेट होगा जो वोटर आईडी नंबर आधार, नंबर के रूप में भेजना होगा। उन्होंने बताया कि अपने बीएलओ को जाकर फोटो पहचान पत्र तथा आधार कार्ड की प्रति प्रस्तुत करें तथा लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोकतंत्र को मजबूती देने वाले इस अभियान में बढ़चढ़ कर भाग लेकर अपने कर्तव्यों को निभाएं। सरकार द्वारा वोटर आईडी कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने का अभियान शुरू किया गया है।

### एएवाई, बीपीएल व ओपीएच कैटेगरी के कार्ड धारक राशन लें

**नूंह।** एएवाई, बीपीएल व ओपीएच कैटेगरी के कार्ड धारकों को अगस्त-2022 में हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा में राशन प्रदान किया जायेगा। ये जानकारी देते हुए उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि अगस्त 2022 का राशन सोशल डिस्टेंस की पालना करते हुए वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एएवाई राशन कार्ड पर रेगुलर एलोकेशन के तहत 35 किलो गेहूं प्रति राशन कार्ड 2 रुपए प्रति किलो से दिया जाएगा तथा एक किलो चीनी 13.50 रुपए प्रति किलो प्रति किलो के हिसाब से वितरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पांच किलोग्राम गेहूं अतिरिक्त तौर पर प्रति व्यक्ति/यूनिट नि: शुल्क प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बीपीएल राशन कार्ड पर मास अगस्त 2022 में 5 किलो गेहूं/प्रति व्यक्ति दो रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से एक किलो चीनी 13.50 रुपये प्रति किलो के हिसाब से वितरण की जाएगी। इसके अतिरिक्त पांच किलोग्राम गेंहू अतिरिक्त तौर पर प्रति व्यक्ति/यूनिट नि: शुल्क प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ओपीएच राशन कार्ड पर मास अगस्त 2022 में 5 किलो गेहूं/प्रति यूनिट दो रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से के अतिरिक्त पांच किलोग्राम गेहूं प्रति व्यक्ति नि:शुल्क प्रदान किया जायेगा। हरियाणा सरकार द्वारा मास अगस्त 2022 में एएवाई व बीपीएल राशन कार्ड धारको को गेहूं, चीनी, निर्धारित कीमत अनुसार उपलब्ध करवाया जाएगा। ओपीएच राशन कार्डों धारकों को केवल गेहूं निर्धारित कीमत अनुसार उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके अतिरिक्त पीएमजीकेएवाई योजना के अंतर्गत सभी श्रेणी के राशन कार्ड धारकों को पांच किलो प्रति व्यक्ति गेहूं नि:शुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। सभी राशन कार्ड धारकों से अनुरोध है कि वह डिपो धारकों से राशन की मशीन से रसीद स्लिप अवश्य प्राप्त करें। सभी निरीक्षकों को राशन वितरण के दौरान सोशल डिस्टेंस का सख्ती से पालना करवाने व सभी डिपो स्थलों को प्रतिदिन सुबह से देर शाम तक खुलवाने बारे निर्देश दे दिए गए हैं। यदि किसी डिपो धारक द्वारा सोशल डिस्टेंस में कोई कोताही बरती गई तो उसके विरुद्ध विभाग द्वारा कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी बीपीएल, एएवाई, ओपीएच कार्ड धारक को डिपू धारक से वर्णित राशन प्राप्त होने में कठिनाई आती है तो वह उसके निवारण के लिए जिला के कंट्रोल रूम दूरभाष नंबर 01267-274615 एवं स्टेट हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1800-180-2087 व नूंह, तावडू, फिरोजपुर-झिरका, पुन्हाना, पिनगवां, केन्द्रों से संबधित सहायक खाद्य एवं आपूर्ति विभाग अधिकारी से संबंधित सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी नूंह, तावडू, पुन्हाना, पिनगवां, फिरोजपुर झिरका दूरभाष नंबर 9569992324 संपर्क कर सकते हैं।

पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Sukharani, Adhaar No. 632692773749, W/o Sohan Lala R/o H.No.2943, Nangla Enclave Part-1, NIT Faridabad, declare that Shanti was my Previous name and now my name is Sukharani as mentioned in my Adhaar Card. In future, I may be Known as Sukharani.

I, Khushika alias Khushika Taneja D/o Sh. Ashwani Kumar Taneja R/o Flat No. 403, T-12A, RPS Savana, Sector - 88 Faridabad Haryana 121002. Khushika & Khushika Taneja both name are same person .

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## प्रधानमंत्री का संबोधन
### पांच प्रतिज्ञायें

**स्वतंत्रता** दिवस के संबोधन में पांच प्रतिज्ञायें लेने की बात कही। जनता इन प्रतिज्ञाओं का सम्मान कर सकती है, पर क्या नेता भी करेंगे? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण इस बड़ी महत्वाकांक्षा को परिभाषित करता है कि भारत 2047 तक विकसित देश बन जाएगा। उन्होंने सरकार तथा जनता के लिए दीर्घकालीन रोडमैप पेश किया जिसमें अगले 25 वर्ष के लिए अनेक लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने 2047 के लिए पांच प्रतिज्ञाओं की बात कही। इनमें भारत को विकसित देश बनाने, गुलामी के कोई भी लक्षण मिटाने, विरासत पर गर्व करने, एकता तथा अपने कर्तव्य पूरे करने की बात शामिल है। पांच प्रतिज्ञायें एक ही निरंतरता का हिस्सा हैं क्योंकि इनमें से हरएक दूसरे से जुड़ी है। इसी प्रकार इन प्रतिज्ञाओं से प्राप्त होने वाले लक्ष्य भी एक दूसरे से जुड़े हैं। विकसित देश के लिए केवल उच्च प्रति व्यक्ति आय जरूरी नहीं है। हालांकि यह आवश्यक है, पर यह अपने आप में काफी नहीं है। विकसित देश का अर्थ व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा नागरिकों के बीच समता है। यह तथ्य सभी जानते हैं कि विकसित देशों या अधिकांशत: पश्चिमी देशों के नागरिक न केवल तुलनात्मक रूप से ज्यादा अमीर हैं, बल्कि जीवन के उच्च मानकों का पालन करते हैं। ये देश दुनिया में सर्वाधिक स्वतंत्र देश हैं। इन देशों में लोग उस समय तक अपनी इच्छानुसार कुछ भी कहने व करने के लिए स्वतंत्र हैं, जब तक उससे अन्य नागरिकों को चिन्ता या नुकसान न हो। यही कारण है कि भारत व अन्य देशों के लोग कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया व अन्य विकसित देशों में जाना और वहां बसना चाहते हैं। भारत भी ऐसा देश बन सकता है,



बशर्ते कि राजनेता वर्ग व समाज इन स्थितियों को पैदा करने वाली गुलामी की सोच समाप्त करने की प्रतिज्ञा कर लें।

विरासत में गर्व, एकता तथा अपने दायित्व निभाने की जिम्मेदारी की भावना देश को मजबूत, आत्मविश्वासी व दृढ़ बनाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी एक प्रेरक नेता हैं जिनका करिश्मा चुनाव जीतने तथा लोगों को सार्वजनिक जीवन में सार्थक सहभागिता के लिए प्रेरित करता है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि व्यापक जनता भारत को विकसित देश बनाने के उनके आह्वान का जोश के साथ समर्थन करेगी। लेकिन असली समस्या राजनेताओं के साथ है। क्या भारतीय जनता पार्टी को छोड़ कर वे इसका पालन पूरी भावना के साथ करेंगे? इसके जवाब के बारे में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने कोरोनाकाल के सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण समय समेत हमेशा राजकोषीय रूप से व्यावहारिक रहने का प्रयास किया है। हर केन्द्रीय बजट बनाने के पहले वह कभी अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों की इन अपीलों के सामने नहीं झुकी कि 'यह समय अलग है', इसलिए सरकार को ज्यादा से ज्यादा खर्च करना चाहिए। लेकिन हर साल ज्यादा खर्च के लिए एक या दूसरा बहाना बनाया जाता है। लेकिन मोदी सरकार ऐसी मांगों के सामने कभी नहीं झुकी है। मोदी ने खैरातों के खिलाफ बोलना शुरू किया है जिसका अनेक गैर-भाजपा नेता, खासकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विरोध कर रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य से राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा ने खैरात रोकने तथा लोकरंजकता के स्वर धीमें करने की ज्यादा पहल नहीं की है। कम से कम स्पष्ट दिखने वाला ऐसा कोई रिकार्ड नहीं है। संक्षेप में जहां भारत की जनता मोदी द्वारा दिलाई गई प्रतिज्ञाओं का सम्मान करने को तैयार हो सकती है, यही बात राजनेताओं की गंभीरता के बारे में नहीं कही जा सकती है।

# उर्वरक सब्सिडी के बजाय डीबीटी उपयोगी

**सरकार को निर्माताओं के माध्यम से उर्वरक सब्सिडी देने के बजाय इसे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के माध्यम से किसानों को देना चाहिए।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



पिछले तीन साल में उर्वरक सब्सिडी में भारी वृद्धि नीति निर्माताओं, खासकर केन्द्रीय वित्त मंत्रालय को परेशान कर रही है जिसे खर्च की व्यवस्था करनी होती है। उर्वरक सब्सिडी का भुगतान निर्माताओं या आयातकों को करना पड़ता है ताकि वे उत्पादन, आयात व वितरण में कम अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी से अधिक खर्च वहन कर सके। केन्द्र सरकार किसानों से केवल एमआरपी लेने की अनुमति देती है। ये भुगतान मोटेतौर से दो श्रेणियों में आते हैं। यूरिया नाइट्रोजन या 'एन' सप्लाई का मुख्य स्रोत है, जबकि फास्फेट या 'पी' और पोटाश या 'के' उर्वरकों को गैर-यूरिया उर्वरक कहा जाता है। इस श्रेणी में लोकप्रिय उर्वरक डाई-अमोनियम फास्फेट-डीएपी व म्यूरेट आफ पोटाश-एमओपी हैं।

यूरिया के मामले में सरकार एमआरपी पर नियंत्रण को 'अनिवार्य' करती है। सरकार निर्माताओं या आयातकों को उत्पादन लागत तथा वितरण या 'कास्ट आफ सप्लाई' का भुगतान एमआरपी पर सब्सिडी के रूप में करती है। यह 2003 से लागू नई मूल्य नीति-एनपीएस के अंतर्गत 'विशिष्ट यूनिट' के आधार पर की जाती है। जहां तक गैर-यूरिया उर्वरकों का सवाल है, यह पोषकों के आधार पर 'समान' सब्सिडी तय की जाती है जो सभी निर्माताओं व आयातकों के लिए एक अन्य योजना पोषक आधार योजना-एनबीएस के अंतर्गत दी जाती है। यह योजना 2010 में लागू की गई थी। सब्सिडी के संबंध में दो चीजें महत्वपूर्ण हैं। पहली सप्लाई का खर्च तथा दूसरी एमआरपी। प्रत्येक टन उत्पादित या आयातित बिक्री किए जाने वाले उर्वरक पर सब्सिडी और कुछ नहीं, बल्कि दोनों के बीच अंतर है। तीसरा महत्वपूर्ण आयाम उर्वरकों की कुल बिक्री वाली मात्रा है। प्रति टन सब्सिडी से गुणा करने पर यह कुल सब्सिडी भुगतान प्रदर्शित करता है जो बजट में सामने आता है। भारत अपनी उर्वरक आवश्यकतायें पूरी करने के लिए अधिकांशत: आयात पर निर्भर है। प्रत्येक प्रकार के उर्वरक के संबंध में निर्भरता पर गौर करें तो यह फास्फेट में 90 प्रतिशत, पोटाश में 100 प्रतिशत, यूरिया में 33 प्रतिशत तथा गैस में 50 प्रतिशत है। भारतीय तटों पर पहुंचने पर उनकी कीमत अनेक वैश्विक मांग व सप्लाई शक्तियों के आधार पर निर्भर होती है। इसके साथ ही इसमें कस्टम ड्यूटी, पोर्ट हैंडलिंग तथा आंतरिक परिवहन की लागत भी आयातित उत्पादक और 'प्रसंस्करण लागत' के रूप में जुड़ती है। इसमें कच्चे माल की कीमत, ब्याज, अवमूल्यन, रिटर्न या इक्विटी तथा वेतन व भत्ते, पैकेजिंग, आदि का खर्च शामिल है। भारत में उत्पादित उर्वरक में भी आयातित कच्चा माल प्रयोग होता है जिस पर टैक्स व ड्यूटी लगती है। गैर-यूरिया उर्वरकों के आयात के मामले में कस्टम ड्यूटी व कच्चा माल लगभग 5 प्रतिशत होता है। राक फास्फेट और सल्फर इसके अपवाद हैं जहां यह 2.5 प्रतिशत होता है। सभी उर्वरकों पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। फास्फोरिक एसिड व अमोनिया पर क्रमश: 12 प्रतिशत व 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। हालांकि, प्राकृतिक गैस जीएसटी के बाहर है, पर इस पर वैट लगता है जो उत्तर प्रदेश में 21 प्रतिशत तक हो सकता है।

उपरोक्त को देखते हुए सप्लाई का खर्च निर्माताओं व आयातकों की परिधि से बाहर होता है। जहां तक एमआरपी का सवाल है, किसी मूल्य वृद्धि खासकर यूरिया में मूल्य वृद्धि का राजनीतिक नतीजा होता है और कोई सरकार इसे छूना नहीं चाहती है। इसकी महत्वपूर्ण भूमिका इस तथ्य से देखी जा सकती है। 1998-99 में वाजपेयी सरकार के वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने यूरिया के प्रति टन यूरिया में 1,000 रुपये वृद्धि का प्रस्ताव किया। लेकिन मूल्यवृद्धि को अधिक दिखने से बचने के लिए उन्होंने सामान्य रूप से प्रति टन के बजाय एक रुपये किलो मूल्यवृद्धि की बात कही। लेकिन यह तरकीब कारगर नहीं रही। सिन्हा को अगले ही दिन वृद्धि में 50 प्रतिशत कमी पर मजबूर होना पड़ा और बाकी वृद्धि भी दो सप्ताह से कम समय में वापस ले ली गई। विश्वास करें या नहीं, इसके बाद दो दशक या 2002 तक यूरिया के एमआरपी में कोई वृद्धि नहीं की गई। यहां तक कि गैर-यूरिया उर्वरकों के मामले में एनबीएस बिक्री मूल्य में वृद्धि की अनुमति देता है, पर मोदी सरकार ने वास्तव में अप्रैल, 2021 तक इसकी मूल्य वृद्धि पर विराम लगा दिया था। उपरोक्त आयामों को देखते हुए अनेक सरकारों ने असहाय होकर उर्वरक सब्सिडी को लगातार बढ़ते देखा है जो हालिया वर्षों में खतरनाक स्तर तक पहुंच गई हैं। केवल 2008-09 में यह 1,00,000 करोड़ रुपये की सीमा पार कर चुकी थी। अब हम देख रहे हैं कि हर तीन साल में ऐसा हो रहा है। 2020-21 व 2021-22 में सब्सिडी क्रमश: 1,38,000 व 1,62,000 करोड़ की सीमा पार कर गई तथा इसके 2,50,000 करोड़ पहुंचने की आशा है।

ऐसे में आगे बढ़ने का रास्ता क्या है? इस सवाल का जवाब मुख्य आर्थिक सलाहकार-सीईए ने 2015-16 के आर्थिक सर्वेक्षण के विश्लेषण में दिया है। इसके अनुसार, सब्सिडी का 24 प्रतिशत अक्षम उत्पादकों के पास चला जाता है तथा 41 प्रतिशत गैर-कृषि कार्यों में लगता है जिसमें पड़ोसी देशों को स्मगलिंग भी शामिल है। इसके साथ ही 24 प्रतिशत का उपयोग बड़े व अमीर किसानों द्वारा होता है। इससे केवल 11 प्रतिशत ही छोटे व सीमान्त किसानों के लिए बचता है, जबकि सब्सिडी का अधिकतम लाभ उनको ही मिलना चाहिए। हालांकि, 2015-16 से नीम कोटिंग का बहुत प्रचार हुआ है तथा सभी निर्माताओं व आयातकों को ऐसा करना जरूरी है, लेकिन इसके बावजूद यूरिया का 30 प्रतिशत अन्य कामों में खर्च होता है। इस प्रकार कुल 35 मिलियन टन बिक्री वाली यूरिया में 10.5 मिलियन टन का गैर-कृषि कार्यों में प्रयोग हो जाता है जिसके लिए सब्सिडी की जरूरत नहीं है। प्रति टन औसत सब्सिडी 71,400 रुपये को देखते हुए इसका दुरुपयोग रोकने से लगभग 75,000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।

यदि कुल बिक्री वाली यूरिया से गलत प्रयोग की जानी वाली यूरिया की मात्रा अलग की जाए तो किसानों द्वारा वास्तव में प्रयोग की जाने वाली यूरिया का पता चल जाएगा। यह लगभग 24.5 मिलियन टन है। इसमें से 2 हेक्टर से अधिक जमीन वाले मझोले व बड़े किसान लगभग 25 प्रतिशत या 6.1 मिलियन टन का प्रयोग करते हैं। यदि उनको सब्सिडी योजना से बाहर कर दिया जाए तो लगभग 44,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। उर्वरक प्रयोग की क्षमता बढ़ाने की असाधारण संभावनायें हैं। यूरिया प्रयोग की क्षमता में 10 प्रतिशत सुधार का अर्थ 2.45 मिलियन टन की बचत होगी। यदि सब्सिडी को 71,400 रुपये प्रति टन माना जाए तो इससे लगभग 17,500 करोड़ रुपये की बचत होगी। कुल मिला कर कहा जाए तो सरकार 1,36,500 करोड़ रुपये की बचत कर सकती है। लेकिन इसके लिए सरकार को मूल्य व सब्सिडी सुधारों की आवश्यकता होगी। सरकार को निर्माताओं के माध्यम से उर्वरक सब्सिडी देना बंद करना होगा। इसके बजाय केवल छोटे व सीमान्त किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी दी जा सकती है। इससे सभी सप्लायर बाजार द्वारा निर्धारित कीमतों पर उर्वरक बेचने को स्वतंत्र होंगे। यूरिया आयात को भी मुक्त किया जाना चाहिए क्योंकि गैर-यूरिया उर्वरकों का आयात पहले ही मुक्त है। इससे सप्लायरों में प्रतियोगिता बढ़ेगी तथा केवल सर्वाधिक सक्षम ही बाजार में बचेंगे जो कम लागत पर सप्लाई करने की स्थिति में होंगे। किसान के खाते में सीधे सब्सिडी जाने के कारण बाजार में कोई सब्सिडी वाला उर्वरक नहीं होगा। इससे गैर-कृषि कार्यों में उर्वरकों का प्रयोग पूरी तरह बंद हो जाएगा। इसके साथ ही एमआरपी से उर्वरकों की असली कीमत स्पष्ट होने पर किसान इसका बेहतर प्रयोग करेंगे। सरकार को टैक्स व ड्यूटी की समीक्षा करने की भी जरूरत है।

उर्वरकों पर टैक्स लगाने का कोई अर्थ नहीं है क्योंकि इसकी भरपाई सरकार को ही करनी होती है। सभी उर्वरकों के आयात पर कस्टम ड्यूटी समाप्त होनी चाहिए। गैस को भी जीएसटी के अंतर्गत ला कर उसे 5 प्रतिशत वाले स्लैब में रखा जाना चाहिए।

# विपक्ष को अच्छे नेता व बेहतर सामंजस्य की जरूरत

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



भारत के अगले आम चुनाव के लिए विपक्ष को संगठित होने में अभी समय है। ऐसे में लगता है कि 2024 का चुनाव भाजपा और क्षेत्रीय दलों के बीच होगा। इस संबंध में कुछ सवाल स्वाभाविक रूप से उठते हैं। 75 साल के स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र ने कैसे काम किया है? कुल मिलाकर, इसने 17 बार सुचारू रूप से सहज सत्ता हस्तांतरण किया है। इसलिए हम खुद को शाबाशी दे सकते हैं कि हमने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अच्छा काम किया है। लेकिन जहां यह बेहतर हो सकता था, वह है विपक्ष की स्थिति, जो लोकतंत्र की एक अच्छी पहचान है। जैसा कि हम वर्तमान समय में स्वतंत्रता की हीरक जयंती मना रहे हैं, यह समय पीछे मुड़कर देखने और विपक्ष की स्थिति को परखने का भी है, जिसने अपने इतने वर्ष के जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव का सामना किया है। 1952 में जब पहला आम चुनाव हुआ, तो कांग्रेस ने केंद्र व राज्यों में चुनावों में जीत हासिल की। लेकिन 1962 के चुनावों तक आते-आते, कम्युनिस्टों, समाजवादियों, स्वतंत्र पार्टी और भारतीय जनसंघ ने उसके व्यापक प्रसार में सेंध लगाना शुरू कर दिया था। ऐसा भी दौर आया जब विपक्ष ने चीनी आक्रमण के समय नेहरू की विफलता, इंदिरा गांधी के आपातकाल, राजीव गांधी के बोफोर्स घोटाले, मंडल आंदोलन, मंदिर आंदोलन, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019, किसान आंदोलन आदि मुद्दों पर सत्तारूढ़ दल के खिलाफ एक सफल अभियान चलाया।

वर्तमान समय पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि हमारे पास एक कमजोर और विभाजित विपक्ष है। कुछ लोगों को लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलता का राज बंटा हुआ विपक्ष है। चूंकि विपक्ष के पास देश के भविष्य के बारे में साहसिक योजना, नयी दूरगामी दृष्टि और नेतृत्व की कमी है, इसलिए बार बार यही सवाल उठता है कि केन्द्रीय सत्ता के संघर्ष में मोदी बनाम कौन? फिलहाल विपक्ष के पास इसका कोई जवाब नहीं है। इसके अलावा, ममता बनर्जी, मायावती और के. चंद्रशेखर राव जैसे उभरते क्षेत्रीय क्षत्रप अपने अलावा नेतृत्व के लिए अन्य नेताओं के नामों पर सहमत नहीं हैं।

2014 में भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता व गुजरात के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रह चुके नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय परिदृश्य में प्रवेश करने के बाद से कांग्रेस लगातार राज्यों में अपनी सत्ता को खोती आई है। आज, एक कमजोर कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के 300 से अधिक के मुकाबले उसे सिर्फ 52 सीटें मिलीं। कांग्रेस वर्तमान समय में अनेक समस्याओं से ग्रस्त है। इसमें नेहरू-गांधी परिवार से चिपके हुए पार्टी नेतृत्व व कार्यकर्ताओं के बड़े समूह के साथ ही पार्टी के पास पर्याप्त धन का अभाव है। इसके साथ ही वह भाजपा पर लगाम लगाने की रणनीति की कमी से भी ग्रस्त है।

स्वतंत्रता के फौरन बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) कांग्रेस का मुख्य विपक्षी दल थी। तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी में और बाद में भाषाई रूप से बनाए गए आंध्र प्रदेश में कम्युनिस्ट आंदोलन मजबूत था। 1964 में भाकपा और माकपा में विभाजन के बाद भी, वाम दलों ने आने वाले दशकों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वामपंथियों ने 1989 में वीपी सिंह सरकार का समर्थन किया। उन्होंने 1996-98 के दौरान दो संयुक्त मोर्चा सरकारों और 2004 और 2008 के बीच कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के लिए किंगमेकर की भूमिका निभाई। लेकिन वामदलों का जो पतन 2009 के चुनावों के साथ शुरू हुआ वह अब तक जारी है। बीते छह दशकों में अपना अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन दर्ज करते हुए, वाम मोर्चा 2019 के चुनावों में सिर्फ पांच सीटों पर ही कामयाब रहा।

एक अन्य स्तर पर गैर-कांग्रेस विपक्ष ने जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया और अन्य नेताओं के नेतृत्व में 1970 के दशक के मध्य से समाजवादी धारा चलाई। उनके जनता के बीच फैले आंदोलन ने लालू प्रसाद यादव (राष्ट्रीय जनता दल), मुलायम सिंह यादव (समाजवादी पार्टी), देवेगौड़ा (जनता दल-सेक्युलर), और नवीन पटनायक (बीजद) जैसे कुछ वर्तमान नेताओं के उदय का मार्ग प्रशस्त किया। अस्सी के दशक से तथाकथित निचली जातियों का उदय, धार्मिक पहचान, भाषाई समूह, पिछड़े वर्गों का उभार, भाजपा की हिंदुत्व पहचान की राजनीति, विद्रोह और स्वायत्तता आंदोलन, और क्षेत्रीय दलों ने प्रमुखता हासिल कर ली है। 1990 के दशक के बाद, कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों का सहारा लेना पड़ा क्योंकि यह तथाकथित उच्च जाति द्वारा भाजपा को और पिछड़ी व दलित जातियों के समाजवादी पार्टी और बसपा को वोट देने से हार गई थी। इसने असहाय होकर हिंदी पट्टी में 'मंडल' और 'कमंडल' आंदोलनों को देखा।

द्रविड़ पार्टियों ने 1967 से तमिलनाडु में अपनी एड़ी-चोटी का जोर लगाया था। इसके परिणामस्वरूप द्रमुक और अन्नाद्रमुक 1967 से बारी-बारी से तमिलनाडु पर राज कर रहे हैं। दूसरी ओर केरल में वामपंथी और कांग्रेस बारी-बारी से शासन कर रहे हैं। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में नए क्षेत्रीय क्षत्रप हैं।

नेहरू के दौर से कांग्रेस बहुत आगे निकल चुकी है। 1975 में आपातकाल लगाने के बाद इंदिरा गांधी को एक मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ा। संख्या की कमी के बावजूद, इंद्रजीत गुप्ता, सोमनाथ चटर्जी और मधु दंडवते सहित आधा दर्जन तेजतर्रार विपक्षी नेता अपनी स्पष्ट रणनीति व जनता में उसके प्रति समर्थन प्राप्त कर बोफोर्स घोटाले में राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने में कामयाब रहे। पीवी नरसिम्हा राव (1991-96 के दौरान प्रधानमंत्री) अपनी पार्टी के भीतर से उभरे और विपक्षी दलों के कड़े विरोध के बावजूद नियंत्रित अर्थ -व्यवस्था को खत्म करने और दक्षिणपंथी अर्थ-व्यवस्था की ओर 360-डिग्री वाला मोड़ लेने के लिए पर्याप्त साहसी सिद्ध हुए।

अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने 1998 से 2004 तक अपनी गठबंधन सरकार अच्छी तरह से चलाई। फिर भी, 2004 के चुनाव भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के बीच एक तगड़ी लड़ाई थी। अटल नीत भाजपा सरकार की पराजय के बाद मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में नामांकित करते हुए, सोनिया गांधी ने रिमोट कंट्रोल से वाम दलों द्वारा समर्थित सरकार चलाई। जब से नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में प्रवेश किया है, भाजपा राज्य-दर-राज्य विजयी रही है। वह एक अधिनायकवादी नेतृत्व के साथ-साथ एक कट्टर हिंदू विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने बदलाव का वादा किया और मतदाताओं में उम्मीद जगाई। हालांकि, कर्नाटक को छोड़कर दक्षिण, भाजपा से दूर है। इन क्षेत्रीय भाषाई दलों की बेहतर संगठनात्मक क्षमता ने उन्हें भाजपा की पैठ का प्रतिरोधी बना दिया है।

75 साल के समापन पर विपक्ष को एक अच्छे नेता, एक अच्छे आख्यान और सामंजस्य की जरूरत है। अभी भी संगठित होने और उत्साही लड़ाई लड़ने का समय है। 2024 का चुनाव भाजपा और क्षेत्रीय दलों के बीच होगा।

## आप की बात

### शिक्षकों का व्यवहार

**मटके** से पानी पीने के चलते जिस शिक्षक ने बच्चे को पीटा था। बच्चे की मृत्यु के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। बच्चे की गलती इतनी थी कि वह प्यास बर्दाश्त नहीं कर सका और घड़े से पानी पी लिया। स्कूल में बच्चों को पीटने या किसी भी प्रकार का शारीरिक दंड देने, मानसिक रूप से परेशान करने पर हमारे देश में सख्त कानूनी प्रावधान है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने स्कूलों में शारीरिक दंड को खत्म करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार बच्चे को किसी भी प्रकार का दर्द देना, चाहे वह हल्का ही क्यों न हो, शारीरिक दंड की श्रेणी में आता है। इसके बावजूद देश के किसी न किसी कोने में निरंतर बच्चों को प्रताड़ित करते रहने की घटनाएं होती चली आ रही हैं। वास्तव में बच्चों को पढ़ाने वाले टीचर का मनोवैज्ञानिक परीक्षण किया जाना अत्यावश्यक है। बच्चों के माता-पिता को भी शिक्षक के व्यवहार पर नजर रखनी चाहिए। टीचिंग में महिलाओं को प्राथमिकता व आरक्षण दिया जाना चाहिए। वे न सिर्फ किताबी ज्ञान देगी, वह बच्चों की कोमल भावनाओं के अनुरूप उन्हें स्नेह व प्रेम करो की पढ़ाई कराएंगी।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### महिला सशक्तीकरण

**महिला** पंचायत प्रतिनिधियों की निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास, नेतृत्व प्रणाली एवं पंचायतों की रूटीन व्यवस्था में सुधार के लिए मध्यप्रदेश शासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब महिला जन-प्रतिनिधियों के पति एवं निकटतम पुरुष रिश्तेदारों का पंचायत के कार्यों में कोई दखल नहीं रहेगा। ग्राम सभाओं में भी महिला सरपंचों को ही भागीदारी करनी होगी। हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में चुनी गई कुछ महिला सरपंचों के स्थान पर उनके पतियों द्वारा शपथ लेने का मामला उजागर होने पर मध्य प्रदेश सरकार के पंचायत राज संचालनालय ने यह फैसला लिया है कि पंचायत के कार्यों में अनुचित रुप से दखल देने वाले महिला सरपंचों के पति एवं रिश्तेदारों पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत राज के तीनों स्तरों पर सरकार को यह नियम लागू करना चाहिए, साथ ही सरपंचों के निर्वाचन के लिए शैक्षणिक योग्यता का क्राइटेरिया भी तय किया जाना चाहिए। सरकार के इस फैसले से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। नए चुने हुए जनप्रतिनिधियों हेतु सरकार को प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करना चाहिए।

-**ललित महालकरी,** इंदौर

### रूश्दी पर हमला

**आखिरकार** सलमान रुश्दी पर हुए हमले के 48 घंटे बाद ईरान ने चुप्पी तोड़ते हुए इस पर प्रतिक्रिया दी है। उसने इस हमले के लिए अपने ऊपर किसी तरह की जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया, उलटे इसके लिए स्वयं रुश्दी एवं उनके समर्थकों को दोषी ठहरा दिया। इसका मतलब यह हुआ, वह 24 वर्षीय लेबनानी मूल के हादी माटर, जिसने न्यूयोर्क में, उपन्यासकार एवं लेखक पर चाकुओं से हमला किया, के समर्थन में खुल कर सामने आ गया है। अयातुल्लाह खुमैनी का फतवा 1989 में आया था। जबकि उपन्यास 'सेटेनिक वर्सेज' का प्रकाशन 1988 में हुआ था। यह जानते हुए कि जीवन से बड़ा धर्म नहीं है। जीवन है, तो धर्म है, वरना धर्म का कोई अहमियत नहीं है। इसलिए धर्म से ज्यादा जरुरी है जीवन की रक्षा करना। सलमान रुश्दी को अब होश आ गया है। ईश्वर से कामना है कि वे जल्द से जल्द, अपने लेखन की दुनिया में लौट आएं। न्यूयार्क प्रशासन को चाहिए हादी माटर को सख्त से सख्त सजा दे। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ऐसे हमले रोकना बहुत जरूरी हो गया है।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



“**प्रधानमंत्री** द्वारा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य सर्वाधिक दु:खद घटनाओं का राजनीतिक संघर्ष में प्रयोग करना है।

\- **जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता



**विभाजन** विभीषिका दिवस के अवसर पर मैं उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि देना चाहता हूं जिन्होंने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाई। मैं सभी पीड़ितों की दृढ़ता को सलाम करता हूं।

\- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**अमेरिका** भारतीय जनता की लोकतांत्रिक यात्रा में उसके साथ है जो महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा के अमर सिद्धान्तों से प्रेरित रही है।

\- **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति ”

# पानी का बिल जमा न करवाने वाले पांच हजार डिफाल्टरों को भेजे जाएंगे नोटिस

## हुडा विभाग ने दिए सख्त निर्देश, बिल न भरने पर कटेगा कनेक्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**अब** हुडा विभाग पानी का बिल न भरने वाले पांच हजार डिफाल्टर उपभोक्ताओं को नोटिस भेजेगा, यहीं नहीं तय समय में बिल न भरने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटने से भी गुरेज नहीं करेगा। सूत्रों की माने तो हुडा के करीब 15 सेक्टरों में पांच हजार उपभोक्ताओं ने करीब 3.50 करोड़ की राशि बिल के रूप में विभाग को देनी है, लेकिन डिफाल्टर उपभोक्ता पानी का बिल भरने में आनाकानी कर रहे है, जिससे विभाग को करोड़ों रुपये का नुकसान झेलना पड़ रहा है। यहीं नहीं विकास के कई कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

विभाग उपभोक्ताओं के पास पानी के बिल भरने को लेकर लगातार प्रयास कर रहा था, लेकिन उपभोक्ता पानी का बिल भरने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे थे। इसे देखते हुए विभाग द्वारा पांच हजार उपभोक्ताओं को डिफाल्टर घोषित किया गया। अब विभाग द्वारा कई टीमों का गठन किया है, जो सैक्टरों में डिफाल्टर उपभोक्ताओं को नोटिस जारी करेंगे।



### 70 टयूबवेलों से पहुंचा रहे सेक्टरवासियों को पेयजल

**हुडा** के अंतर्गत आने वाले करीब 70 टयूबवेलों से सेक्टरवासियों को पेयजल पहुंचाया जा रहा है। आकड़ों की माने तो सेक्टरवासियों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए हुडा कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। लेकिन उपभोक्ताओं द्वारा नियम अनुसार जल का बिल न भरने के चलते विभाग के समक्ष कई आर्थिक चुनौतियां पेश आती है। जिसकी वजह से कई विकासात्मक कार्य प्रभावित होते हैं।

**पानी** का बिल न भरने वाले पांच हजार डिफाल्टर उपभोक्ताओं के पास विभाग द्वारा नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, एक सप्ताह के अंदर सभी डिफाल्टर उपभोक्ताओं को नोटिस थमा दिए जाएगे। डिफाल्टर उपभोक्ताओं को विभाग को करीब 3.50 करोड़ रुपये बिल के रूप में जमा करवाने है। उन्होंने कहा कि अगर डिफाल्टर उपभोक्ता तय समय पर पानी का बिल नहीं भरते तो पानी का कनेक्शन काटने से भी गुरेज नहीं किया जाएगा।

**धर्मबीर, एक्सईएन।**

नोटिस भेजने का अभियान एक सप्ताह तक चलेगा, अगर डिफाल्टर उपभोक्ता तय समय में बिल नहीं भरेंगे तो पानी का कनेक्शन काट दिए जाएगे, जिसकी जिम्मेदारी बिल न भरने वाले उपभोक्ताओं की होगी। बिल भरने के बाद ही दोबारा पानी का कनेक्शन चालू किया जाएगा।

### गीता निकेतन विद्या मंदिर में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर-3 में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: विद्यालय प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। वातावरण में बार-बार बांके बिहारी लाल की जय का घोष हो रहा था। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने श्रीकृष्ण के जन्म की झांकी को बहुत ही सुंदर रूप में प्रस्तुत किया। इसके अतिरिक्त राधा कृष्ण की विभिन्न प्रकार की झांकियां, नृत्य, गायन, इस कार्यक्रम की शोभा रहे।



शोभयात्रा का शुभारंभ करते विधायक व अन्य।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**श्रीकृष्णा** मंदिर सनातन धर्म सभा द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ शुगरफेड के चेयरमैन व विधायक रामकरण काला, नपा अध्यक्ष गुलशन कवात्तरा, विधायक के राजनीतिक सलाहकार विष्णु भगवान गुप्ता व मंदिर सभा के प्रधान ढूंढराज आनंद ने झंडी दिखाकर किया।

इस दौरान मनोरम झांकियों के साथ साथ श्री कृष्ण की सुंदर पालकी भी सजाई गई। झांकियों में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्थानीय एवं बाहर से आए बैंडों ने श्रीकृष्ण के गानों की मनोरम धुन बजा कर सभी को भाव विभोर कर दिया। शोभायात्रा श्री कृष्णा मंदिर से चलकर नगर के मुख्य बाज़ारों सिविल अस्पताल रोड, राजीव चौक, हनुमान मंदिर रोड, जगदीश मार्ग, दुर्गा मंदिर चौक, पतासा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, देवी मंदिर रोड, लाडवा रोड, लैंडमार्क चौक, हुड्डा रोड, नागपाल रोड, लवकुश गेट व कमेटी बाजार से होते हुए पुन: श्रीकृष्णा मंदिर में पहुंची।

शोभायात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत दवार भी बनाये गए व पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। इस मौके पर आरडी गुप्ता, रामकिशन हसीजा, महेश भगत, प्रभजीत सिंह तनेजा, रवि शर्मा, शशि कपूर, वेद गगनेजा, भगत राम गगनेजा, संजीव सचदेवा, रमेश नारंग,वीना शर्मा, ललिता सचदेवा, सोनिया कपूर, राकेश मुल्तानी, राजेंद्र तनेजा, हरीश विरमानी सहित बड़ी संख्या में कृष्ण प्रेमी मौजूद थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### स्कूल में मनाया जन्माष्टमी पर्व



बच्चों को पुरस्कृत करते अतिथिगण।

**कुरुक्षेत्र।** किड्जी व किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्कार भारती कुरुक्षेत्र से अध्यक्ष डॉ. अशोक शर्मा ने मुख्य अतिथि व यूथ कोआर्डिनेटर राजेंद्र सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मोनिका ने मेहमानों का तिलक लगा कर अभिनंदन किया। मंच संचालक ज्योति व सुरभि ने किया। अशोक शर्मा, आशीष सभरवाल, रमन बंसल, सुभाष झा संस्था के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सातवीं, आठवीं के छात्र छात्राओं ने श्रीकृष्ण के कारावास में जन्म लेने का दृश्य प्रस्तुत किया। सीनियर केजी के बच्चे श्री कृष्ण के बाल रूप के दृश्यों में गाने पर नृत्य की प्रस्तुति दी। नर्सरी, जूनियर केजी, सीनियर केजी के बच्चे श्रीकृष्ण व राधा के रूप में मंच पर आए। कक्षा पहली दूसरी तीसरी के बच्चों ने राधा कृष्ण के फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें प्रथम कक्षा के गौतम, विहान, नक्श व द्वितीय कक्षा में से सूरज दीप, नैमिष, तन्वी और कक्षा तृतीय से लविश, यशिका और विराट ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में परमिंदर बाठ, मनप्रीत, स्वाति, ज्योति, सुनीता, सुरभी और समस्त स्टाफ ने अहम भूमिका निभाई।

### हर्षोल्लास से मनाया अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन



**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी द्वारा राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जन्म दिन कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में मनाया गया। आप के युवा शहरी प्रधान नवजोत सिंह ने केक काटा। यह कार्यक्रम कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किसी उत्सव से कम नहीं रहा। कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के अच्छे स्वास्थ्य और लम्बी आयु की प्रार्थना की। नवजोत सिंह ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि एक शिक्षित और दूरदर्शी नेता के साथ में काम करने का अवसर मिला है। उसने भारत में राजनीति की पृष्ठभूमि को बदल कर संदेश दिया कि एक साधारण आदमी भी परिवर्तन ला सकता है और नेतृत्व करने का अधिकार रखता है। नवजोत सिंह ने कहा राजनीति में आकर किस तरह से सार्थक कदम उठाये जा सकते हैं, यह अरविंद केजरीवाल से सीखने की ज़रुरत है। इस मौके सुमन बाला, निशा, सुमन रानी, सत्य देवी, सीमा रानी और दलबीर सिंह के साथ साथ पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नवयुग सी. से. स्कूल में रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम



जन्माष्टमी पर्व मनाते नवयुग स्कूल के विद्यार्थी।

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। प्राचार्य बीडी गाबा ने ज्योति प्रज्ज्वलित की। कृष्ण को झूला झुलाया। सिमरप्रीत- अक्षरा, बरनप्रीत-आकांक्षा, खुशबू-अंशिका की राधा कृष्ण की नृत्य करती हुई जोड़ियों को सराहा गया। बच्चों ने लड्डू गोपाल को झूला झुला कर उनके प्रति स्नेह का प्रदर्शन किया। सभी बच्चों को माखन मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया। प्रधानाचार्य ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों को भारतीय सभ्यता और संस्कृति के बारे में पता चलता है। स्वाति गौतम ने प्रार्थना सभा में बच्चों को सम्बोधित करते हुए जन्माष्टमी के पर्व पर प्रकाश डाला और बुराई से बचने की प्रेरणा दी। अध्यापिका आशा ने भी श्रीकृष्ण की जीवन लीला का वर्णन किया और उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। इस अवसर पर अध्यापिका मनजीत, नैन्सी, नीलम, ज्योति, रिहाना, पूनम, पायल, हरिन्दर एवं विद्यालय के सभी अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# समिति ने शिव मंदिर में श्रद्धालुओं को वितरित किए तुलसी के पौधे



तुलसी का पौधा वितरित करते संस्था के पदाधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**सर्व** समाज कल्याण सेवा समिति खंड शाहाबाद के तत्वावधान में शिव मंदिर शाहाबाद में 101 तुलसी पौधों का मुफ्त वितरण किया गया। ज्यादातर पौधे मन्दिर में आए श्रद्धालुओं ने ग्रहण किए।

पौधा वितरण की शुरूआत संस्था के सरंक्षक शाम लाल पोपली के द्वारा की गई। समिति के सचिव नरेश शर्मा ने बताया कि तुलसी वैज्ञानिक और धार्मिक दोनों दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। हिंदू धर्म में तुलसी को मां की तरह पूजा जाता है। तुलसी आंगन की शोभा को भी चार चांद लगाती है। तुलसी एक महत्वपूर्ण औषधि भी है। वेदों में भी तुलसी की महिमा का व्याख्यान है।

तुलसी भगवान कृष्ण को भी प्रिय थी। हर घर में एक तुलसी का पौधा जरूर हो। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी शाम लाल पोपली, मदन लाल कथूरिया, अजैब सिंह, संजीव कथुरिया, नरेश शर्मा, रणबीर वर्मा, गूल्लु वर्मा, राजेश गर्ग, अशोक आहूजा, संजय बाठला, राजीव शर्मा, सविता मदान, गीता बजाज, हीना, पूनम कोहली उपस्थित रहे।

# भगवान की भक्ति ही हमारी आत्मा की खुराक : अनिल शास्त्री

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**गौ गीता** गायत्री सत्संग सेवा समिति द्वारा आयोजित कुरुक्षेत्र के सेक्टर-5 कम्युनिटी सेंटर में श्रीकृष्ण जनमाष्टमी के पावन उपलक्ष में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन के तीसरे दिवस में समिति के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध कथा वाचक भागवत प्रवक्ता अनिल कुमार शास्त्री वेदाचार्य ने श्रोताओं को प्रवचन में बताया की जो मानव भागवत जी का पूजन करते हैं। वे सभी जीव पापों से मुक्त होकर देवताओं द्वारा पूजित होते हैं। जो लोग प्रतिदिन अपने घर में भागवत जी का अर्चन एवं कथा करते हैं वह सभी कलयुग के प्रभाव से मुक्त हो जाते हैं।

कथावाचक अनिल शास्त्री ने भक्तों को बताया कि राजा परीक्षित से कलयुग में अपने रहने का 5 स्थान मांगा। जहां जुआ हो रहा होगा वहां रहूंगा, जहां लोग शराब पिएंगे तथा जहां पर मदिरालय होगा वहां पर भी मैं रहूंगा, जिस स्थान पर नारियों, कन्याओं का अपमान होगा वहां पर भी मैं रहूंगा। जहां हिंसा होगी अपराध होगा वहां पर भी मैं रहूंगा तथा अन्याय पूर्वक जहां कहीं भी द्रव्य सोना चांदी का संग्रह होगा, उस घर में तथा उन सभी वस्तुओं में निवास करूंगा अर्थात जहां कहीं भी धार्मिक आयोजन कथा सत्संग वेद पाठ हवन यज्ञ होता है उस स्थान पर कलयुग का निवास नहीं होता। इस अवसर पर पंडित रंगनाथ त्रिपाठी, राम एकबाल सिंह, नरेश शर्मा, बबिता शर्मा, गोपाल शर्मा, भारत भूषण सिंगला, रमेश अरोड़ा, भुषण गुप्ता, धर्मपाल गर्ग आदि उपस्तिथ रहे।



कथा सुनाते कथावाचक अनिल शास्त्री।

# शिक्षक के दलित छात्र को पीटने से हुई मौत की निंदा की



भाजपा नेता रविंद्र सांगवान के आवास पर पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा नेता सूरजभान कटारिया।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**भारतीय** जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य सूरजभान कटारिया ने राजस्थान के जालौर में शिक्षक द्वारा एक छात्र को पीटने से हुई मौत पर कड़े शब्दों में निंदा की है।

उन्होंने भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री रविंद्र सांगवान के निवास गांव ठोल में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि एक तरफ देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है लेकिन वहीं दूसरी ओर राजस्थान के जालोर जिले में जातिगत भेदभाव के कारण एक सामान्य वर्ग के अध्यापक के मटके से पानी पीने की कीमत एक 9 वर्षीय अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र को उसकी जान देकर चुकानी पड़ी है, जोकि हम सबके लिए बड़े ही शर्मनाक और दुखदाई है। उन्होंने कहा कि भले ही किसी भी प्रदेश में किसी भी दल की सरकार क्यों ना हो लेकिन यह सर्व समाज के सामाजिक चिंतकों एवं राजनेताओं के लिए लिए एक आईना है।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रविंद्र सांगवान,भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सचिव अमरजीत डांगी, राहुल कुमार राहुल सुविधा, यशपाल कारसा, जोगिंदर बैरागी, रामकुमार मांडे, पुनीत बंसल आदि मौजूद रहे।

# निष्काम भाव से किया कर्म ही सच्चा धर्म होता है : सोहन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**आदर्श** सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जाटान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी बच्चे राधा व कृष्ण की पोशाक पहनकर स्कूल आए। कृष्ण जी का झूला सजाया गया व बच्चों ने राधा-कृष्ण पर आधारित झांकियां सजाई। कन्हैया और राधा के रूप में सज कर आए नन्हे मुन्ने बच्चे सबका मन मोह रहे थे। कार्यक्रम में कुछ बच्चों ने कृष्ण के गीतों पर नृत्य कर सारे वातावरण को कृष्णमयी बना दिया। सभी बच्चों ने विधिवत श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की व प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सोहन लाल सैनी ने सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद देते हुए पर्व की बधाई दी। उन्होंने जन्माष्टमी पर्व के बारे में बच्चों को बताया। इस पावन अवसर पर प्रधानाचार्य रोबिन कुमार ने भी बच्चों को बताया किस प्रकार श्रीकृष्ण ने कंस का संहार करके लोगों को उनके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई। कृष्ण ने महाभारत में द्रोपदी चीर हरण के समय द्रोपदी की लाज बचाई। श्रीकृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देकर आत्मा, परमात्मा, योग, कर्म की व्याख्या की। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों ने विधिवत श्री कृष्ण की पूजा अर्चना की व प्रसाद ग्रहण किया।



आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जाटान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर बच्चे राधा-कृष्ण की पोशाकों में।

# खेती के गुर सीखने के लिए किसानों का दल रवाना

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**जिले** के 25 किसानों का दल प्रदेश के अन्य जिलों में खेती के गुर सीखने के लिए रवाना हुआ हैं। किसानों के इस दल को नाबाड़ के क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ की जीएम केएस माया देवी व एजीएम दीपक जाखड़ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जीएम ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि नाबाड़ द्वारा जो किसानों के लिए भ्रमण कार्यक्रम बनाया गया है, इसका उद्देश्य है कि किसान दूसरे क्षेत्र के किसानों से खेती से संबंधित चर्चा करें, खेती की अच्छी तकनीक को सीखें ताकि वे अपने खेतों में अच्छी पैदावार ले सकें। उन्होने कहा कि नाबार्ड का प्रयास रहता है कि ग्रामीण क्षेत्र में किसान व अन्य लोग अपने आप को सक्षम बनाएं। इसके लिए नाबाड़ द्वारा समय समय पर किसानों व अन्य लोगों को प्रोत्साहन भी दिया जाता है। नाबार्ड द्वारा कृषक व गैर कृषकों के लिए कई प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। एफपीओ के माध्यम से किसान इकट्ठे होकर अपने उत्पादों को अच्छे भाव मे बेच सकते हैं। जानकारी देते हुए नाबाड़ के एजीएम दीपक जाखड़ ने कहा कि कुरुक्षेत्र रवाना हुआ।



किसानों के दल को रवाना करतीं नाबार्ड की जीएम केएस माया देवी।




# हरियाणा गतका एसो. ने शिरोमणि कमेटी के लौटाए सात हजार रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**खेलो** इंडिया यूथ गेम्स-2021 में सिख मार्शल आर्ट (गतका) के शानदार प्रदर्शन से जहां हरियाणा सरकार गदगद है और उसने हरियाणा में गतका की पांच नई नर्सरियां भी शुरू करने की घोषणा कर दी है, वहीं सिखी प्रचार करने का दम भरने वाली शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीअमृतसर इस मामले में कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है।

इतना ही नहीं, खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को भी उसने अभी तक सम्मानित नहीं किया है। हद हो उस समय हो गई, जब सिख मार्शल आर्ट (गतका) को हरियाणा में प्रमोट कर रही हरियाणा गतका एसोसिएशन ने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के धर्म प्रचार विभाग से इस खेल को प्रमोट करने के लिए सहयोग मांगा, तो उसने मात्र 7 हजार रुपए भेज कर पल्लू झाड़ लिया। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी श्रीअमृतसर के इस रवैया से रुष्ट हरियाणा गतका एसोसिएशन ने यह राशि लेने से साफ इंकार कर दिया। हरियाणा गतका एसो. के प्रदेशाध्यक्ष कंवलजीत सिंह अजराना ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि एसजीपीसी के इस रवैया से खिलाड़ियों के हौसले पस्त हुए हैं और उनकी भावना को भारी ठेस पहुंची है।

### हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने खिलाड़ियों को वर्दी हेतु दिए 51 हजार

#### दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने दिए 1.10 लाख के शस्त्र

हरियाणा गतका एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष कंवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि एसोसिएशन ने हरियाणा में सिख मार्शल आर्ट को प्रमोट करने के लिए जब दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी से सहयोग मांगा, तो उन्होंने तुरंत 1.10 लाख रुपये के शस्त्र कुरुक्षेत्र भिजवा दिए हैं।

इतना ही नहीं, दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी मैं उन्हें भविष्य में भी हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया है। हरियाणा गतका एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव एवं कोच सुखचैन सिंह कलसानी ने बताया कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2021 में देश भर से 16 राज्यों की गतका टीमों ने हिस्सा लिया था और 30 मेडल जीते थे। इनमें हरियाणा की टीम ने 3 गोल्ड और 5 सिल्वर मेडल पर कब्जा किया था, जबकि पंजाब की टीम ने 5 गोल्ड और एक कांस्य पदक हासिल किया था। उन्होंने बताया कि यदि हरियाणा में सिख मार्शल आर्ट (गतका) के प्रति युवाओं में जागरूकता लाई जाए, तो खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल हो सकता है।



कुरुक्षेत्र में दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी द्वारा भेजे 1.10 लाख के शस्त्र दिखाते कवलजीत सिंह अजराना व अन्य।

#### सहयोग के लिए जताया आभार

हरियाणा गतका एसो. के प्रदेश महासचिव सुखचैन सिंह कलसानी ने दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान हरमीत सिंह कालका, सचिव जगदीप सिंह काहलो व सदस्य सर्वजीत सिंह विर्क और हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान बलजीत सिंह दादूवाल सहित सभी पदाधिकारियों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

#### हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी ने वर्दी हेतु दिए 51 हजार

हरियाणा गतका एसो. के प्रदेशाध्यक्ष कवलजीत सिंह अजराना ने बताया कि एसोसिएशन ने प्रदेश में सिख मार्शल आर्ट को प्रमोट करने के लिए जब हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी से सहयोग मांगा, तो उन्होंने खिलाड़ियों की वर्दियों के लिए तुरंत 51 हजार रुपये भेज दिए हैं।

# अंबेडकर एजुकेशनल सोसायटी की बैठक 21 को

**सोनीपत।** दी अंबेडकर एजुकेशनल सोसायटी ककरोई रोड सोनीपत की कार्यकारिणी की आपात बैठक बुधवार को बुलाई गई। जिसमें 21 अगस्त 2022 को बुलाई गई आम सभा के विषय में चर्चा की गई।

बैठक में चर्चा करने के बाद तय किया गया कि आम सभा की बैठक 21 अगस्त को दोपहर एक बजे बुलाई जाए, क्योंकि उसी दिन गुरु रविदास सभा लाल दरवाजा सोनीपत के प्रधान कृष्ण भाटिया की धर्मपत्नी कमलेश की तेहरवीं का कार्यक्रम है, जिसमें समाज तथा सोसायटी के काफी सदस्यों के उपस्थित रहने की संभावना है। बैठक में प्रधान सत्यवान भाटिया के अलावा उपप्रधान राम कंवार कल्सन, सचिव राजेश कटारिया, सहसचिव रतन सिंह भाटिया, कैशियर सत प्रकाश सहरावत तथा कार्यकारिणी सदस्य सुरेन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

छात्र की हत्या के मामले ने पकड़ा तूल

# हत्यारोपी को फांसी देने की मांग, दलित संगठनों ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**राजस्थान** जालौर जिले के सुराणा के स्कूल में पढ़ने वाले तीसरी कक्षा के दलित छात्र द्वारा मटके से पानी पीने पर शिक्षक ने उसे इतनी बेरहमी से पीटा कि इलाज के दौरान दलित छात्र की मौत हो गई।

छात्र की हत्या से गुस्साएं दलित संगठनों ने बुधवार को लघु सचिवालय पहुंचकर प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग कि गई कि हत्यारोपी का मामला फास्ट ट्रेक कोर्ट में चलाकर जल्द से जल्द फांसी की सजा दी जाए। मामले के बारे में जानकारी देते हुए एडवोकेट ने हरियाणा सरकार, राजस्थान ओर भारत सरकार से मांग कर रहे है कि जाति के नाम पर हो रही हत्या बंद की जाए। सरकार ने हत्यारोपी को गिरफ्तार को कर लिया, लेकिन दलित संगठनों का मानना है कि जल्द से इस केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजा जाए और जल्द से जल्द मामला पूरा किया जाए।


दलित संगठन के पदाधिकारी राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने जाते हुए।

दलित संगठनों ने सरकार से मांग कि हत्यारोपी को फांसी की सजा दी जाए। साथ ही पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। रविदासिया समाज संघ के प्रधान पिरथी सिंह ग्रोवर ने कहा कि नौ साल के बच्चे को, जिसको जाति के बारे में भी पता तक नहीं था।

संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि एक जातिवादी शिक्षक ने जानबूझ कर मासूम बच्चे को मटके से पानी पीने पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। मांग है कि मासूम बच्चे को न्याय दिया जाए, सभी से अनुरोध है कि जातिवादी मानसिकता को बंद किया जाए। राष्ट्रपति से मांग है कि मृतक छात्र को जल्द से जल्द न्याय मिले। इस मौके पर एडवोकेट हवा सिंह, एडवोकेट नरेश रंगा, एडवोकेट यश चोपड़ा, एडवोकेट सुरेश, एडवोकेट रणधीर, एडवोकेट मदन लाल, एडवोकेट रवि चौहान आदि मौजूद थे।

### गत दिवस निकाला था कैडल मार्च

बता दें कि गत दिवस राजस्थान के जालौर में स्कूल में रखे मटके से पानी पीने से गुस्साएं एक जातिवादी मानसिकता से ग्रसित शिक्षक द्वारा दलित समुदाय से संबंध रखने वाले मासूम बच्चे को पीट-पीटकर हत्या के विरोध में दलित संगठनों ने कैडल मार्च निकालकर रोष मार्च निकाला। दलित संगठनों ने सरकार से मांग कि मासूम बच्चे के हत्यारोपी को जल्द से जल्द फांसी की सजा दी जाए ताकि आगे से ऐसी घिनौनी वारदात करने की कोई हिम्मत न कर सकें।


# किसान ड्रैगन फ्रूट की खेती करके कमा सकते हैं अच्छा मुनाफा : उपायुक्त

### अनुदान प्राप्त करने को पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा

पायनियर समाचार सेवा।सोनीपत

**उपायुक्त** ललित सिवाच ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से आजादी अमृत महोत्सव एवं अंत्योदय उत्थान वर्ष में ड्रैगन फ्रूट की खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष अनुदान योजना लागू की गई है। किसान ड्रैगन फ्रूट की खेती करके अच्छा मुनाफा ले सकते हैं।

उपायुक्त सिवाच ने कहा कि योजना के तहत ड्रैगन फ्रूट बाग के लिए एक लाख 20 हजार रुपये प्रति एकड़ अनुदान का प्रावधान है, जिसमें पौधा रोपण के लिए 50 हजार रुपये एवं ट्रैलिसिंग सिस्टम (जाल प्रणाली) के लिए 70 हजार रुपये प्रति एकड़ शामिल है। उन्होंने कहा कि पौधा रोपण के लिए 50 हजार रुपये का अनुदान तीन किस्तों में प्रथम वर्ष 30 हजार रुपये , दूसरे वर्ष 10 हजार रुपये व तीसरे वर्ष 10 हजार रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसान अधिक से अधिक विभिन्न फलों के बाग लगाकर अच्छा मुनाफा ले सकते है। बाग लगाने से जहां एक ओर पानी की बचत है, वहीं फलों के बाग किसानों की आय में वृद्धि करने में भी सहायक है। इस योजना के तहत एक किसान अधिकतम 10 एकड़ तक अनुदान का लाभ ले सकता है। अनुदान प्राप्त करने के लिए किसान का 'मेरी फसल-मेरा ब्योरा' पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य है।


जिला उपायुक्त ललित सिवाच।

## संक्षिप्त-समाचार

### धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी पर्व


जन्माष्टमी पर्व मनाते हुए बच्चे।

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर सात के प्रांगण में सभी विद्यार्थियों ने मिलकर जन्माष्टमी पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया। पर्व को लेकर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी देखते ही बनती थी। प्रधानाचार्या शालिनी नारंग के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बाल-गोपाल को झूला झुलाया। अध्यापिकाओं ने श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या ने श्रीकृष्ण की लीलाओं के बारे में बताते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित भी किया। गोपियां और ग्वाल-बाल की वेशभूषा में सजे विद्यार्थियों ने शिक्षकों का मन भी मोह लिया। बच्चों ने श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े भजन, नृत्य, गीत और संगीत के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र-छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित गीत एवं अपने मनमोहक नृत्य से सबका मन मोह लिया। इस दौरान फैंसी ड्रेस में सोलो डांस प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विद्यालय के मुख्य अध्यापिका मधु ग्रोवर ने भी सभी सदस्यों और विद्यार्थियों को जन्माष्टमी पर्व की बधाई दी और जीवन में सदगुणों को अपनाकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### स्कूल में धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी महोत्सव

**कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद।** श्री कृष्णा विद्या मंदिर दयाल नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्राचार्या प्रतिभा और विद्यालय प्रबंधक मदन गोपाल पुरी द्वारा राधा-कृष्ण की पूजा करके की गई। स्कूल के विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति दी व सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य करके इस समारोह में चार चांद लगा दिए। इस पावन अवसर पर बच्चों ने सुंदर भजन सुना कर व भगवान कृष्ण के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत कर सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रतिभा पुरी ने बच्चों को बताया कि भगवान कृष्ण ने किस प्रकार अन्याय को खत्म किया व हमें गीता का उपदेश दिया। विद्यालय प्रबंधक मदन गोपाल पुरी ने अभिभावकों और बच्चों को पावन पर्व की बधाई दी। इस मौके पर सभी स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।


श्री कृष्णा विद्या मंदिर में बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में।

### डीएवी स्कूल प्रांगण में जन्माष्टमी उत्सव मनाया


डीएवी सैन्टेनरी पब्लिक स्कूल में बच्चे राधा की वेशभूषा में।

**कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद।** आज डीएवी सैन्टेनरी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। इस उपलक्ष्य में कक्षा नर्सरी से दूसरी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण करके आए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कंवल गाबा ने सभी को जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने कुछ सुनहरे पल इन बाल गोपालाओं के साथ बिताए। इस अवसर पर अध्यापिका खुशबू, चारु, गुरप्रीत, सपना, रजनी और गीतू ने बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया और उनके साथ जन्माष्टमी का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया।

### रोहतक में 20 को पिछड़े वर्ग के आरक्षण के लिए जन सुनवाई

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग, चंडीगढ़ द्वारा पंचायती राज संस्थानों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण के आवश्यक अनुपात को लेकर हरियाणा राज्य के संभागीय मुख्यालयों में नियमानुसार मंडल स्तर पर जन सुनवाई आयोजित की जाएगी। रोहतक मंडल की सुनवाई 20 अगस्त को रोहतक के जिला विकास भवन के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कांफ्रेंस हॉल में सुबह 10 बजे की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि यह जन सुनवाई हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन जस्टिस (रिटायर्ड) दर्शन सिंह द्वारा की जाएगी।

# सतलुज स्कूल में बच्चों ने धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी का उत्सव


सतलुज स्कूल में गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सन्मानित करते स्कूल प्रधान और स्कूल प्राचार्य।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद

**सतलुज** सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल प्रधान संतोष कौर घुम्मन तथा स्कूल प्राचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने राधा-कृष्ण की आरती करके की।

स्कूल के विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण के रूप में तैयार होकर अपनी प्रस्तुति दी व सभी का मन मोह लिया। उन्होंने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंथन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य करके इस समारोह में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मंच का संचालन भावना और रूपाली ने किया। अंत में गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सन्मानित किया गया।

इस अवसर पर स्कूल कोर्डिनेटर मनिन्द्र सिंह घुम्मन तथा मोनिका घुम्मन, उप प्राचार्य विरेन्द्र सिंह, प्रबंधक मनोज भसीन, लखविन्द्र कौर, मोनिका, हरविन्द्र कौर, डिम्पल, आशा, कल्पना, स्मृति, विनीता, मीना, उषा, राधा, मोनिका, पूजा, अरूण, संजीव, मोहिन्द्र और सोनू मौजूद थे।

# मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिला जेल की परखीं व्यवस्थाएं

### चार घोषित अपराधियों को कबूलनामे पर अन्डरगोन किया गया

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**मुख्य** न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं सचिव जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण करनाल जसबीर ने जिला जेल का निरीक्षण किया और बंदियों से बातचीत की। बंदियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि यदि उनके पास अपने मामलों की रक्षा के लिए कोई कानूनी सहायता वकील नहीं है तो वे जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना आवेदन भेज सकते हैं ताकि कानूनी सहायता वकील उनके मामलों में लगे रहे।

जेल प्रशासन द्वारा उन्हें दी जा रही सुविधाओं के संबंध में उन्होंने कोई शिकायत नहीं की है। इस अवसर पर सीजेएम द्वारा जिला कारागार करनाल में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। छोटे अपराधों में शामिल छह अपराधों जैसे कि घोषित अपराधी, चोरी आदि को सीजेएम के समक्ष लाया गया। जिनमें से चार घोषित अपराधियों को उनके कबूलनामे के आधार पर अन्डरगोन किया गया। निरीक्षण के दौरान उपाधीक्षक शैलाक्षी भारद्वाज भी उपस्थित रहीं। निरीक्षण के दौरान सीजेएम ने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि कैदियों के उपयोग के लिए दैनिक जरूरत की वस्तुओं की समुचित व्यवस्थाएं की जाए ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। सीजेएम ने जेल अधीक्षक को उन मामलों की छानबीन करने का भी निर्देश दिया जहां छोटे-छोटे अपराधों में विचाराधीन कैदी हैं ताकि ऐसे मामलों को अगले महीने होने वाली जेल लोक अदालत में इन विचाराधीन कैदियों के मामलों को रखा जाए।


जिला जेल का निरीक्षण करतीं जसबीर।

# 24 लाख की नगदी सहित तीन लुटेरे गिरफ्तार

### आठ लाख की लूट का खुलासा करने के लिए जुटी हुई थी पुलिस

### वारदात से एक दिन पहले आरोपियों ने बनाई थी रुपये छीनने की योजना

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**रेलवे** स्टेशन पर आठ लाख की लूट की वारदात को सुलझाते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, पुलिस उस वक्त हैरान रह गई जब पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 8 लाख रुपये की बजाए 24.41 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहनता के साथ पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल किया। इसके अलावा शिकायकर्ताओं को भी पुलिस जांच में शामिल करेंगी ताकि ज्यादा राशि मिलने के बारे में जानकारी हासिल की जा सकें।


पुलिस की गिरफ्त में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपी।

एसपी गंगा राम पूनिया ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10 बजे रेलवे स्टेशन की पार्किंग में आठ लाख रुपये की लूट की वारदात को अंजाम देने वाले राहुल वासी हांसी चौक गली नंबर 5 करनाल, राहुल का बड़ा भाई रोहित, संजय वासी बस अड्डा करनाल के पीछे झुग्गी झोपड़ी को विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर थाना सिविल लाइन के एरिया से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से आठ लाख की बजाए 24.41 लाख रुपए बरामद किए है। पुलिस को ज्यादा नकदी लूटेरों से मिली है, पुलिस पता लगाने के लिए शिकायकर्ता को जांच में शामिल करेंगी ताकि पता चल सके कि बैग में लूट की राशि आठ लाख शिकायत में लिखवाई थी, लेकिन रिकवरी ज्यादा हुई है।

**एसपी ने कहा, हर पहलू की गंभीरता के साथ होगी जांच**

पुलिस जहां मामले में गहनता के साथ जांच में जुटी हैं, पुलिस पता लगाने में जुटी है कि आरोपियों के पास लूट की राशि से ज्यादा रकम कैसे आई। सवाल उठता है कि अगर शिकायतकर्ता ने सही शिकायत दर्ज कराई है तो आरोपियों के इतना अधिक पैसे कहां से आए? सवाल उठ रहा है कि अगर पैसे शिकायतकर्ता के नहीं थे तो क्या आरोपियों ने अन्य जगह लूट या चोरी की वारदातों को अंजाम दिया हो? हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है, जांच के बाद ही पूरी जानकारी मिल सकती है।

# दिव्यांग 31 दिसंबर तक बनवाएं प्रमाण पत्र व यूडीआईडी: डीसी

### यूडीआईडी कार्ड बनवाने को घर के पास अस्पताल में जाना होगा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**हरियाणा** सरकार ने जिन दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र तीन साल पुराना है, उनके लिए नया प्रमाण पत्र बनवाना और यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड बनवाना अनिवार्य किया हुआ है। यूनिक डिसेबिलिटी आईडी बनवाने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2022 है।

उपायुक्त अनीश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम तिथि के बाद जिन दिव्यांगजनों के पास यूडीआईडी कार्ड नहीं होगा, उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से प्रदेश में दिव्यांगजन के दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने और यूडीआईडी कार्ड जारी करने के लिए अभियान चलाया हुआ है। सरकार ने यह व्यवस्था भी की है कि किसी दिव्यांगजन को अपना प्रमाण पत्र या यूडीआईडी कार्ड बनवाने के लिए ज्यादा दूर ना जाना पड़े, जिसके लिए उनके घर के नजदीक ही अस्पताल में मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने को किसी भी दिव्यांगजन को अब अस्पताल में जाने की जरूरत नहीं है। दिव्यांगजनों को केवल पर जाकर डिसेबिलिटी सर्टिफिकेट या यूडीआईडी बनवाने को आवेदन करना है। उसके बाद सिविल सर्जन कार्यालय से आवेदक को अपॉइंटमेंट दी जाएगी।

# लंपी स्किन बीमारी से न घबराएं पशुपालक इलाज से 99 प्रतिशत पशु हो रहे ठीक

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**पशुपालन** विभाग करनाल के उप निदेशक डॉ. धर्मेन्द्र ने बताया कि लंपी स्किन डिजीज एक वायरल बीमारी है। यह बीमारी मुख्यत: गाय और भैंस में पाई गई है।

उन्होंने पशुपालकों से अनुरोध किया कि वे इस बीमारी से न घबराएं और बीमार पशु का तुरंत इलाज करवाएं। ईलाज उपरांत 99 प्रतिशत पशु ठीक हो रहे हैं। घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

किसी भी प्रकार की सहायता के लिए पशुपालक पशुपालन विभाग के उप मंडल अधिकारी घरौंडा एवं करनाल डॉ. रूपेन्द्र मोबाइल नंबर 9466449090 और एसडीओ इंद्री डॉ. नरेंद्र मोबाइल नंबर 702760022 तथा एसडीओ असंध डॉ. बलजीत के मोबाइल नंबर 9896170444 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग के अधिकारी पशुपालकों के निरंतर सम्पर्क में हैं। लंपी स्किन बीमारी के जिला करनाल में लगभग 1128 पशु बीमार पाए गए हैं, जिनका उपचार जारी है तथा पशु ठीक हो रहे हैं।

उन्होंने लंपी स्किन बीमारी के लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पशुओं में दो या तीन दिन तक बुखार रहता है, नाक से पानी चलता है तथा चमड़ी पर गांठे पड़ जाती हैं। गांठे फूट जाने पर पशु में सेकेंडरी इंफेक्शन होने का खतरा हो जाता है।

## नहर में नहाते वक्त डूबा बालक, मौत

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**करनाल** के गांव कलवेहड़ी के पास से गुजर रही नहर में एक बच्चा नहाते समय डूब गया। फिलहाल बच्चे की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर बच्चे के बारे में जानकारी जुटा रही है। बच्चे को खोजने के लिए गोताखोर को बुलाया गया ताकि बच्चे के शव को बाहर निकाला सके। जानकारी के अनुसार करीब आठ वर्षीय अपने कुछ दोस्तों के साथ नहर पर नहाने गया था, लेकिन नहाते समय नहर में डूब गया। आसपास के मौजूद कई लोगों ने बच्चे को बचाने का प्रयास किया, लेकिन बचा नहीं पाए।

एक व्यक्ति ने बताया कि उनका बेटा घर नहीं लौटा है, उनके पास किसी ने सूचना दी कि आपका बेटा नहर में कूद गया है। उन्होंने कहा कि वे दिहाड़ी मजदूरी का काम करते है ओर उनका बड़ा बेटा आदित्य भी उनके साथ ही रहता है। अभी उन्हें अपने बेटे के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। इधर बालक के डूबने की खबर से पूरे क्षेत्र में खलबली मच गई।

## अवैध पिस्तौल सहित आरोपी किया गिरफ्तार

**करनाल।** पुलिस ने टीम द्वारा एक आरोपी को अवैध हथियार, एक गाड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज आगामी जांच शुरू कर दी। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल किया। पुलिस के अनुसार मुख्य सिपाही महावीर सिंह सीआईए टू की अध्यक्षता में टीम अपराध रोकथाम के लिए गांव घीड़ शेरगढ़ टापू मोड पर मौजूद थी।

सूचना प्राप्त हुई कि एक लड़का जिसका नाम मोहम्मद रिहान वासी मीरापुर उत्तर प्रदेश है, जिसके पास अवैध हथियार है, इस समय गाड़ी पर सवार होकर यूपी से गांव शेरगढ़ टापू के रास्ते से गांव घीड की तरफ आ रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा नजदीक आंबेडकर भवन रक्बा शेरगढ़ टापू पर नाकाबंदी शुरू की गई। जो दौराने नाकाबंदी कुछ समय बाद उपरोक्त गाड़ी नंबर शेरगढ़ टापू की तरफ से आती हुई दिखाई दी। टीम द्वारा गाड़ी को रुकवा कर ड्राइवर से पूछताछ की गई।

# अधिकारियों ने किया चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन का निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**महिला** एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से संचालित चाईल्ड केयर इंस्टीट्यूशन की त्रैमासिक निरीक्षण रिपोर्ट को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित संस्थानों को संचालकों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में छह संस्थानों का निरीक्षण के दौरान रिकार्ड सही नहीं पाया गया। उपायुक्त ने ऑब्जर्वेशन होम, नारी निकेतन, प्लेस ऑफ सेफ्टी मधुबन, हरियाणा राज्य बाल भवन मधुबन, एमडीडी बाल भवन फूसगढ़, श्रद्धानंद अनाथालय आश्रम इत्यादि प्रमुख संस्थानों के संचालकों को स्पष्ट किया कि वे स्वयं इन संस्थानों का दोबारा से निरीक्षण करेंगे और कहीं पर भी अनियमितता पाई गई तो उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना ने निरीक्षण रिपोर्ट के बारे में बताया कि जिला में स्थापित छह संस्थानों चाईल्ड केयर इंस्टीट्यूशन में से पांच संस्थानों का अतिरिक्ति उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा तथा एक संस्थान का एसडीएम करनाल अनुभव मेहता ने क्वॉटरली निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उक्त संस्थानों में रिकॉर्ड सहीं नहीं पाया गया तथा गतिविधियां भी सुचारू रूप से क्रियान्वित नहीं हो रही थी। निरीक्षण रिपोर्ट को लेकर उपायुक्त ने संबंधित संस्थानों के संचालकों को सख्त हिदायत दी कि वे अपने-अपने संस्थानों का रिकॉर्ड सही रखें और बच्चों के भविष्य को सही दिशा देने के लिए गतिविधियों को सुचारू रूप से किया जाए ताकि बच्चे समाज की मुख्यधारा में लौट सके। इस अवसर पर डॉ. वैशाली शर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी राजबाला, बाल संरक्षण अधिकारी सुमन नैन, जिला बाल कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक, जिला बाल कल्याण समिति के चेयरमैन उमेश चानना, जेजे बोर्ड के सदस्य बलराज सांगवान सहित सभी संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।


डीसी अधिकारियों के साथ मीटिंग करते हुए।

**कई संस्थानों में बनेंगे नए भवन**

उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि महिला आश्रम कॉम्पलैक्स में स्थापित ऑब्जर्वेशन होम, नारी निकेतन, महिला आश्रम इत्यादि के नए भवनों का निर्माण किया जाएगा, जिसपर करनाल स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत अनुमानित 107 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी।

यह सभी भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगे। इस कार्य के लिए टैंडर प्रक्रिया हो चुकी है और ठेकेदार को वर्क अलॉट हो चुका है। यह कार्य वित्तीय वर्ष 2023 के अंत तक पूरा किया जाना है। उन्होंने बताया कि फिल्हाल ऑब्जर्वेशन होम, नारी निकेतन, महिला आश्रम में रह रही महिलाओं व लड़कियों को अन्य सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कर दिया जाएगा।

### प्रधानमंत्री से कांग्रेस ने बिलकिस मामले में पर मांगा जवाब, पूछा

# गुजरात सरकार ने क्या केंद्र से रिहाई नीति की ली थी अनुमति

**यदि राज्य सरकार ने केंद्र से रिहाई की अनुमति नहीं ली थी तो क्या गुजरात सरकार पर कार्यवाही होगी?**

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने गुजरात के बिलकिस बानो मामले में बलात्कार एवं हत्या के 11 दोषियों की रिहाई के फैसले को लेकर बुधवार को सवाल खड़े करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को बताना चाहिए कि क्या राज्य सरकार ने यह कदम उठाने के लिए केंद्र से अनुमति ली थी जो अनिवार्य होती है। पार्टी के मीडिया एवं प्रचार प्रमुख पवन खेड़ा ने कानूनी प्रावधानों का उल्लेख करते हुए यह दावा भी किया कि ऐसे किसी भी मामले में राज्य सरकार अभियुक्तों की रिहाई या क्षमा का निर्णय नहीं ले सकती। जिसकी जांच केंद्रीय एजेंसी ने की हो।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, जिस नीति के पीछे छिपकर गुजरात सरकार कह रही है कि उसने इन 11 बलात्कारियों को रिहाई का आदेश दिया, 1992 की वह नीति 8 मई 2013 को गुजरात सरकार द्वारा समाप्त कर दी गई थी। इसलिए ऐसे किसी भी मामले में राज्य सरकार अभियुक्तों की रिहाई या क्षमा का निर्णय नहीं ले सकती। जिसकी जांच केंद्रीय एजेंसी ने की हो। इस प्रकरण की जांच भी सीबीआई ने की थी।

खेड़ा के अनुसार, सीआरपीसी की धारा 435 के तहत राज्य सरकार को केंद्र से अनुमति लेनी होती है। मैं आपको याद दिला दूं जब तमिलनाडु की मुख्यमंत्री रहते हुए जयललिता जी ने राजीव गांधीजी के हत्यारों को रिहा करने का फैसला लिया था तब उच्चतम न्यायालय ने क्या आदेश दिया था। उन्होंने सवाल किया, ऐसे में हम केंद्रीय गृहमंत्री एवं प्रधानमंत्री से जानना चाहते हैं कि क्या गुजरात सरकार ने बलात्कारियों को रिहाई देते समय आपकी अनुमति ली थी? अगर राज्य सरकार ने केंद्र सरकार से अनुमति नहीं ली थी तो क्या गुजरात सरकार के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी? कांग्रेस नेता ने कहा, हम गुजरात के मुख्यमंत्री (भूपेंद्र पटेल) से यह भी जानना चाहेंगे कि जेल सलाहकार समिति में कौन-कौन लोग हैं, जिन्होंने सर्वप्रथम इन अभियुक्तों की रिहाई और क्षमा करने की अनुशंसा की? हम मुख्यमंत्री से भी पूछना चाहेंगे कि क्या उच्चतम न्यायालय के संज्ञान में यह बात लाई गई कि 8 मई 2013 को 1992 की नीति को समाप्त कर दिया गया था?

गुजरात सरकार ने अपनी माफी नीति के तहत इन लोगों की रिहाई की मंजूरी दी थी। मुंबई में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने 11 दोषियों को बिल्कीस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने के जुर्म में 21 जनवरी 2008 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बाद में बंबई उच्च न्यायालय ने उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा था।



### राहुल गांधी ने कहा : प्रधानमंत्री मोदी की कथनी और करनी में अंतर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुजरात के बिलकिस बानो मामले में बलात्कार एवं हत्या के 11 दोषियों की रिहाई को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर पूरा देश देख रहा है। कांग्रेस नेता ने इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री को उस वक्त निशाने पर लिया, जब गत सोमवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उन्होंने लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा था कि भारत की तरक्की के लिए महिलाओं का सम्मान एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। उन्होंने नारी शक्ति का समर्थन करने की आवश्यकता पर जोर दिया था।

### मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे दोषी छोड़े

**बिलकिस** बानो मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे 11 दोषियों को सोमवार को गोधरा उप-कारागार से रिहा कर दिया गया था। गुजरात सरकार ने अपनी माफी नीति के तहत इन लोगों की रिहाई की मंजूरी दी थी।

### सीबीआई अदालत और हाईकोर्ट की दोषसिद्धि के बावजूद छोड़ा

**मुंबई** में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की एक विशेष अदालत ने 11 दोषियों को बिलकिस बानो के साथ सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने के जुर्म में 21 जनवरी 2008 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बाद में बंबई उच्च न्यायालय ने उनकी दोषसिद्धि को बरकरार रखा था।

### पंजाब के पटियाला में खुलेगा नागर विमानन संग्रहालय


**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पटियाला के नागरिक एयरोड्रोम में एक विमानन संग्रहालय की स्थापना को अनुमति दी है।

मान ने पंजाब राज्य नागर विमानन परिषद के प्रस्ताव के संबंधित प्रस्ताव पर अपनी मुहर लगाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नागर विमानन के क्षेत्र में परिचालन के एक शताब्दी पुराने पंजाब के इतिहास को अगली पीढ़ियों के ज्ञान एवं शिक्षण के लिए प्रदर्शित करने की आवश्यकता है। एक बयान में मान ने कहा कि प्रस्तावित पंजाब विमानन संग्रहालय पटियाला के नागरिक एयरोड्रोम में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संग्रहालय को लोगों के सामने राज्य में विमानन क्षेत्र के इतिहास और पुरावशेष को पेश करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संग्रहालय में विमानों की प्रतिकृतियों के अलावा तस्वीरें, मानचित्र, प्रतिरूप, विमानचालकों के कपड़े ,उपकरण आदि प्रदर्शित किए जा सकते हैं।

# कहीं और जाओ लेकिन पत्नी और बच्चों को तंग मत करो : मद्रास हाईकोर्ट

**एजेंसी।** चेन्नई

**जज ने कारोबारी पति को पत्नी और दो बच्चों को छोड़कर कहीं और रहने का निर्देश दिया**



**मद्रास** उच्च न्यायालय ने अपने एक आदेश में कहा कि अगर पति के दुर्व्यवहार से घर की शांति भंग होती है तो उसे घर से निकाल कर परिवार को व्यावहारिक तौर पर सुरक्षा देने में कोई झिझक नहीं होनी चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि जब एक दंपति एक छत के नीचे रहता है तो एक व्यक्ति का दूसरे के प्रति व्यवहार यह परिभाषित करने में हमेशा अहम होता है,परिवार को दूसरों से कितना सम्मान मिलेगा।

न्यायमूर्ति आरएन मंजुला ने एक मामले में कारोबारी पति को अपनी पत्नी तथा दो बच्चों को छोड़ने तथा कहीं और जाकर रहने का निर्देश दिया। उसकी पत्नी पेशे से वकील हैं। पत्नी ने बताया कि उसने तलाक के लिए शहर की एक पारिवारिक अदालत में याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई होने के दौरान ही उसने तलाक की याचिका का निस्तारण होने तक अपने बच्चों के हित के लिए पति को घर से निकलने का निर्देश देने का अनुरोध करने संबंधी एक और याचिका दायर की थी। पारिवारिक अदालत ने उसकी याचिका आंशिक रूप से मंजूर करते हुए पति को निर्देश दिया कि वह मुख्य याचिका का निपटारा होने तक उस घर की शांति को किसी भी तरीके से भंग न करें, जहां उसकी पत्नी तथा बच्चे रहते हैं। इससे असंतुष्ट पत्नी ने पुनर्विचार याचिका दायर की।

### पत्नी की दूसरी महिलाओं से तुलना करना मानसिक क्रूरता : केरल हाईकोर्ट

**कोच्चि।** केरल उच्च न्यायालय ने कहा है कि पत्नी की दूसरी महिलाओं से तुलना करना और उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने जैसे ताने कसना पति द्वारा मानसिक क्रूरता के समान है और महिला से यह उम्मीद नहीं की जा सकती है कि वह ऐसे आचरण को बर्दाश्त करेगी। उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति की अपील पर यह टिप्पणी की है। व्यक्ति एवं महिला करीब 13 साल से अलग रह रहे थे तथा एक परिवार अदालत ने उनकी शादी को खत्म करने का आदेश दिया था। व्यक्ति ने उस आदेश को चुनौती देते हुए अपील की थी।

## पार्थ चटर्जी से पूछताछ को ईडी अधिकारी कोलकाता जेल गए

**एजेंसी।** कोलकाता

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) की एक टीम स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी से पूछताछ करने के लिए बुधवार को कोलकाता के दक्षिणी भाग में प्रेसीडेंसी कनेक्शनल होम (अलीपुर जेल) गई।

एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूछताछ के इस नए दौर में चटर्जी से उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी से मिली जानकारी के आधार पर सवाल-जवाब किया जाएगा, जिसे ईडी ने जांच के तहत गिरफ्तार भी किया था। उन्होंने कहा, हमने अर्पिता से मंगलवार को पूछताछ की थी और उसने हमें कई सुराग दिए हैं जिसके आधार पर हम बुधवार को पार्थ चटर्जी से पूछताछ करेंगे। स्कूल सेवा आयोग द्वारा की गई शिक्षकों की भर्ती में हुई अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में ईडी ने पिछले महीने तृणमूल कांग्रेस के नेता चटर्जी और मुखर्जी को गिरफ्तार किया था। इस केंद्रीय एजेंसी ने कोलकाता के अलग-अलग हिस्सों में मुखर्जी के घरों से करोड़ों रुपये भी जब्त किए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कॉटलैंड में मासिक धर्म उत्पाद निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे

**लंदन।** स्कॉटलैंड में माहवारी उत्पाद निःशुल्क उपलब्ध कराए जाने संबंधी कानून लागू हो गया है। स्कॉटलैंड सरकार ने बताया कि वह पीरियड प्रोडक्ट एक्ट (माहवारी उत्पाद कानून) लागू होते ही दुनिया की पहली ऐसी सरकार बन गई है, जो मासिक धर्म संबंधी उत्पादों तक निःशुल्क पहुंच के अधिकार की कानूनी रूप से रक्षा करती है। इस नए कानून के तहत, विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों एवं स्थानीय सरकारी निकायों के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वे अपने शौचालयों में टैम्पोन और सैनिटरी नैपकिन समेत माहवारी संबंधी विभिन्न उत्पाद उपलब्ध कराएं। स्कॉटलैंड सरकार ने शैक्षणिक संस्थाओं में माहवारी संबंधी उत्पाद निःशुल्क उपलब्ध कराने के लिए 2017 से लाखों रुपये पहले ही खर्च किए हैं, लेकिन कानून लागू होने से अब यह कानूनी अनिवार्यता बन गया है। इसके अलावा एक मोबाइल फोन ऐप्लीकेशन भी उपलब्ध कराया गया है, जिसकी मदद से स्थानीय पुस्तकालय या सामुदायिक केंद्र जैसे ऐसे निकटतम स्थान का पता लगाया जा सकता है, जहां से माहवारी संबंधी उत्पाद लिए जा सकते हैं।

### शहबाज शरीफ चीनी राष्ट्रपति शी से कर सकते हैं मुलाकात

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उज्बेकिस्तान में अगले महीने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। राष्ट्रपति शी के समरकंद में 15 और 16 सितंबर को होने वाले एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है। एससीओ के सदस्य देशों में पाकिस्तान, चीन, रूस, भारत और मध्य एशियाई देश उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान, ताजिकिस्तान तथा किर्गिस्तान शामिल हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति शी और प्रधानमंत्री शहबाज के बीच एससीओ शिखर वार्ता से इतर एक द्विपक्षीय बैठक होने की योजना है। बहरहाल, अभी आधिकारिक तौर पर यह साफ नहीं हुआ है कि राष्ट्रपति शी खुद शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे या नहीं। सूत्रों ने यह भी बताया कि पाकिस्तान, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और शहबाज के बीच द्विपक्षीय बैठक की संभावना भी तलाश रहा है। हालांकि, अभी कुछ तय नहीं है।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा में नारायण चंदेल होंगे नए नेता प्रतिपक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के विधायक दल ने जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र से विधायक नारायण चंदेल को अपना नया नेता चुना है। पार्टी ने बुधवार को यह जानकारी दी। भाजपा ने बताया कि चंदेल, धरमलाल कौशिक का स्थान लेंगे। इसकी के साथ विपक्ष में सबसे बड़े दल होने के नाते चंदेल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी होंगे। भाजपा नेताओं ने बुधवार को बताया कि पार्टी के मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में दोपहर बाद भाजपा विधायक दल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें नए नेता का चुनाव किया गया। राज्य में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की हार के बाद पार्टी ने तब अपने 15 विधायकों में से पिछड़े वर्ग के नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक को नेता चुना था। वह राज्य के पांचवे और भाजपा के टिकट पर निर्वाचित दूसरे नेता प्रतिपक्ष चुने गए थे।

## हिमाचल प्रदेश : दो कांग्रेस विधायक भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश से कांग्रेस के विधायक पवन कुमार काजल और लखविंदर सिंह राणा बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। काजल कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं, वहीं राणा नालागढ़ से विधायक हैं। काजल कांग्रेस की हिमाचल प्रदेश इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष थे। कांग्रेस ने उन्हें मंगलवार देर रात कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटा दिया था। राणा प्रदेश इकाई में उपाध्यक्ष थे। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और राज्यसभा सदस्य व पार्टी के मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में दोनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

**व्यवस्था शर्मसार**

## इलाज को तड़पती रही महिला, ठेले पर ले जाते वक्त रास्ते में तोड़ा दम

**एजेंसी।** शाहजहांपुर (उप्र)



**उत्तर प्रदेश** के शाहजहांपुर जिले में एक बेटा अपनी बीमार मां को ठेले पर लेकर चार किलोमीटर दूर अस्पताल पहुंचा, लेकिन तब तक उसकी मां की मौत हो गई।

जलालाबाद कस्बे में रहने वाले दिनेश ने बताया कि बुधवार को उसकी मां बीना देवी (65) के पेट में अचानक दर्द उठा जिसके चलते वह बेहाल हो गईं, तब उसके पिता ने एंबुलेंस के लिए 108 नंबर पर फोन किया परंतु काफी समय बीत जाने के बाद भी जब एंबुलेंस नहीं आई तो दिनेश अपनी मां को हाथ के ठेले पर लेकर चार किलोमीटर दूर सरकारी अस्पताल पहुंचा। दिनेश ने बताया कि अस्पताल पहुंचने पर डॉ. अमित यादव ने उसकी मां को ठेले पर ही देखा लेकिन तब तक उसकी मां की मौत हो चुकी थी।

# हमें दलितों में सरकार के साथ होने का विश्वास पैदा करना होगा : सचिन पायलट

**अपनी सरकार से पीड़ितों पर लाठीचार्ज के दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का आग्रह किया**

**घड़े को छूने पर नौ साल के छात्र की कथित रूप से शिक्षक के पीटने से हुई थी मौत**

**एजेंसी।** जोधपुर



**अशोक** गहलोत सरकार की परोक्ष आलोचना करते हुए मंगलवार को कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने हाल ही में एक दलित छात्र की मौत जैसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं करने का आह्वान किया। पीड़ित परिवार पर कथित रूप से लाठीचार्ज किए जाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलने के बाद कहा, हमें दलितों में यह विश्वास पैदा करना होगा कि हम उनके साथ खड़े हैं। इसके अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। सरकार को व्यवस्था बदलने के लिए खामियों को दूर करने के लिए काम करना चाहिए। जालोर के सुराणा गांव में पानी के घड़े को छूने पर नौ साल के छात्र को कथित रूप से शिक्षक छैल सिंह ने पीटा था। सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है और राज्य की कांग्रेस सरकार निजी स्कूल के खिलाफ भी कार्रवाई कर रही है। लेकिन घटना को लेकर विवाद बना हुआ है। पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट स्थानीय नेताओं के एक समूह के साथ पीड़ित परिवार से मिले। पायलट ने 2020 में मुख्यमंत्री गहलोत के खिलाफ बगावत की थी।

पायलट ने कहा, आजादी के 75 साल बाद भी हमारी व्यवस्था में इस तरह का भेदभाव हो रहा है। यह हम सभी के लिए आत्मचिंतन का विषय है। उन्होंने कहा कि बच्चे की मौत कई सवाल पैदा करती है। उन्होंने मार्च में पाली में कथित तौर पर मूंछ रखने को लेकर एक दलित व्यक्ति की हत्या का भी जिक्र किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि बच्चे के शव को रात में दफना दिया गया था। परिवार के सदस्यों का आरोप है कि पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज किया। कहा, वे अनुमंडलाधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक का नाम ले रहे हैं और उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।

# रामदेवरा मेला में 35 लाख से अधिक लोग पहुंचेंगे

**सीएम ने प्रशासन से मेले की चाक चौबंद व्यवस्था बनाने को कहा, दो साल बाद हो रहा आयोजन**

**एजेंसी।** जैसलमेर



**राजस्थान** में लोक देवता बाबा रामदेव की समाधि रामदेवरा में सालाना मेले के लिए श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया है। मुख्य मेला इस महीने के आखिर में लगेगा जिसमें 35 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार रामदेवरा मेला की तिथि हर साल भाद्रपद शुक्ल पक्ष की दूज से एकादशी तक होती है। इस साल मेला 29 अगस्त से सात सितंबर तक चलेगा। हालांकि भादों शुरू होते ही पैदल यात्री, मंदिर पहुंचना शुरू हो गए हैं। यह मंदिर पोकरण के रुणिचा धाम में स्थित है जिसे रामदेवरा भी कहा जाता है। मेले में सभी धर्मों के लोग समान श्रद्धाभाव के साथ पहुंचकर धोक लगाते हैं।

मेला अधिकारी और एसडीएम राजेश विश्नोई ने कहा, मेले का आयोजन दो साल बाद किया जा रहा है और इसलिए इस साल अधिक संख्या में भक्तों के आने की उम्मीद है। हमें लगभग 30-35 लाख भक्तों के आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया, भीड़ के प्रबंधन के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। मंदिर के पास सर्पिल (जिगजैग) कतारों का इंतजाम है जिसमें एक साथ आठ हजार व्यक्तियों को समायोजित किया जा सकता है। इसके बाद एक किलोमीटर की दूरी पर ऐसी ही एक और व्यवस्था की गई है जिसमें छह कतार हैं। इस वर्ष आगंतुकों की अधिक संख्या की संभावना को देखते हुए अतिरिक्त बैरिकेडिंग की गई है।

### राज्य सरकार ने दिए अधिकारियों को निर्देश

**सीकर** जिले के खाटू श्याम मंदिर में हाल में हुए हादसे को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने रामदेवरा मेले की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। खाटू श्याम मंदिर हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई थी।

### नशे में वाहन दौड़ाते मिले तो खैर नहीं

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने पैदल चलने वालों की सुरक्षा को लेकर 15 अगस्त को बैठक की और अधिकारियों को शराब पीकर गाड़ी चलाने और तेज वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

### इस बार लगेगा 638वां मेला

**इतिहासकारों** के अनुसार तंवर राजपूत, लोकदेवता रामदेव ने रूणिचा गांव में 33 साल की उम्र में 1459 ई. में समाधि ली थी। उन्हें भगवान कृष्ण का अवतार माना जाता था और हिंदू, मुस्लिम, जैन और सिख उनके अनुयाई हैं। इस बार लगने वाला यह 638वां मेला है।

### सरकार की अपील पर सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागरिकों ने राज्य सरकार की अपील पर बुधवार को सरकारी तथा निजी संस्थानों में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। महाराष्ट्र सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाने की अपील की थी।

राज्य सरकार ने लोगों से बुधवार को सुबह 11 बजे से 11 बजकर एक मिनट के बीच राष्ट्रगान गाने की अपील की थी। राज्य सरकार के सभी विभागों, विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों के लिए इसमें भाग लेना अनिवार्य था, जबकि नागरिकों से भी इसमें भाग लेने की अपील की गई। सरकार की अपील पर सुबह 11 बजे राज्यभर के स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी और निजी कार्यालयों तथा अन्य प्रतिष्ठानों में सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया गया।

# मानसून सत्र शुरू होने से पहले विपक्ष ने शिंदे सरकार के खिलाफ नारे लगाए

**एजेंसी।** मुंबई

**सरकार ने अधिक बारिश से फसल खोने वाले किसानों की दुर्दशा को किया नजरअंदाज**

**महाराष्ट्र** विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने से ठीक पहले बुधवार को विपक्षी दलों ने यहां विधान भवन की सीढ़ियों पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विपक्ष के नेता अजीत पवार के नेतृत्व में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों के नेताओं ने किसानों के मुद्दों पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। विधायक आदित्य ठाकरे सहित उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के कुछ सदस्यों ने भी नारेबाजी में हिस्सा लिया।

कुछ विपक्षी सदस्यों को तख्तियां पकड़े हुए देखा गया, जिन पर शिंदे-फडणवीस नीत सरकार की वैधता पर सवाल उठाए गए थे। दक्षिण मुंबई में राज्य विधान सभा परिसर की सीढ़ियों पर प्रदर्शन कर रहे विपक्षी दल के एक नेता ने कहा, इस सरकार ने उन किसानों की दुर्दशा को नजरअंदाज कर दिया है, जिन्होंने अधिक बारिश के कारण अपनी फसल खो दी थी। सरकार की वैधता भी संदेह के घेरे में है जिस पर कानूनी रूप से बहस की जा रही है। बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू हुआ मानसून सत्र 25 अगस्त को समाप्त होगा। विपक्ष शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार को निशाना बनाते हुए इसके असंवैधानिक होने का दावा कर रहा है। अजित पवार इससे पहले कह चुके हैं, जिस तरह से सरकार सत्ता में आई है, यह हमारा सर्वसम्मत विचार है कि शिंदे नीत सरकार निर्धारित संवैधानिक नियमों के मुताबिक नहीं बनी है।

इससे जुड़ी याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय का फैसला लंबित है। अन्य बातों के अलावा, विपक्ष ने जुलाई और अगस्त में अधिक वर्षा के कारण 15 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि की फसलों को हुए नुकसान का हवाला देते हुए राज्य सरकार से बाढ़ की स्थिति घोषित करने की मांग की है।

## अन्नाद्रमुक मामला पर अदालत से यथास्थिति बनाए रखने को कहा

**एजेंसी।** चेन्नई

**आम परिषद के पलानी स्वामी को अंतरिम महासचिव बनाने की बैठक को अवैध बताया**

**मद्रास** उच्च न्यायालय ने अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) की 11 जुलाई को हुई आम परिषद की बैठक से संबंधित मामले में पार्टी के अंतरिम महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी को झटका देते हुए 23 जून की यथास्थिति बनाए रखने का बुधवार को आदेश दिया।

तमिलनाडु के मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक की आम परिषद की 11 जुलाई को हुई बैठक में ओ पनीरसेल्वम एवं उनके कुछ सहयोगियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था और पलानीस्वामी को अंतरिम महासचिव बनाया गया था। न्यायमूर्ति जी जयचंद्रन द्वारा बुधवार को पारित आदेश में आम परिषद की 11 जुलाई की बैठक को अवैध घोषित किया गया। न्यायमूर्ति जयचंद्रन ने कहा कि समन्वयक और संयुक्त समन्वयक अकेले ही आम परिषद की बैठक बुलाएंगे। उन्होंने बैठक आयोजित करने के लिए एक पर्यवेक्षक के नामांकन का भी सुझाव दिया। अदालत ने ओ पनीरसेल्वम और आम परिषद के सदस्य वैरामुथु द्वारा दायर दीवानी मुकदमों पर बुधवार को आदेश पारित किया।

# भारत ने रूस से तेल खरीद पर अपने रुख का कभी बचाव नहीं किया: जयशंकर

**एजेंसी।** बैंकॉक

**भारत-थाईलैंड संयुक्त आयोग की नौवीं बैठक में पहुंचे विदेश मंत्री**

**रूस से कम दाम पर तेल खरीदने के फैसले का बचाव किया**



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि रूस से तेल खरीदने के भारत के फैसले की अमेरिका और दुनिया के अन्य देश भले ही सराहना न करें, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार कर लिया है, क्योंकि नई दिल्ली ने अपने रुख का कभी बचाव नहीं किया, बल्कि उन्हें यह एहसास कराया कि तेल एवं गैस की अनुचित रूप से अधिक कीमतों के बीच सरकार का अपने लोगों के प्रति क्या दायित्व है।

जयशंकर भारत-थाईलैंड संयुक्त आयोग की नौवीं बैठक में भाग लेने के लिए मंगलवार को यहां पहुंचे और उन्होंने एक समारोह में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की। जयशंकर ने भारतीय समुदाय के साथ मुलाकात के दौरान यूक्रेन एवं रूस के मध्य जारी युद्ध के बीच, रूस से कम दाम पर तेल खरीदने के भारत के फैसले का बचाव किया और कहा कि भारत के कई आपूर्तिकर्ताओं ने अब यूरोप को आपूर्ति करना शुरू कर दिया है, जो रूस से कम तेल खरीद रहा है। उन्होंने कहा कि तेल की कीमत अनुचित रूप से अधिक हैं और यही हाल गैस की कीमत का है। उन्होंने कहा कि एशिया के कई पारंपरिक आपूर्तिकर्ता अब यूरोप को आपूर्ति कर रहे हैं, क्योंकि यूरोप रूस से कम तेल खरीद रहा है। जयशंकर ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, स्थिति ऐसी है कि हर देश अपने नागरिकों के लिए सर्वश्रेष्ठ सौदा करने की कोशिश करेगा, ताकि वह इन उच्च कीमतों का असर झेल सके और हम यही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत रक्षात्मक तरीके से ऐसा नहीं कर रहा है। जयशंकर ने कहा, हम अपने हितों को लेकर बहुत खुले एवं ईमानदार रहे हैं। मेरे देश में प्रति व्यक्ति आय दो हजार डॉलर है। वे लोग ऊर्जा की अत्यधिक कीमत को वहन नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना उनका दायित्व एवं नैतिक कर्तव्य है कि भारत को सर्वश्रेष्ठ सौदा मिले।

### अमेरिका के साथ भारत के संबंधों पर हाल की स्थिति को लेकर खुलकर बोले

**रूस** से तेल खरीदने के कारण अमेरिका के साथ भारत के संबंधों पर पड़ने वाले असर के बारे में पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि न केवल अमेरिका बल्कि अमेरिका समेत सभी जानते हैं कि हमारी क्या स्थिति है और वे इस बारे में अब आगे बढ़ चुके हैं। उन्होंने कहा, जब आप खुलकर और ईमानदारी से अपनी बात रखते हैं, तो लोग उसे स्वीकार कर लेते हैं। जयशंकर ने कहा, वे हमेशा संभवत: उसकी सराहना नहीं करेंगे, लेकिन जब आप बात करते हैं और चालाकी करने की कोशिश नहीं करते, जब आप बिल्कुल सीधे तरीके से अपने हित सामने रखते हैं तो मुझे लगता है कि दुनिया वास्तविकता को काफी हद तक स्वीकार कर लेती हैं।

# सीयूईटीः आसान प्रश्न पत्र से छात्रों के खिले चेहरे

## सेक्टर-64 स्थित एनटीए सेंटर को परीक्षा केंद्र में दो पालियों में हुआ पेपर

● नोएडा में कुल 5400 छात्रों ने परीक्षा दी



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**केंद्रीय** विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) बुधवार को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। सेक्टर-64 स्थित एनटीए सेंटर को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। यहां दो पालियों में परीक्षा हुई। इस दौरान किसी भी विद्यार्थी को प्रश्न पत्र हल करते समय किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा।

परीक्षा संपन्न होने के बाद केंद्र से बाहर निकलने छात्रों के चेहरे खिले हुए थे। दोनों पालियों में केंद्र में करीब 5400 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। अब 22 अगस्त को परीक्षा होगी।

बुधवार को पहली पाली में परीक्षा सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक हुई और दूसरी पाली में दोपहर दो से पांच बजे के बीच संपन्न हुई। कुल 54 सौ छात्रों ने परीक्षा दी।

बिना परेशानी के पेपर पूरा होने पर छात्रों ने राहत की सांस ली। परीक्षा केंद्र पर छात्र और अभिभावकों की भीड़ को देखते हुए केंद्र पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मामूरा टी.प्वाइंट से अंदर को जाने वाली रोड के सभी यू.टर्न को बंद किया गया।

एनटीए सेंटर के दोनों तरफकी सड़कों पर भी आवाजाही बंद रही। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। परीक्षा को लेकर छात्रों की मिलीजुली प्रक्रिया रही। काफी छात्रों ने प्रश्न पत्र आसान बताया। बता दें कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के कॉलेजों में दाखिला पाने के लिए अब मेरिट प्रक्रिया को खत्म कर दिया गया है। एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर छात्रों को कॉलेजों में सीट मिलेगी। परीक्षा के लिए नोएडा में सेक्टर.64 एनटीए को केंद्र बनाया हुआ है। लेकिन बीते लगातार तीन बार से तकनीकी खराबी के चलते यह परीक्षा रद्द हो रही थी।

परीक्षा न होने के विरोध में दिल्ली, उत्तरप्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों व जिलों के छात्र हंगामा करते थे। सबसे पहले परीक्षा चार व पांच अगस्त को रद्द हुई। इसके बाद 12 अगस्त को भी परीक्षा को रद्द कर दिया गया था। सर्वर डाउन होने के बार परीक्षा रद्द करनी पड़ रही थी।

प्रबंधन छात्रों को परीक्षा के लिए प्रवेश दे रहा है, लेकिन बायोमेट्रिक और ऑनलाइन पेपर में दिक्कत आने के चलते परीक्षा को बीच में ही रोक दिया जात था। स्क्रीन बार-बार हैंग होने के कारण छात्र परेशान थे।

### स्कूलों की मनमानीः समिति गठित करेगा शिक्षा विभाग

**नोएडा।** आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा के अधिकार के तहत आरक्षित सीटों पर दाखिला देने में नोएडा के 20 नामी स्कूलों की मनमानी को देखते हुए शिक्षा विभाग उप-प्रभागीय न्यायाधीश (एसडीएम) की अध्यक्षता में तीन सदस्ईय समिति गठित करेगा। गौतम बुद्ध नगर की बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लेक्ष्मी ने बताया कि सूची में नाम आने के बाद भी 20 स्कूल दाखिला नहीं दे रहे हैं। इस वजह से यह जानकारी भी नहीं मिल पा रही है कि आरक्षित सीटों पर कितने छात्रों को दाखिला मिल पाया है।

उन्होंने बताया कि करीब तीन से चार हजार दाखिले हुए हैं। इसकी जांच के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की जाएगी। समिति दाखिले पर नजर रखेगी। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग अब तक 75 से ज्यादा स्कूलों को नोटिस जारी कर चुका है। ऐसा आरोप है कि शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत सूची में नाम आने के बाद भी स्कूल विद्यार्थियों का दाखिला नहीं कर रहे हैं। यहां तक कि वे शिक्षा विभाग के नोटिस को भी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। आरटीई के तहत स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए आरक्षित होती है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कुछ स्कूलों ने ही दाखिले के संबंध में जानकारी दी है। बाकी के स्कूल आनाकानी कर रहे हैं।

# ट्विन टावरः फायर एनओसी देने वाले तीन तत्कालीन एफएसओ के खिलाफ केस दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



सेक्टर-93 स्थित सुपरटेक एमराल्ड कोर्ट में हाउसिग भूखंड पर बने अवैध टावर एपेक्स और सियान के निर्माण के दौरान हुई लापरवाही की आंच फायर ब्रिगेड तक पहुंच गई है।

सुपरटेक लिमिटेड को आवंटित ग्रुप हाउसिग भूखंड पर बने दो अवैध टावर को फायर एनओसी देने के मामले में हुई जांच के बाद फायर अनापत्ति प्रमाणपत्र एनओसी देने वाले तीन तत्कालीन मुख्य अग्निशमन अधिकारी सीएफ ओ के खिलाफ शासन के आदेश पर एफआइआर दर्ज की गई है। कोतवाली फेज-2 में तत्कालीन मुख्य अग्निशमन अधिकारी महावीर सिंह, राजपाल त्यागी व आइएस सोनी को नामजद किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुपरटेक लिमिटेड को आवंटित ग्रुप हाउसिग भूखंड पर बने अवैध टावर संख्या टी-16 और टी-17 को ध्वस्त करने के आदेश दिए हैं। जल्द ही टावर को गिराने का काम होना है।

वहीं पूरे प्रकरण में सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर तत्कालीन अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आइआइडीसी संजीव मित्तल की अध्यक्षता में उत्तरदायित्व तय करने के लिए जांच कमेटी का गठन किया गया था। जांच के बाद कमेटी ने अपनी रिपोर्ट शासन को सौंप दी थी। कमेटी द्वारा की गई जांच में सामने आया है कि हाउसिग भूखंड संख्या.जीएच.4ए सेक्टर-93ए नोएडा का आवंटन और मानचित्र स्वीकृति वर्ष.2004 से 2012 के मध्य की है। इस पर मानचित्र स्वीकृति वर्ष 2005, 2006, 2009 और 2012 में दी गई थी। अवैध रूप से स्वीकृत मानचित्रों के आधार पर हुए निर्माण को अग्निशमन विभाग ने भी अपना अनापत्ति प्रमाणपत्र दे दिया था। बिना जांच पड़ताल के एनओसी जारी करने के बाद मामले में शासन के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया। फेज-दो कोतवाली प्रभारी परमहंस ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ आइपीसी की धारा 217 लोक सेवक द्वारा सजा से व्यक्ति को बचाने के इरादे से कानून की एक दिशा की अवहेलना और उत्तर प्रदेश अग्नि निवारण व अग्नि सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मोबाइल एप से लगेगी यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**स्मार्ट** सिटी की दिशा में तेजी से बढ़ रही औद्योगिक नगरी में जल्द ही यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी एप के माध्यम से लगाई जाएगी। यातायात पुलिस इसके एप डेवलपिग कंपनी का सहारा लिया जा रहा है।

डीसीपी ट्रैफिक गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि बाडी वार्न कैमरे और स्पीड रडार गन से लैस यातायात पुलिस तेजी से नवीनतम संसाधनों से लैस हो रही है। जल्द ही यातायात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी एप से लगाई जाएगी।

यातायात निरीक्षक, उपनिरीक्षक के साथ सिपाहियों के मोबाइल में ड्यूटी एप डाउनलोड कराया जाएगा। कौन कहां तैनात है, यह एप के जरिये ही पता चल जाएगा। एप में कर्मियों



की ड्यूटी स्थल का रूट चार्ट दिखाई देगा। इससे अधिकारी आसानी से मानिटरिंग कर सकेंगे। ड्यूटी से नदारद रहने वाले कर्मियों की जानकारी करने में एप कारगर होगा। एप की मदद से उनको भी पता चल जाएगा कि किस प्वाइंट पर और कब ड्यूटी करनी है।

# दोहरा हत्याकांड : चार लाख रुपये उधार लेने वाला मित्र गिरफ्तार

● सुभाष पार्क में सास और बहू की चाकू घोंप कर दी थी हत्या

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**पूर्वी** दिल्ली के सुभाष पार्क में दोहरे हत्याकांड के संबंध में 21-वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी पीड़ितों का पारिवारिक मित्र था।

सुभाष पार्क इलाके में दो महिलाओं विमला देवी (70) और उनकी बहू डॉली राय (45) की मंगलवार को उनके घर पर चाकू घोंप कर हत्या कर दी गई थी।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी हर्षित ने डॉली के बेटे शशांक से ब्याज पर करीब चार लाख रुपए उधार लिए थे। हर्षित पर जब पैसे वापस करने का दबाव आया तो उसने शशांक (25) और उसके भाई सार्थक (23) की अनुपस्थिति में दोनों महिलाओं की हत्या करने के बाद घर लूटने की योजना बनाई।

पुलिस उपायुक्त (पूर्वोत्तर) संजय कुमार सैन ने कहा कि घटना 13 अगस्त को हुई थी, जबकि दोनों महिलाओं के शव 16 अगस्त को शशांक और सार्थक को मिले। अधिकारी ने बताया कि हर्षित पूछताछ के दौरान लगातार अपना बयान बदलकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने बताया कि हमें पता चला कि हर्षित ने शशांक से ब्याज पर चार-पांच लाख रुपये उधार लिए थे और पैसे को किसी अन्य पार्टी को उच्च ब्याज दर पर उधार दिया था और वित्तीय संकट के कारण शशांक को पैसा वापस नहीं कर पा रहा था।

सैन ने बताया कि पूछताछ के दौरान, उसने कबूल किया कि अपराध को उसने ही अंजाम दिया था। उसने खुलासा किया कि वह बेरोजगार है और कर्ज में है। वह जानता था कि घर का मुख्य सीसीटीवी कैमरा काम नहीं कर रहा है। पुलिस ने शाहदरा इलाके में स्थित आरोपी के घर से चाकू और स्कूटी, लूटी गई नकदी और आभूषण बरामद किए।

### यमुना का जल स्तर फिर खतरे के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** पड़ोसी राज्यों में भारी बारिश के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यमुना नदी में जल स्तर खतरे के निशान 204.5 मीटर के पार चला गया। जब यमुना चेतावनी के स्तर के ऊपर बहती है तो बाढ़ की स्थिति या चेतावनी घोषित की जाती है।

इसी के साथ डूब क्षेत्र और बाढ़ संभावित इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाता है। इसी क्रम में एजेंसियों को निचले इलाकों में रह रहे करीब 7,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना पड़ा। जल स्तर सोमवार को खतरे के निशान से नीचे चला गया था और मंगलवार को शाम छह बजे 203.96 मीटर पर था। बाढ़ नियंत्रण कक्ष ने बताया कि पानी का स्तर फिर से बढ़ गया और मध्यरात्रि के आसपास यह खतरे के निशान को पार कर गया। बुधवार को सुबह सात बजे यह 204.89 मीटर पर था। केंद्रीय जल आयोग द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार, नदी का जल स्तर रात नौ बजे तक 205.25 मीटर तक बढ़ने तथा उसके बाद स्थिर रहने की संभावना है।

# बकाया भुगतान न करने वाले आवंटियों पर कार्रवाई जल्द

● प्राधिकरण को करनी है 2500 करोड़ की वसूली

पायनियर समाचारा सेवा। नोएडा



यमुना प्राधिकरण अतिरिक्त मुआवजा व अंतर राशि का भुगतान न करने वाले आवंटियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करेगा। प्राधिकरण की 24 अगस्त को होने जा रही बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। प्राधिकरण ने आवंटियों को 15 अगस्त तक अतिरिक्त मुआवजा राशि एवं अंतर राशि के भुगतान के लिए नोटिस जारी किया था, पर आवंटियों ने राशि का भुगतान नहीं किया।

सुप्रीम कोर्ट ने यमुना प्राधिकरण की विशेष याचिका पर फैसला सुनाते हुए इलाहाबाद हाइकोर्ट के आदेश को रद कर दिया था। आवंटियों को 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त मुआवजा राशि वसूलने की स्वीकृति दी थी।

कोर्ट के फैसले के बाद यमुना प्राधिकरण ने जुलाई में आवंटियों को नोटिस जारी कर एक माह में अतिरिक्त मुआवजा राशि जमा कराने के निर्देश दिए थे। नोटिस की अवधि 15 अगस्त को समाप्त हो चुकी है, लेकिन आवंटियों ने अतिरिक्त मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया है। इससे प्राधिकरण के सामने किसानों को अतिरिक्त मुआवजा राशि के वितरण की समस्या आ रही है।

मुआवजा लिए बगैर किसान अपनी जमीन पर प्राधिकरण को कब्जा देने के लिए तैयार नहीं हैं। परियोजनाओं में विलंब हो रहा है। प्राधिकरण को आवंटियों से करीब 2500 करोड़ रुपये वसूलने हैं। इसके अलावा अंतर राशि का भुगतान न करने पर संस्थागत श्रेणी के 13 आवंटियों पर भी कार्रवाई होगी। प्राधिकरण ने सेक्टर 17 में 13 भूखंड आवंटित किए थे।

यह भूखंड तय दर से 1041 रुपये प्रति वर्गमीटर कम पर आवंटित कर दिए गए थे। प्राधिकरण ने अंतर राशि जमा कराने के लिए नोटिस देकर 15 अगस्त तक का समय दिया था। सीईओ डा अरुणवीर सिंह ने बताया कि बोर्ड की स्वीकृति के बाद अतिरिक्त मुआवजा व अंतर राशि का भुगतान न करने वाले आवंटियों पर कार्रवाई होगी।

### गृहकर के बड़े बकायेदारों को नोटिस भेजने की तैयारी

**गाजियाबाद।** नगर निगम बड़े बकायेदारों पर शिकंजा कसेगा। इसके लिए जोनवार बकायेदारों की सूची तैयार कराई जा रही है, जो करदाता लंबे समय से टैक्स जमा नहीं कर रहे जिन पर पांच लाख से ज्यादा का हाउस टैक्स है उन सभी को नोटिस जारी होंगे। इसके बाद सीवर-पानी के कनेक्शन काटे जाएंगे। कविनगर, मोहननगर, वसुंधरा, सिटी और विजयनगर जोन की तरफ से वसूली के लिए नए करदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने सभी जोनल प्रभारियों को राजस्व बढ़ाने के लिए कहा है। जोनल प्रभारी बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी कर रहे हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डा. संजीव सिन्हा ने बताया जो लोग कई साल से बकाया जमा नहीं कर रहे।

### अग्निशमन सेवा के गाड़ी से कुचलकर महिला की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के राज पार्क इलाके में बुधवार सुबह दिल्ली अग्निशमन सेवा के ट्रक की चपेट में आने से 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई। उसने बताया कि रामवती नामक यह महिला मंगोलपुरी में रहती थी और मुंडका में एक कारखाने में काम करती थी। रामवती जब काम के लिए मुंडका जा रही थी, तब हादसा हुआ।

पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने बताया कि राज पार्क थाने में सुबह साढ़े नौ बजे सूचना आई कि रामवती ट्रक के नीचे आ गई है। संबंधित ट्रक मंगोलपुरी फेज टू के दमकल केंद्र का है और उसके चालक की पहचान प्रदीप के रूप में हुई है। यह वाहन आग संबंधी एक घटना की सूचना पर प्रेम नगर इलाके में गया था।

# दिल्ली में रोंहिग्याओं को बसाने कोशिशः आप

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



भाजपा की केंद्र सरकार ने दिल्ली में रोंहिग्याओं को बसाने की घोषणा की है। इसका विरोध करते हुए आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट कर दिया है कि राष्ट्रीय राजधानी में रोंहिग्याओं को बसने नहीं देंगे।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार में मंत्री हरदीप पुरी ने ऐलान किया है कि मोदी सरकार, रोहिंग्याओं को ईडब्ल्यूएस फ्लैट देकर बसाएगी और सभी सुविधाओं सहित 24 घंटे पुलिस सुरक्षा देगी। यह पूरे देश और दिल्ली वासियों की सुरक्षा के साथ खतरा है। हम दिल्लीवासी तो कम से कम इनको यहां पर नहीं बसने देंगे। सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक तरफ कहते हैं कि देश के लोगों की मुफ्त शिक्षा-स्वास्थ्य के लिए पैसे नहीं हैं।

दूसरी तरफ करोड़ों रुपये रोहिंग्याओं पर खर्च करने का ऐलान किया है। केंद्र सरकार के पास अपने देश के लोगों को सुरक्षा देने के लिए कुछ नहीं है।

### मुफ्त राशन, पानी, बिजली देते हैं केजरीवाल : भाजपा

**नई दिल्ली।** रोहिंग्या बांग्लादेशियों के मुद्दे पर भाजपा और आम आदमी पार्टी आमने-सामने आ गए हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि रोहिंग्या-बांग्लादेशियों के साथ कौन रहता है और कौन उनको बचाने की अब तक बातें करता आ रहा है, वह पूरी दिल्ली देख चुकी है। जब अवैध तरीके से रह रहे रोहिंग्या-बांग्लादेशियों के अतिक्रमण पर जब बुल्डोजर चलाया गया तो आम आदमी पार्टी के विधायक उनके रहनुमा बनकर आ गए और बुल्डोजर के सामने लेटने से भी परहेज नहीं किया।

# गौतमबुद्ध नगर में डेंगू के दो मरीजों की पुष्टि

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में डेंगू के दो मरीजों की पुष्टि हुई है और उनकी स्थिति सामान्य है। सहायक जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति ने बताया कि जनपद के धूम मानिकपुर गांव में एक तथा ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में एक मरीज की पुष्टि हुई है। दोनों मरीजों की जांच गाजियाबाद के एक अस्पताल में हुई है।

मलेरिया विभाग ने मरीजों के घर के आसपास 50 घरों का निरीक्षण कर दवा का छिड़काव कराया है। ऐसी खबर है कि निजी अस्पतालों में डेंगू के 12 से ज्यादा मरीजों का इलाज चल रहा है। हालांकि, निजी अस्पतालों की ओर से स्वास्थ्य विभाग को इसकी जानकारी नहीं दी गई है। सहायक जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि इस मौसम के पहले दो डेंगू के मरीजों की पुष्टि हुई है। विभागीय टीम नियमित रूप से घरों में जाकर निरीक्षण कर रही है।

# बच्चों ने कैनवास पर भरे आजादी के रंग



**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाशाली बच्चों ने कैनवास पर आजादी के रंग भर कर आजादी के अमृत महोत्सव को साकार किया। वसुंधरा स्थित बिभर्ते एनजीओ के स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर इंदिरापुरम गुरुद्वारा प्रमुख व ऑक्सीजन मैन गुरप्रीत सिंह रम्मी ने बच्चों को पुरस्कृत का उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में मोहन सिंह, अनुपम कुमारी, गौरव कुमार, प्रीति सिंह, बंदिता, सचिन कुमार, मीनू शर्मा, दीपांशु पटवाल, निशा, कृपा शंकर, ऋषभ श्रीवास्तव, पिंकी, हिमांशु शेखर, मुकेश वर्मा, शेर बहादुर सिंह, भूपिंदर, दीपिका का विशेष सहयोग रहा।

# राजधानी में अपने घर का सपना होगा पूरा

## डीडीए सितंबर में प्रतीक्षा सूची में शामिल आवदेकों के लिए निकालेगा मिनी ड्रॉ

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**दिल्ली** विकास प्राधिकरण द्वारा दिसंबर, 2021 में जारी आवासीय योजना की प्रतीक्षा सूची वाले आवेदकों के लिए अच्छी खबर है।

डीडीए के अधिकारियों ने कहा कि सितंबर में द्वारका, नरेला, रोहिणी और जसोला में फ्लैटों के लिए अपनी विशेष आवासीय योजना 2021 के प्रतीक्षा सूची वाले आवेदकों के लिए मिनी ड्रॉ की योजना बना रहा है।

प्राधिकरण ने पिछले साल दिसंबर में 18,000 से अधिक फ्लैटों के साथ नई स्पेशल हाउसिंग स्कीम शुरू की थी। सभी यूनिट्स को पुरानी इन्वेंट्री से तैयार किया गया था दिल्ली विकास प्राधिकरण ने मंगलवार को जारी एक नोटिस में कहा कि प्रतीक्षा सूची में शामिल आवेदक पंजीकरण शुल्क जमा करा दें। ऑनलाइन माध्यम से इसका भुगतान किया जा सकता है तथा अन्य किसी माध्यम से भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। डीडीए ने 18 अप्रैल को आवेदकों के लिए अपनी विशेष आवासीय योजना 2021 के लिए ड्रॉ निकाले थे।

उसने शुरुआत में इस योजना के तहत 28 इलाकों में 18,335 फ्लैट आंवटन के लिए रखे थे। इसके जवाब में केवल 12,387 आवेदकों ने आवश्यक पंजीकरण शुल्क जमा कराया जबकि 22,100 लोगों ने पंजीकरण कराया था।

डीडीए ने शुरू में योजना के तहत 28 इलाकों में स्थित 18,335 फ्लैटों को रखा था। इसके मुकाबले केवल 12,387 आवेदकों ने जरूरी पंजीकरण शुल्क जमा किया था। हालांकि लगभग 22,100 ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया।

# 'जन शिकायतों का निपटारा गुणवत्ता के साथ करें'

● मंडलायुक्त ने सभी जिलाधिकारियों को दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**आईजीआरएस** पोर्टल पर आने वाली जन शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ किया जा रहा, या फि र खानापूर्ति की जा रही है, यह जानने के लिए मंडल के सभी जिलों के जिलाधिकारी निस्तारित शिकायतों में से 5 से 10 फ ीसदी शिकायतों का रैंडम परीक्षण करेंगे।

अगर किसी शिकायत का खानापूर्ति करने के लिए निस्तारित किया गया है तो उससे संबंधित अधिकारी व कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंडलायुक्त ने सभी जिलों के जिलाधिकारियों को प्राधिकरणों के साथ मिलकर भूमि संबंधित प्रकरणों का निपटारा करने के निर्देश दिए। मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने बुधवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलों के जिलाधिकारियों को प्राधिकरणों के साथ मिलकर भूमि से जुड़े प्रकरणों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, बुलंदशहर, बागपत व मेरठ जिले के जिलाधिकारियों की मौजूदगी में हुई इस समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सुरक्षा के सभी मानकों को शीघ्र अपनाने की जरूरत है। अगर कहीं डिवाइडर सही से नहीं बने हैं तो उन्हें हटाकर मानकों के अनुरूप स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं।


हाइवे पर खराब होने वाले वाहनों को तत्काल हटाने की सुविधा होनी चाहिए। मंडलायुक्त ने सभी जिलों के स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जरूरत पड़ने पर बीमार बच्चों को नोएडा के चाइल्ड पीजीआई के लिए ही रेफ र करें। मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कोविड.19 की मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। कोरोना के जांच पर फोकस करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में न रहने वाले और मरीजों के इलाज में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### गोशाला के गोवंशों के लिए अलग कलर कोड अपनाया

**गोवंशों** के देखरेख कार्यों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने कहा कि गोशाला के गोवंशों के लिए अलग कलर कोड अपनाया जाए, जिससे कि पता चल सके कि ये गोशाला की गायें हैं। चारे की व्यवस्था के लिए सरकारी चरागाह पर खेती कराने के निर्देश दिए। लावारिश मवेशियों को नियंत्रित करने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए।

# प्रेग्नेंसी में लिवर डिसऑर्डर का भ्रूण को खतरा

**द लांसेट नामक पत्रिका में प्रकाशित एक लेख में बताया गया है कि 605 गर्भवती महिलाओं को इंट्राहेप्टिक कोलेस्टेसिस ऑफ प्रेग्नेंसी जो कि एक लिवर डिसऑर्डर है, अक्सर प्रेग्नेंसी के दौरान कई महिलाओं को इसका सामना करना पड़ रहा है।**



**युर्सोडोक्सीकॉलिक एसिड का प्रभाव गर्भावस्था के परिणाम जैसे, प्रीटर्म बर्थ, नवजात इकाई प्रवेश और स्टिलबर्थ नहीं हो रहा है।**

**एक** अध्ययन में पाया गया कि वर्तमान समय में जो उपचार प्रेग्नेंसी लिवर डिसआर्डर के लिए हो रहा है, इसका प्रेग्नेंसी पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इसके बुरे प्रभाव के वजह से प्रीटर्म बर्थ और स्टिलबर्थ के जोखिमों का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए इस पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

द लांसेट नामक पत्रिका में प्रकाशित एक लेख में बताया गया है कि 605 गर्भवती महिलाओं को इंट्राहेप्टिक कोलेस्टेसिस ऑफ प्रेग्नेंसी जो कि एक लिवर डिसऑर्डर है, अक्सर प्रेग्नेंसी के दौरान कई महिलाओं को इसका सामना करना पड़ रहा है। इसके उपचार के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं में आधी मात्रा युर्सोडोक्सीकॉलिक एसिड या उर्सो और कुछ मात्रा प्लेसबो का उपयोग होता है। शोधकर्ताओं ने महिलाओं के खून की जांचों और नमूनों को इकट्ठा करके, उनके खुजली के स्तर को मापा और जन्म से संबंधित कई जानकारियों को उस लेख में बताया है। लेखकों ने कहा कि युर्सोडोक्सीकॉलिक एसिड का प्रभाव गर्भावस्था के परिणाम जैसे, प्रीटर्म बर्थ, नवजात इकाई प्रवेश और स्टिलबर्थ नहीं हो रहा है। लेख में यह भी बताया गया है कि अधिकांश महिलाओं में इसका खुजली में भी सकारात्मक प्रभाव नहीं दिख रहा है और न ही इससे महिला के पित्त का स्तर कम होने में मदद मिल रहा है।

इंट्राहेप्टिक कोलेस्टेसिस ऑफ प्रेगनेंसी, इस समस्या से यूनाइटेड किंगडम में प्रत्येक वर्ष लगभग 5,500 गर्भवती महिला प्रभावित होती हैं। इस परिस्थिति के कारण खून में पित्त एसिड का निर्माण होने लगता है, और जिसके कारण अक्सर खुजली जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। खून में पित्त एसिड बढ़ने के वजह से स्टिलबर्थ, प्रीटर्म बर्थ और नवजात इकाई प्रवेश के जोखिमों को बढ़ा सकती है। अब तक युर्सोडोक्सीकॉलिक एसिड का किसी भी बड़े नैदानिक परीक्षण में परीक्षण नहीं किया गया है, जिससे यह पता चल सके कि ये समय से पहले जन्म और प्रसव को रोकता है या नहीं। अध्ययन के प्रमुख लेखक, प्रोफेसर लुसी चैपल का कहना है कि हमलोग गर्भावस्था के कोलेस्टेसिस से पीड़ित महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और प्रभावी उपचार ढूंढना चाहते हैं, ताकि हम प्रीटर्म बर्थ और स्टिलबर्थ को रोक सकें। इस परीक्षण से पता चला है कि व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली दवा युर्सोडोक्सीकॉलिक एसिड का कोई प्रभाव नहीं हो रहा है। इन निष्कर्षों के बारे में गर्भवती महिलाओं और चिकित्सकों को जानना और समझना बहुत जरूरी है ताकि गर्भावस्था में इस प्रकार के दवाओं के सेवन से बच सकें।

इस अध्ययन में शामिल एक शोधकर्ता जेनी चेम्बर्स का कहना है कि यह परीक्षण स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि युर्सोडोक्सीकॉलिक एसिड का अधिकांश महिलाओं पड़ कोई प्रभाव नहीं हो रहा है। इसके सेवन से शारीरिक स्वस्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि अब हमें तत्काल ऐसे दवा की जरूरत है जो आईसीपी की समस्या जैसे खुजली और स्टिलबर्थ दोनों के जोखिमों को कम कर सकती है इसके लिए पूरी तरह से कोशिश की जा रही है। वैज्ञानिक अब इस लिवर डिसआर्डर वाले महिलाओं के लिए अन्य संभावित उपचारों की खोच कर रहे हैं। क्लिनिकल ड्रग ट्रायल जो 2020 की शुरुआत में शुरू होगा, जिसमें राइफैम्पिसिन का उपयोग किया जाएगा। ये एक एंटीबायोटिक है जो गर्भावस्था के दौरान खुजली के लिए एक प्रभावी उपचार है और रक्तप्रवाह से पित्त एसिड को हटाने में मदद भी करता है।

अध्ययन के सह-अन्वेषक प्रोफेसर कैथरीन विलियमसन ने कहा कि अब यह स्पष्ट है कि युर्सोडोक्सीकॉलिक एसिड का नियमित इस्तेमाल आईसीपी से पीड़ित महिलाओं के इलाज करने के लिए नहीं किया जा सकता है। हमारे भविष्य के अनुसंधान इस पर फोकस करने की कोशिश करेगा कि क्या अभी भी ऐसी महिलाओं का एक उपसमूह है जिनको इस दवा से फायदे हो सकते हैं, और आईसीपी से पीड़ित महिलाओं के इलाज करने के लिए नई दवाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

# मेमोरी पावर बढ़ाने के लिए जरूरी हैं ये पांच पोषक तत्व

**मस्तिष्क** शरीर के सबसे महत्वपूर्ण भागों में से एक है, जो आमतौर पर 24 घंटे काम करता है। मस्तिष्क का मुख्य कार्य सूचनाओं का प्रोसेस करना, चीजों को याद रखना, निर्णय लेना और शरीर के सभी हिस्सों से संदेश प्राप्त करना है और फिर उसी के अनुसार काम करना है। मस्तिष्क के कामकाज को सुनिश्चित करने के लिए, हमें इसे अच्छी मात्रा में पोषण प्रदान करने की जरूरत होती है। इस प्रकार, यह आवश्यक है कि हमें स्वस्थ भोजन करना चाहिए। पुरे दिन की थकान के बाद, जिस तरह से हम एक अच्छी नींद चाहते हैं, उसी प्रकार हमें पोषक तत्वों की भी आवश्यकता होती है। आइए जानते हैं कि मस्तिष्क को स्वस्थ रहने के लिए किन पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है।

## विटामिन ई

विटामिन ई एक शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट है, जो मस्तिष्क के डीएचए को मुक्त कणों से बचाने में मदद करता है। यह हमारी स्मृति और भाषा के विकास के लिए आवश्यक है। इसके लिए बादाम, मूंगफली का सेवन अवश्य करना चाहिए। ब्रोकोली, पालक, सूरजमुखी तेल, कद्दू आदि।

## ओमेगा 3 फैटी एसिड

ओमेगा 3 फैटी एसिड अच्छे वसा हैं। ये एसिड व्यक्ति के संज्ञानात्मक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं और मस्तिष्क को बूढ़ा होने से भी रोकते हैं। इस प्रकार व्यक्ति को नारियल तेल, मूंगफली का तेल, जैतून का तेल, बादाम, अखरोट, पिस्ता आदि खाना चाहिए।



## फ्लेवोनोइड्स

फ्लेवोनोइड्स एंटीऑक्सिडेंट हैं, जो अधिकांश फलों और सब्जियों में पाए जाते हैं। वे मस्तिष्क में सही संबंध बनाने और मस्तिष्क की उम्र बढ़ने से रोकने में न्यूरॉन्स की मदद करते हैं। जामुन, हरी सब्जियां, एवोकाडो, काले अंगूर, कॉफी, चॉकलेट, रेड वाइन आदि का सेवन करना चाहिए।


## कैरोटीन

कैरोटीन एक अच्छा एंटीऑक्सीडेंट है, जो दिल से संबंधित बीमारियों को कम करने में मदद करता है और कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। कैरोटीन का सेवन मस्तिष्क को सुचारू रूप से कामकाज करने में मदद करता है। सेब, ब्लूबेरी, लाल प्याज, मिर्च, कोको पाउडर आदि खाना चाहिए।

## प्रोटीन

हमारा शरीर प्रोटीन को अमीनो एसिड में परिवर्तित करता है। एक एमिनो एसिड न्यूरोट्रांसमीटर की तरह मस्तिष्क रसायनों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। न्यूरोट्रांसमीटर हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं और हमें ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं। वे मूड, cravings, नींद आदि को विनियमित करने में मदद करते हैं। ये सभी मस्तिष्क के स्वास्थ्य के लिए सबसे आवश्यक पोषक तत्व हैं। व्यक्ति को उचित अनुपात में इनका सेवन करने का प्रयास करना चाहिए।

# हीमोग्लोबिन में कमी और वृद्धि बढ़ाती है डिमेंशिया का खतरा



**हीमोग्लोबिन एंड एनीमिया इन रिलेशन टू डिमेंशिया रिस्क एंड एकम्पेयिंग चेंजेस ऑन ब्रेन एमआरआई शीर्षक वाले अध्ययन में खुलासा हुआ है कि हीमोग्लोबिन का कम और बढ़ा हुआ स्तर भविष्य में डिमेंशिया के खतरे को बढ़ा देता है।**

**ही**मोग्लोबिन एंड एनीमिया इन रिलेशन टू डिमेंशिया रिस्क एंड एकम्पेयिंग चेंजेस ऑन ब्रेन एमआरआई शीर्षक वाले अध्ययन में खुलासा हुआ है कि हीमोग्लोबिन का कम और बढ़ा हुआ स्तर भविष्य में डिमेंशिया के खतरे को बढ़ा देता है। एक नए अध्ययन में खुलासा हुआ है कि हीमोग्लोबिन का कम और बढ़ा हुआ स्तर भविष्य में डिमेंशिया के खतरे को बढ़ा देता है। हीमोग्लोबिन एंड एनीमिया इन रिलेशन टू डिमेंशिया रिस्क एंड एकम्पेयिंग चेंजेस ऑन ब्रेन एमआरआई शीर्षक वाला ये अध्ययन 31 जुलाई 2019 को प्रकाशित हुआ था।

इस अध्ययन में 12,305 लोग शामिल हुए, जिनकी औसत उम्र 65 साल थी और ये लोग डिमेंशिया के शिकार नहीं थे। कुल मिलाकर अध्ययन के 6 फीसदी यानी की 745 लोगों में एनीमिया पाया गया। शोधकर्ताओं ने औसतन 12 वर्ष तक अध्ययन में शामिल लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी। इस दौरान 1,520 लोगों में डिमेंशिया विकसित हुआ। इसके अलावा इनमें से 1,194 को अल्जाइमर जैसी बीमारी का भी सामना करना पड़ा। अध्ययन के मुताबिक वे लोग, जो एनीमिया के शिकार थे उनमें अल्जाइमर के 41 फीसदी और डिमेंशिया का खतरा 34 ऊीसदी तक बढ़ जाता है, विशेषकर उनके मुकाबले जिनमें एनीमिया नहीं था। एनीमिया से ग्रस्त 745 लोगों में से 128 में डिमेंशिया विकसित हुआ।

अध्ययन के मुताबिक, इसी तरह वे व्यक्ति, जिनमें हीमोग्लोबिन का स्तर अधिक पाया गया उनमें डिमेंशिया विकसित होने की संभावना अधिक थी। अध्ययन में शामिल प्रतिभागियों को उनके हीमोग्लोबिन स्तर के आधार पर पांच समूहों में विभाजित किया गया। सामान्य हीमोग्लोबिन समूह की तुलना में जिन लोगों में हीमोग्लोबिन स्तर अधिक था उनमें डिमेंशिया विकसित होने का खतरा 20 फीसदी अधिक था। जिन लोगों का हीमोग्लोबिन स्तर कम था उनमें डिमेंशिया होने का खतरा 29 फीसदी कम था। बेंगलुरू के डॉक्टरों का कहना है कि भारत सहित विकासशील देशों में ये निष्कर्ष एक खतरे की घंटी का संकेत है।

प्रोफेसर पी.टी. शिवकुमार का कहना है कि जन स्वास्थ्य महत्व के संदर्भ में, एनीमिया के साथ संबंध हमारी सेटिंग के लिए अधिक प्रासंगिक है क्योंकि यह बुजुर्गों और विशेष रूप से गरीब सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाले लोगों में बहुत आम है। अध्ययन ने एनीमिया के पहले ज्ञात संबंध और अधिक कठोर कार्यप्रणाली के साथ डिमेंशिया के खतरे की पुष्टि की गई है।

उन्होंने कहा, पिछले अध्ययनों में जो संबंध दिखाया गया उसमें इस संभावना को खारिज नहीं किया गया कि यह याददाश्त में कमी और डिमेंशिया के शुरुआती चरण पोषण संबंधी हानि के कारण हो सकते है। यह अध्ययन जोखिम को कम करने के लिए एनीमिया की जांच और उपचार की आवश्यकता पर जोर देता है क्योंकि यह एक संभावित परिवर्तनीय जोखिम कारक है। हीमोग्लोबिन के उच्च स्तर के डिमेंशिया के साथ जुड़े होने पर उन्होंने कहा, ऐसा संभव है क्योंकि उच्च हीमोग्लोबिन स्तर रक्त प्रवाह और ऊतकों में ऑक्सीजन की आपूर्ति को प्रभावित कर सकता है। हालांकि, इसके लिए और मूल्यांकन की आवश्यकता है।

# खराब मूड़ को तुरंत अच्छा करती है डार्क चॉकलेट

## चिंता, तनाव और डिप्रेशन से मिलेगा छुटकारा

**चा**कलेट खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है या नुकसानदायक, ये काफी समय से बहस का विषय है। चॉकलेट्स दुनियाभर में खाई जाती हैं इसलिए इसके फायदे-नुकसानों पर आए दिन शोध होते रहते हैं। हाल में हुए एक शोध में ये पता चला है कि डार्क चॉकलेट खाने से आपका तनाव, चिंता और डिप्रेशन काफी हद तक कम हो सकता है। दरअसल, चॉकलेट आपके मूड को प्रभावित करती हैं, जिससे इसे खाने के बाद आप अच्छा महसूस करने लगते हैं। लेकिन सामान्य चॉकलेट्स की तुलना में डार्क चॉकलेट्स सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होती हैं।



### डिप्रेशन से 30 करोड़ लोग प्रभावित

डिप्रेशन यानी अवसाद एक गंभीर मानसिक समस्या है, जिसमें व्यक्ति का तनाव इस स्तर तक बढ़ जाता है कि वो उसकी रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने लगता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में 30 करोड़ से भी ज्यादा लोग डिप्रेशन का शिकार हैं। आमतौर पर लोग चिंता, तनाव और अवसाद में फर्क नहीं कर पाते हैं। चिंता हम सभी करते हैं- करियर में आगे बढ़ने की चिंता, पैसों, घर-परिवार और रिश्तों की चिंता आदि सामान्य हैं। मगर कई बार व्यक्ति के चिंता का स्तर इतना ज्यादा बढ़ जाता है कि वो निराश हो जाता है। अवसाद आत्महत्या की प्रवृत्ति को भी बढ़ावा देता है। इसलिए इससे बचाव बहुत जरूरी है।

### 13 हजार लोगों पर शोध

ये शोध लंदन ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया जर्नल में छापा गया है। खास बात यह है कि व्यक्ति के डिप्रेशन और तनाव पर चॉकलेट्स के असर के बारे में ये पहला शोध है। इस रिसर्च के लिए शोधकर्ताओं ने यूएस नैशनल हेल्थ एंड न्यूट्रीशन एग्जामिनेशन सर्वे के द्वारा 13,626 लोगों से डाटा इकट्ठा किया। इन सभी लोगों को एक खास मेडिकल प्रश्नावली दी गई, जिसमें इनसे इनकी चॉकलेट खाने की आदत और डिप्रेशन से जुड़े कुछ सवालों के जवाब लिए गए।

### सामान्य चॉकलेट से ज्यादा फायदेमंद है डार्क चॉकलेट

पिछले सालों में सामान्य चॉकलेट और डार्क चॉकलेट पर कई शोध किए जा चुके हैं। ये सभी शोध बताते हैं कि सामान्य चॉकलेट की तुलना में डार्क चॉकलेट का सेवन सेहत के लिए ज्यादा फायदेमंद होता है। इस शोध में भी 25 प्रतिशत ऐसे लोगों को शामिल किया गया था, जो सामान्य चॉकलेट का सेवन करते रहे थे। शोध के बाद पाया गया कि सामान्य चॉकलेट्स का सेवन करने वालों में भी तनाव और डिप्रेशन के लक्षण उन लोगों के मुकाबले कम थे, जिन्होंने चॉकलेट्स नहीं खाई थीं।

### एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर डार्क चॉकलेट

डार्क चॉकलेट्स में ढेर सारे मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। इसमें आयरन, मैग्नीशियम, कॉपर, मैंग्नीज, पोटैशियम, फास्फोरस, जिंक और सेलेनियम अच्छी मात्रा में होता है। इसके अलावा इसमें कई महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं।

# च्यूइंगम चबाने से बढ़ सकता है वजन

**शोध** में सामने आया है कि च्यूइंगम चबाने से लोग मोटे हो सकते हैं, क्योंकि इसका मिंटयुक्त स्वाद मीठे खाद्य पदार्थों को और स्वादिष्ट बना देता है और मन करता है, बस खाए जाओ, खाए जाओ। जरूरत से ज्यादा खाना भी मोटापे की वजह है।

इंग्लैंड के समाचार पत्र क्वडेली मेलक्व की रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों ने इस अध्ययन के दौरान पाया कि जिन लोगों को च्यूइंगम चबाने के लिए दिया गया, उन्होंने उच्च कैलोरी युक्त मीठे खाद्य पदार्थों का सेवन ज्यादा किया। इस अध्ययन के सह लेखक एवं ओहियो विश्वविद्यालय में पोषण में शोध छात्र क्रिस्टाइन स्वोबोडा ने वेबसाइट लाइवसाइंस डॉट काम को दिए साक्षात्कार में कहा, 'इसके पीछे वही रासायनिक प्रतिक्रिया काम करती है, जिसके कारण ब्रश करने के बाद आपको संतरे के जूस का स्वाद खराब लगने लगता है।' उन्होंने कहा, 'हमारी रुचि यह पता लगाने में भी है कि क्या यह वजन कम करने में भी सहायक हो सकता है।'

## दांत की सड़न

**शुगरयुक्त** चुइंगम चबाने से दांतों से जुड़ी शिकायत हो सकती है। इसकी वजह से आपको दांतों में सड़न, कैविटी और मसूड़ों से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। चुइंगम में मौजूद चीनी दांतों को कोट करता है, जिसकी वजह से धीरे-धीरे दांतों के इनेमल को नुकसान पहुंच सकता है। अगर आप चुइंगम चबाने के तुरंत बाद दांतों की सफाई नहीं करते हैं, तो इससे आपके दांत प्रभावित हो सकते हैं।

## इरिटेबल बाउल सिंड्रोम

**आईबीएस** एक गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल डिजीज है, जिसकी वजह से पेट में ऐंठन, पेट दर्द और पाचन से जुड़ी अन्य समस्याएं होने लगती हैं। अगर आप काफी ज्यादा चुइंगम चबाते हैं, तो आपको आईबीएस की परेशानी हो सकती है। इसकी वजह से आंतों में सूजन और पेट दर्द की समस्या हो सकती है।



# जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले वनडे में सभी की नजरें राहुल पर

## ऑपरेशन की वजह से राहुल ने दो माह बाद की वापसी

**जिम्बाब्वे ने हाल ही में बांग्लादेश की टीम को मात दी है**



एजेंसी। हरारे

**जिम्बाब्वे** के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से पहले भारतीय कप्तान केएल राहुल के फॉर्म और फिटनेस पर सभी की नजरें होंगी। टी20 प्रारूप में भारत के शीर्ष क्रम का अभिन्न अंग माने जाने वाले राहुल इस श्रृंखला में अपनी चिर-परिचित लय हासिल करने की पूरी कोशिश में होंगे। खेल हर्निया के आपरेशन के कारण राहुल दो महीने बाद टीम में लौटे हैं। उनके सामने चुनौती टी20 टीम में सलामी बल्लेबाज की भूमिका बरकरार रखने और पहली गेंद से आक्रामक बल्लेबाजी की होगी।

कोच राहुल द्रविड़ और नियमित कप्तान रोहित शर्मा की नजरें सिर्फ राहुल के रनों पर ही नहीं होगी बल्कि वे यह भी देखना चाहेंगे कि रन किस तरह से बने हैं। भारतीय टीम को एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ 28 अगस्त को पहला मैच खेलना है। हरारे स्पोटर्स क्लब पर जिम्बाब्वे ने 300 और 290 रन से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए हाल ही में बांग्लादेश को हराया है। ऐसे में राहुल, शिखर धवन, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा और संजू सैमसन बड़ी पारियां खेलने की कोशिश में होंगे। भारत के पास मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, दीपक चाहर और कुलदीप यादव जैसे गेंदबाज जबकि शार्दुल टाकुर और अक्षर पटेल जैसे हरफनमौला भी हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश को हराने के बाद जिम्बाब्वे की कोशिश भारत जैसी मजबूत टीम को कड़ी चुनौती देने की होगी। मेजबान को सिकंदर रजा, रेजिस चकाबवा और इनोसेंट केइया से बल्लेबाजी में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। एक जमाना था जब जिम्बाब्वे के पास फ्लावर बंधु (ग्रांट और एंडी), हीथ स्ट्रीक, नील जानसंस, मरे गुडविंस और हेनरी ओलोंगा जैसे खिलाड़ी थे।

पिछले दो दशक में देश की तरह जिम्बाब्वे क्रिकेट की दशा भी बेहाल रही है और इसका असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा। भारतीय टीम का जिम्बाब्वे दौरा आम तौर पर मेजबान बोर्ड की आर्थिक स्थिति सुधारने की दिशा में भारत का प्रयास माना जाता रहा है। इन तीन मैचों के टीवी और डिजिटल अधिकारों से जिम्बाब्वे क्रिकेट की खासी कमाई हो जाएगी।

### बेंच स्ट्रेंथ आजमाने का मौका

क्रिकेट की बात करें तो चयनकर्ताओं को बेंच स्ट्रेंथ को आजमाने का मौका मिलेगा जो 2023 में 50 ओवरों का विश्व कप खेल सकते हैं। भारत के पास इस समय इतने प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं कि तीनों प्रारूपों में भारत तीन अलग-अलग टीमें उतार सकता है। छह महीने बाद टीम में लौटे दीपक चाहर और धीरे धीरे लय हासिल कर रहे कुलदीप पर चयनकर्ताओं की निगाहें होंगी। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले राहुल त्रिपाठी के पास भी भारतीय टीम के लिए खेलते हुए उस लय को दोहराने का मौका है।

### दोनों टीम इस प्रकार हैं

**भारत :** केएल राहुल (कप्तान), शिखर धवन, रूतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी, ईशान किशन, संजू सैमसन, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, आवेश खान, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, दीपक चाहर, शाहबाज अहमद।

**जिम्बाब्वे :** रेजिस चकाबवा (कप्तान), रियान बर्ल, तनाका चिवांगा, ब्राडले इवांस, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट केइया, टी कैतानो, क्लाइव माडांडे, वेसली एम, टी मारूमानी, जान मसारा, टोनी मुनियोंगा, रिचर्ड एंगारावा, विक्टर एन, सिकंदर रजा, मिल्टन शुम्बा, डोनाल्ड तिरिपानो।

मैच का समय : दोपहर 12:45 से।

# नौ अक्टूबर से पहले होंगे हॉकी इंडिया के चुनाव

## वर्ल्ड कप को खतरा नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली

**अगले** साल होने वाले मेंस वर्ल्ड कप की मेजबानी को लेकर अनिश्चितता पर लगभग विराम लगाते हुए इंटरनेशनल हॉकी फेडरेशन (एफआईएच) और प्रशासकों की समिति ने हॉकी इंडिया के चुनाव नौ अक्टूबर से पहले कराने और संशोधित संविधान का अंतिम मसौदा अगले दस दिन में जमा करने पर सहमति जताई है। एफआईएच के प्रतिनिधिमंडल ने सीओए, खेल मंत्रालय और विश्व कप की मेजबान ओडिशा सरकार के आला अधिकारियों से मुलाकात को सार्थक बताया। एफआईएच दल में कार्यवाहक अध्यक्ष सैफ अहमद और सीईओ थियरी वील शामिल थे।

बैठक के बाद एफआईएच ने यहां जारी बयान में कहा, बैठक में एफआईएच द्वारा रखे गए दो अहम मसलों पर सीओए ने जवाब दिया। पहला हॉकी इंडिया के संशोधित संविधान का पहला मसौदा एफआईएच को सौंपा गया। इसके साथ ही अंतिम मसौदा अगले दस दिन में जमा किया जाएगा। इसमें आगे कहा गया, इसके साथ ही हॉकी इंडिया के चुनाव नौ अक्टूबर 2022 से पहले कराने का फैसला आपसी सहमति से किया गया। हॉकी इंडिया के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को लेकर अहमद ने कहा, हम अदालत को तीसरा पक्ष नहीं मानते और हम न्यायपालिका का सम्मान करते हैं। हमारा मानना है कि अदालत का फैसला दखल नहीं है। सीओए सदस्य अनिल दवे ने कहा, एफआईएच दल से बातचीत बेहद सकारात्मक रही। खेल की भावना और खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखकर भारत में हॉकी के सुचारू संचालन के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम उठाने पर सहमति बनी।



### अगले साल इन तारीखों पर खेला जाना है हॉकी वर्ल्ड कप

इससे पहले कल एफआईएच दल ने खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी से भी मुलाकात की थी। वहीं ओडिशा के खेल सचिव सह आयुक्त विनील कृष्णा ने एफआईएच दल को भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले 2023 मेंस हॉकी वर्ल्ड कप की तैयारियों से अवगत कराया। एफआईएच और सीओए दल सात सितंबर को भुवनेश्वर और राउरकेला का दौरा करेगा जिसके एक दिन बाद भुवनेश्वर में वर्ल्ड कप का आधिकारिक ड्रॉ निकाला जाएगा। वर्ल्ड कप 13 से 29 जनवरी 2023 के बीच खेला जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा सरकार ने राष्ट्रमंडल पदक विजेताओं को दिए पुरस्कार

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार और सरकारी नौकरियों से सम्मानित किया। स्वर्ण पदक विजेताओं को डेढ करोड़ रुपये, रजत पदक जीतने वालों को 75 लाख और कांस्य पदक विजेताओं को 50 लाख रुपये दिए गए। चौथे स्थान पर रहने वालों को 15 लाख और इन खेलों में भाग लेने वालों को 7.50 लाख रुपये दिए गए। हरियाणा के 29 खिलाड़ियों ने बर्मिंघम खेलों में पदक जीते। इन्हें कुल 25.80 करोड़ रुपये प्रदान किए गए जिसके साथ नियुक्ति पत्र भी सौंपा गया। इस साल हरियाणा से 42 खिलाड़ियों ने राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लिया। कांस्य पदक जीतने वाली महिला हॉकी टीम के नौ सदस्य हरियाणा की थी। कप्तान सविता पूनिया भी हरियाणा के सिरसा से है।

### क्रिप्टो कप : प्रज्ञानानंदा ने गिरी को हराकर दूसरी जीत दर्ज की

**मियामी।** भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने एफटीएक्स क्रिप्टो कप में शानदार प्रदर्शन बरकरार रखते हुए दूसरे दौर में नीदरलैंड के अनीश गिरी को 2-5, 1-5 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले प्रज्ञानानंदा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त जूनियर अलीरजा फिरोजा को हराया था। 17 साल के भारतीय खिलाड़ी ने चौथे और आखिरी गेम में अहम जीत दर्ज की और गिरी की यह लगातार दूसरी हार थी। हाल ही में महाबलीपुरम में हुए शतरंज ओलंपियाड में कांस्य पदक जीतने वाली भारत बी टीम के अहम सदस्य प्रज्ञानानंदा ने चौथे गेम में 81 चालों में जीत दर्ज की जबकि पहले तीन गेम ड्रॉ रहे थे। प्रज्ञानानंदा और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन अब छह अंक लेकर शीर्ष पर हैं। कार्लसन ने हैंस नीमैन को 3-1 से मात दी। अब प्रज्ञानानंदा का सामना कार्लसन से होगा।

### नाकामी बर्दाश्त नहीं कर पाते थे शास्त्री : कार्तिक

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री खिलाड़ियों को खास उपलब्धियां अर्जित करने के लिए प्रेरित करते थे, लेकिन नाकामी बर्दाश्त नहीं कर पाते थे। शास्त्री और कोहली का कार्यकाल भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा रहा, लेकिन अक्सर दोनों की खराब दौर से जूझ रहे खिलाडड़ियों के साथ खड़े नहीं होने के लिए आलोचना होती रही है।कार्तिक ने क्रिकबज के कार्यक्रम समर स्टेलमेट में कहा, उन्हें (शास्त्री को) ऐसे लोग पसंद नहीं थे जो एक निश्चित तेजी से बल्लेबाजी नहीं कर पाते थे या नेट पर कुछ और करते थे और मैच में कुछ और। उन्होंने कहा, वह इसे पसंद नहीं करते थे। उन्हें पता था कि टीम से क्या चाहिए और टीम को कैसे खेलना है। वह नाकामी बर्दाश्त नहीं कर पाते थे। वह हमेशा सभी को अच्छा खेलने के लिए प्रेरित करते थे। सैतीस वर्ष के कार्तिक ने कहा कि वह रोहित शर्मा और राहुल द्रविड़ के इस दौर में अधिक सुकून महसूस कर रहे हैं।

### ब्राजील-अर्जेंटीना विश्व कप क्वालीफायर रद्द करने पर राजी फीफा

**साओ पाउलो।** ब्राजील और अर्जेंटीना के बीच विश्व कप का निलंबित क्वालीफाइंग मैच अब नहीं होगा। दोनों देशों के फुटबॉल संघ ने मैच रद्द करने का समझौता फीफा के साथ होने के बाद यह ऐलान किया। दोनों टीमें क्वालीफायर नहीं खेलने के लिए जुर्माना भरने पर राजी हो गई। सितंबर में यह मैच शुरू होने के कुछ मिनट बाद ही रोकना पड़ा था जब ब्राजील के स्वास्थ्य अधिकारी यह कहकर मैदान में आ गए थे कि अर्जेंटीना के चार खिलाड़ियों ने कोरोना प्रोटोकॉल तोड़ा है। फीफा यह मैच अगले महीने कराना चाहता था, लेकिन ब्राजील और अर्जेंटीना दोनों कतर में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं तो यह मैच औपचारिकता मात्र रह गया था। खिलाड़ियों की चोटों और निलंबन की आशंका को देखते हुए दोनों टीमों के कोचों ने यह मैच नहीं कराने पर सहमति जताई।

### मस्क नई डील का ऐलान कर पीछे हटे, बोले मजाक था

**मुंबई।** दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति और इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क का एक और लापरवाही वाला बयान आया है। पहले उन्होंने 36 हजार करोड़ की मार्केट वैल्यू वाला फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड खरीदने का ऐलान ट्विटर पर किया। यूजर्स ने जब उनसे इस पर सवाल किए तो वह अपनी बात से पलट गए और बोले, मैं मजाक कर रहा था। जिस ट्विटर पर उन्होंने यह मजाक किया, उसे खरीदने की डील करके भी वह कैंसिल कर चुके हैं। फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड और ट्विटर डील के अलावा पहले भी एलन मस्क अपने गैरजिम्मेदार ट्वीट के लिए चर्चित रहे हैं। इससे पहले उन्होंने मजाकिया लहजे में उन्होंने राजनीतिक पार्टी से अपना जुड़ाव बताते हुए लिखा था, यह बहुत ही स्पष्ट है कि मैं आधा रिपब्लिकन पार्टी का समर्थन करता हूं और आधा डेमोक्रेटिक पार्टी का। मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब अमेरिकी ग्लेजर परिवार के पास है। इसे ग्लेजर परिवार ने 2005 में 7,577 करोड़ रुपये में खरीदा था। मस्क के मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब खरीदने के पोस्ट पर ग्लेजर परिवार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। फोर्ब्स के मुताबिक मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब की मार्केट वैल्यू करीब 36 हजार करोड़ रुपये है। मैनचेस्टर यूनाइटेड दुनिया की सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल क्लबों में से एक है।

# राडुकानू से हारी सेरेना, अब अमेरिकी ओपन खेलेगी

एजेसी। मेसन



**टेनिस** को अलविदा कहने के इरादे जाहिर करने के बाद सेरेना विलियम्स वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन के पहले ही दौर में अमेरिकी ओपन चैम्पियन एम्मा राडुकानू से हार गई और पहले दौर में यह उनकी लगातार दूसरी हार है।

अमेरिकी धुरंधर 40 वर्ष की सेरेना को राडुकानू ने 6-4, 6-0 से हराया। 23 बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सेरेना ने पिछले सप्ताह वॉग मैगजीन में और अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा था कि उनके कैरियर का अंत निकट है। उन्होंने हालांकि यह नहीं बताया था कि क्या 29 अगस्त से शुरू हो रहा अमेरिकी ओपन उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। पिछले सप्ताह वह टोरंटो में बेलिंडा बेंचिच से सीधे सेटों में हार गई थी। पुरुषों के ड्रॉ में शीर्ष रैंकिंग वाले दानिल मेदवेदेव ने बोटिच वान डे जेंडशलुप को 6-4, 7-5 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। वहीं निक किर्गियोस ने अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 7-5, 6-4 से मात दी। इससे पहले चार बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन नाओमी ओसाका को शुआइ झांग ने 6-4, 7-5 से हराया। कैरोलिना प्लिसकोवा ने वीनस विलियम्स को 7-5, 6-1 से मात दी, जबकि बेंचिच को सोराना क्रिस्टी ने 6-2, 6-7, 6-4 से शिकस्त दी।

# न्यायालय ने एआईएफएफ मामले की सुनवाई टाली

## केंद्र ने कहा फीफा से बातचीत जारी

**सभी पक्ष मामले का हल निकालने को प्रयास कर रहे हैं**



एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) मामले की सुनवाई 22 अगस्त तक टाल दी है चूंकि केंद्र ने कहा है कि भारत में अंडर 17 महिला विश्व कप कराने को लेकर फीफा से बातचीत जारी है।

न्यायालय ने केंद्र से विश्व कप भारत में कराने और एआईएफएफ का निलंबन हटाने के लिए जरूरी उपाय करने के लिए भी कहा। न्यायमूर्ति डी वाय चंद्रचूड, एएस बोपन्ना और जेबी परीदवाला की पीठ को सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि सरकार और प्रशासकों की समिति ने फीफा के साथ दो बैठकें की हैं और भारत में अंडर 17 महिला विश्व कप कराने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने मामले की सुनवाई 22 अगस्त तक स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा ताकि एआईएफएफ के सक्रिय पक्षों के बीच सहमति बन सके। मेहता ने कहा कि न्यायालय के यह कहने से काफी मदद मिलेगी कि सभी पक्ष मामले का हल निकालने का प्रयास कर रहे हैं।

पीठ ने कहा कि अंडर 17 बच्चों के लिए यह बड़ा टूर्नामेंट है और उसे इसी से सरोकार है कि टूर्नामेंट भारत में हो। पीठ ने कहा कि कोई बाहरी इसमें दखल देगा तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पीठ ने केंद्र से इस मसले पर सक्रिय भूमिका निभाने और एआईएफएफ का निलंबन हटाने में मदद के लिए कहा।

भारत को करारा झटका देते हुए विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संचालन संस्था फीफा ने मंगलवार को तीसरे पक्ष द्वारा गैर जरूरी दखल का हवाला देकर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को निलंबित कर दिया और उससे अक्टूबर में होने वाले अंडर-17 महिला विश्व कप के मेजबानी अधिकार छीन लिए।

### भारत को 11 से 30 अक्टूबर के बीच प्रतियोगिता की मेजबानी करनी थी

**भारत** को 11 से 30 अक्टूबर के बीच फीफा प्रतियोगिता की मेजबानी करनी थी। यह पिछले 85 साल के इतिहास में पहला अवसर है जबकि फीफा ने एआईएफएफ पर प्रतिबंध लगाया। फीफा ने कहा था कि निलंबन तुरंत प्रभाव से लागू होगा। न्यायालय ने दिसंबर 2020 से चुनाव नहीं करवाने के कारण 18 मई को प्रफुल्ल पटेल को एआईएफएफ के अध्यक्ष पद से हटा दिया था और एआईएफएफ के संचालन के लिए उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एआर दवे की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय प्रशासकों की समिति (सीओए) का गठन किया था।

# पाकिस्तान ने नीदरलैंड को पहले वनडे में 16 रन से हराया

एजेंसी। रोटरडम



**पाकिस्तान** ने धीमी शुरुआत से उबरते हुए पहले एक दिवसीय क्रिकेट मैच में नीदरलैंड को 16 रन से हरा दिया। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया और चार ओवर में तीन ही रन बन सके।

छह ओवर के बाद स्कोर एक विकेट पर 10 रन था जब विवियन किंग्मा ने इमामुल हक (दो) को पगबाधा आउट किया। सलामी बल्लेबाज फखर जमां ने 109 गेंद में 109 रन बनाकर टीम को संकट से निकाला। उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और एक छक्का लगाया। जमां और कप्तान बाबर आजम ने दूसरे विकेट के लिए 168 रन की साझेदारी की।

# स्थगित पैरा एशियाई खेल अगले साल 22 से 28 अक्टूबर तक


एजेंसी।नई दिल्ली

**चीन** में कोविड-19 महामारी से जुड़ी चिंताओं के कारण स्थगित हुए पैरा एशियाई खेलों का आयोजन अगले साल हांगझू में 22 से 28 अक्टूबर तक किया जाएगा। आयोजकों ने बुधवार को यह घोषणा की।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन इस साल हांगझू मे नौ से 15 अक्टूबर तक होना था लेकिन चीन में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण मई में इसे निलंबित कर दिया गया। एशियाई पैरालंपिक समिति (एपीसी) और हांगझू एशियाई पैरा खेल आयोजन समिति (एचएपीजीओसी) ने बयान में कहा, हांगझू में चौथे एशियाई पैरा खेल जो मूल कार्यक्रम के अनुसार इस साल होने थे, अब 22 से 28 अक्टूबर 2023 तक होंगे। बयान में कहा गया, एचएपीजीओसी, चीन की राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति, एपीसी और अन्य हितधारकों के बीच चर्चा के बाद नई तारीखों पर फैसला किया गया। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने जलाई में एशियाई खेलों की नई तारीखों की घोषणा की थी।

# विश्व चैम्पियनशिप से पहले दहिया के रूस में अभ्यास को मंत्रालय की मंजूरी

एजेंसी। नई दिल्ली



**खेल** मंत्रालय अगले महीने सर्बिया में होने वाली विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के लिए ओलंपिक रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया की रूस में तैयारी का खर्च उठाएगा।

मंत्रालय ने टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के तहत दहिया की रूस के ब्लादिकावकाज में तैयारी को मंजूरी दी है। तोक्यो ओलंपिक में 57 किलोवर्ग में रजत पदक विजेता दहिया आज रात रवाना होंगे। उनके साथ कोच अरूण कुमार, अभ्यास साझेदार साहिल और फिजियो मुनीश कुमार भी जाएंगे। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार उनकी यात्रा, वीजा, रहने का खर्च टॉप्स के तहत वहन किया जाएगा।

यह शिविर 29 दिन चलेगा और उसके बाद दहिया सर्बिया के बेलग्रेड में विश्व चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। बर्मिंघम में हाल ही में हुए राष्ट्रमंडल खेलों से पहले भी दहिया ने बुल्गारिया में विशेष अभ्यास शिविर में भाग लिया था और बुल्गारिया, तुर्की और मंगोलिया में प्रतियोगिताओं में खेले थे।

# अगले चक्र में 38 टेस्ट, 39 वनडे और 61 टी20 खेलेगा भारत

## पाकिस्तान से कोई श्रृंखला नहीं

**टीम एफटीपी के तहत अगले पांच साल में 38 द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी**



एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** पुरुष टीम आईसीसी के भावी दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के तहत अगले पांच साल में यानी मई 2023 से अप्रैल 2027 के बीच 138 द्विपक्षीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। भारतीय टीम पांच साल में 38 टेस्ट, 39 वनडे और 61 टी20 मैच खेलेगी। इसमें पाकिस्तान के खिलाफ कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली जाएगी।

इस दौरान 12 सदस्य देश 777 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेंगे, जिनमें 173 टेस्ट, 281 वनडे और 323 टी20 मैच शामिल है। मौजूदा सत्र में टीमों ने 694 मैच खेले हैं। इस चक्र में आईसीसी की दो पुरुष टेस्ट चैम्पियनशिप, आईसीसी टूर्नामेंट और द्विपक्षीय और तीन देशों की श्रृंखलाएं शामिल हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी चार मैचों की बजाय पांच मैचों की हो गई है। भारतीय टीम इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया दोनों के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी।

भारत को जुलाई अगस्त 2023 में वेस्टइंडीज दौरे पर दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू श्रृंखला जनवरी से मार्च 2024 के बीच होगी। आस्ट्रेलियाई टीम पूर्व चक्र के कार्यक्रम के तहत अगले साल की शुरुआत में भारत में चार टेस्ट खेलेगी।

# 30 हजार पेंशन के दम पर जीवन गुजार रहे विनोद कांबली

## कांबली इन दिनों बेरोजगार हैं, फूटी स्क्रीन वाले फोन से चला रहे काम

एजेंसी। नई दिल्ली



**क्रिकेट** जगत में अपनी अलग ही पहंचना रखने वाले दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के जिगरी दोस्त विनोद कांबली की आर्थिक हालत बेहद खराब है। वे बेरोजगार भी हैं और इन दिनों काम की तलाश कर रहे हैं। वे बीसीसीआई की 30 हजार रुपये की पेंशन के दम पर ही जीवन यापन कर रहे हैं।

कांबली ने अपने स्कूल के दिनों में सचिन तेंदुलकर के साथ रिकॉर्ड 664 रनों की साझेदारी कर क्रिकेट जगत में सनसनी मचा दी थी। 34 साल पहले की इस रिकॉर्ड साझेदारी में विनोद कांबली ने 349 रन और सचिन तेंदुलकर ने नाबाद 326 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, कांबली ने अपने शुरुआती सात मैच में ही 793 रन बनाए थे। कांबली की मौजूदा स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे मैदान पर कोई भी काम करने को तैयार हैं। अपने लुक और स्टाइल के लिए मशहूर रहे कांबली सफेद दाढ़ी में नजर आए। उनके गले में न तो गोल्ड चेन है और न ही हाथ में ब्रेसलेट और घड़ी। यहां तक कि उनके मोबाइल फोन की भी स्क्रीन भी टूट चुकी है। उन्होंने कहा कि मैं एक रिटायर क्रिकेटर हूं और पूरी तरह से बीसीसीआई की पेंशन पर निर्भर हूं। मेरी आय सिर्फ पेंशन से ही है। मैं बीसीसीआई का आभारी हूं। मुझे असाइनमेंट चाहिए। ताकि मैं युवा क्रिकेटरों की मदद कर सकूं। मुंबई ने अमोल मजूमदार को मुख्य कोच बनाए रखा है और अगर उन्हें मेरी जरूरत है तो मैं वहां हूं।

### कई प्रोफेशन में हाथ आजमा चुके हैं, लेकिन सफलता नहीं मिली

विनोद कांबली ने 2000 में आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला खेला था। उसके बाद से वे कई प्रोफेशन में हाथ आजमा चुके हैं, लेकिन उन्हें सफलता कहीं नहीं मिली। वे संजय दत्त के साथ कुछ फिल्मों में भी नजर आए। उन्होंने पल-पल दिल के साथ, आज का युगांधर और अनर्थ जैसी फिल्में की हैं। बाद में एड फिल्में भी कीं। आखिर में कोचिंग भी की। आखिरी बार वे 2019 में मुंबई टी-20 लीग में एक टीम की कोचिंग कर रहे थे। वे कहते हैं कि मैं मैदान पर कोई भी काम करने के लिए तैयार हूं।

### बोले, मैं सचिन से उम्मीद नहीं रखता

दिग्गज क्रिकेटरों की रूप में पहुंचान बनाने वाले कांबली आगे कहते हैं, मैं उनसे कुछ उम्मीद नहीं करता हूं। उन्होंने मुझे टीएमजीए (तेंदुलकर मिडलसेक्स ग्लोबल अकादमी) का कार्यभार दिया था। मैं काफी खुश था। वे मेरे बहुत अच्छे दोस्त रहे हैं। वे हमेशा मेरे साथ खड़े रहे।